CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, मंगलवार 2 दिसम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 3 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :23°C
न्यूनतम: 08°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 10 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मायावती ने शीतकालीन सत्र को लेकर जताई चिंता पेज 2



120 प्रतिशत तैयारी के साथ मैदान में उतरता हूं: विराट कोहली खेल टाइम्स



प्रदूषण में कैद होती हमारी पृथ्वी सम्पादकीय



हसीना को प्लॉट कब्जाने के मामले में 26 साल की सजा पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### नेशनल हेराल्ड केस: नई FIR पर सिंघवी ने सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में दर्ज की गई नई एफआईआर को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर हमला बोला है। सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता और सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि यह पूरा मामला कानून से सम्मत नहीं, बदले की राजनीति से प्रेरित है। श्री सिंघवी ने कहा कि सरकार उन विपक्षी आवाजों को निशाना बना रही है, जो सवाल पूछने की हिम्मत रखते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक अजीब स्थिति है। न कोई अपराध, न कोई कैश, न कोई ट्रेल। भाजपा अपनी कल्पना से केस बना रही है, यदि न्याय अंधा है, तो ईडी कलर ब्लाइंड है। उसे सिर्फ एक ही रंग दिखाई देता है, वह है विपक्ष का रंग। उन्होंने कहा कि यह ऐसा मामला है जिसमें न तो धन का लेन-देन हुआ है, न अचल संपत्ति का लेन-देन हुआ, और न ही कोई हेरफेर, फिर भी आयोग अपनी कल्पना में इसे मनी लॉन्ड्रिंग के नजरिए से देख रहा है।

### बंगाल में SIR के विरोध में बीएलओ का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 28 अक्टूबर से स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) की प्रक्रिया जारी है। इसके लिए बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) नियुक्त किए गए हैं। हालांकि कई राज्यों में बीएलओ के सुसाइड और मौत की खबरें भी आ रहीं हैं। उत्तर प्रदेश के सम्भल में सोमवार को सहायक बीएलओ की सोते-सोते मौत हो गई। इससे पहले 30 नवम्बर को मुरादाबाद में एसआईआर काम में लगे टीचर ने सुसाइड कर लिया था। राज्य में अब तक 8 कर्मचारियों की जान जा चुकी है। 3 ने सुसाइड, 3 की हार्ट अटैक से और एक की ब्रेन हेमरेज से मौत हुई थी। सात राज्यों में अब तक 29 बीएलओ की मौत हो चुकी है। सबसे ज्यादा मध्य प्रदेश में 9 बीएलओ की जान गई है। वहीं एसआईआर के विरोध में सोमवार को कोलकाता में पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के ऑफिस के बाहर बीएलओ अधिकार रक्षा कमेटी के सदस्यों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की।

### चक्रवाती तूफान दित्वाह कमजोर पड़ा

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई तट के करीब पहुंचने के बाद कमजोर होकर एक गहरे अवदाब में परिवर्तित चक्रवाती तूफान दित्वाह दोपहर तक और कमजोर होकर एक अवदाब में बदल जाएगा। मौसम विभाग ने शहर और उसके आसपास के जिलों में भारी बारिश का अनुमान जताया है। इस तूफान के चेन्नई और उत्तरी तमिलनाडु तट के करीब पहुंचने के साथ, शहर और उसके आसपास के जिलों में रविवार शाम से लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने कहा कि दक्षिण- प. बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तरी तमिलनाडु- पुड्डुचेरी तटों पर बना गहरा अवदाब (चक्रवाती तूफान दित्वाह का अवशेष) पिछले 6 घंटों के दौरान 10 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर की ओर बढ़ गया है।

# संसद को चुनावी हार-जीत की निराशा या अहंकार का अखाड़ा न बनने दें: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ संसद के शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले संसद भवन परिसर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बोले प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया है कि उन्हें चुनावी हार-जीत के परिणामों से बाहर निकलकर इसकी निराशा या अहंकार का अखाड़ा संसद को नहीं बनाना चाहिए और जनता की आकांक्षाओं तथा लोकतंत्र की मर्यादाओं के अनुरूप संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि संसद का महत्वपूर्ण शीतकालीन सत्र शांतिपूर्ण ढंग से चलेगा और सभी सदस्य देश की प्रगति के लिए तथा चुने हुए प्रतिनिधियों को अपनी अभिव्यक्ति का अवसर देने के लिए सदन को चलाने में अपना सहयोग करेंगे। श्री मोदी ने सोमवार को संसद के शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले संसद भवन परिसर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र तेज गति से आगे बढ़ रहा है और इसे और आगे बढ़ने की ऊर्जा देने का काम शीतकालीन सत्र करेगा, उन्हें ऐसा उन्हें विश्वास है। चुनावी हार जीत लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन संसदीय लोकतंत्र की मजबूती का दायित्व हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि निजी एजेंडे के लिए संसद की कार्यवाही बाधित नहीं होनी चाहिए। नए सांसदों को अपनी बात रखने का अवसर मिलना चाहिए और सदन के कार्यवाही बाधित कर उनके अवसर को छीना नहीं जाना चाहिए। इस नए सांसदों को अभिव्यक्ति का अवसर दीजिए अपनी निराशा और अपनी पराजय में सांसदों को बली मत बनने दिजिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के प्रति विश्वास मजबूत होता रहता है और ऐसा समय-समय पर कुछ न कुछ देखने को मिलता है। उन्होंने बिहार विधानसभा में हए भारी मतदान का जिक्र करते हुए कहा कि बिहार विधानसभा के चुनाव में मतदान जिस रिकॉर्ड के साथ हुआ वह लोकतंत्र में नया विश्वास पैदा करता है। बड़ी बात यह है कि चुनाव में माता बहने ज्यादा हिस्सा ले रही हैं। श्री मोदी ने कहा कि इस सत्र में यह पता चलना है कि संसद और संसद सदस्य देश के लिए क्या सोचते हैं। वे देश के लिए क्या करने वाले हैं और क्या कर रहे हैं।

### संसद सवालों के लिए ही बनी है: प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को सरकार से सवाल करते हुए कहा कि संसद सवालों के लिए ही नहीं बनी है, तो किस उद्देश्य से बनी हैं। सुश्री वाड्रा ने संवाददाताओं से कहा कि चुनाव का माहौल हो या सामान्य दिन एसआईआर और प्रदूषण जैसे गंभीर मुद्दे आज भी हमारे सामने खड़े हैं। इन पर गहरी बातचीत जरूरी है। उन्होंने जोर दिया कि संसद कोई तमाशे की जगह नहीं है। जन-समस्याओं को उठाना और उन पर चर्चा करना तमाशा नहीं कहलाता। असली तमाशा तो तब होता है, जब महत्वपूर्ण विषयों पर बहस ही न होने दी जाए।

# दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर केंद्र को सुप्रीम फटकार

## सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित एजेंसियों को भी फटकारा, किसानों को जिम्मेदार ठहराने पर आपत्ति जताई

■ कहा: कोविड में भी पराली जलाई, फिर भी साफ था आसमान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली-एनसीआर में बढ़ रहे वायु प्रदूषण पर केंद्र सरकार और संबंधित एजेंसियों को फटकार लगाई।

अदालत ने वायु प्रदूषण के लिए सिर्फ किसानों को जिम्मेदार ठहराने पर आपत्ति जताई। सुप्रीम कोर्ट ने एमसी मेहता की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि पराली जलाना नया नहीं है। 4-5 साल पहले कोविड और लॉकडाउन के दौरान भी पराली जलाई जा रही थी फिर भी आसमान साफ और नीला दिखाई देता था, अब क्यों नहीं? चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत और जस्टिस बागची की बेंच ने कहा कि पराली जलाने से जुड़ी बहस को राजनीतिक या अहंकार का मुद्दा नहीं बनना चाहिए। दिल्ली की जहरीली हवा के कई कारण हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बढ़ते एयर पॉल्यूशन के पीछे पराली जलाने के अलावा दूसरे कारणों का साइंटिफिक एनालिसिस भी किया जाना चाहिए। अगली सुनवाई 10 दिसम्बर को होगी। कोर्ट ने सीएआईक्यूएम की ओर से पेश हुई एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी -शेष पृष्ठ दो पर



### सीबीआई देशभर के डिजिटल अरेस्ट केस की जांच करे: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को देशभर से सामने आए डिजिटल अरेस्ट के मामलों की पैन इंडिया जांच की जिम्मेदारी सौंपी है। सोमवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों को डिजिटल अरेस्ट मामलों की जांच में सीबीआई की मदद करने के भी निर्देश दिए। सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि डिजिटल अरेस्ट तेजी से बढ़ता साइबर क्राइम है। इसमें ठग खुद को पुलिस, कोर्ट या सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर वीडियो/ऑडियो कॉल के जरिये पीड़ितों, खासकर सीनियर सिटिजन को धमकाते हैं।

### दिल्ली में यूरेनियम, सीसा और नाइट्रेट का स्तर खतरनाक स्तर पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के अलावा अब भूजल में बढ़ते यूरेनियम स्तर ने दिल्लीवासियों के माथे पर गंभीर स्वास्थ्य चिंता की लकीर खींच दी है। दिल्ली का भूजल एक गंभीर स्वास्थ्य संकट से जूझ रहा है, जहां भारी धातुओं का प्रदूषण देश में सबसे अधिक दर्ज किया गया है। केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) की हालिया वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार राजधानी के भूजल में यूरेनियम, सीसा, नाइट्रेट, फ्लोराइड और लवणता से जुड़े मानक खतरनाक स्तर पर पाए गए हैं, जिससे बोरवेल और हैंड पंप के पानी पर निर्भर लोगों के स्वास्थ्य के लिए यह गंभीर जोखिम हो सकता है।

# एनआईए की लखनऊ में छापेमारी डा. शाहीन के पिता व भाई से पूछताछ

शाह टाइम्स ब्यूरो





■ टीम ने डिजिटल सामग्री सहित अन्य संदिग्ध वस्तुओं को कब्जे में लिया

**लखनऊ।** दिल्ली के लालकिला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट के 20वें दिन सोमवार को लखनऊ में डा. शाहीन के घर एनआईए ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने शाहीन के पिता सहित भाइयों से भी पूछताछ की।

इस दौरान एनआईए की टीम ने डिजिटल सामग्री सहित अन्य संदिग्ध वस्तुओं को कब्जे में ले लिया। छापेमारी के वक्त टीम के साथ यूपी एटीएस भी मौजूद रही। एनआईए की टीमें सोमवार को कैसरबाग स्थित कंधारी बाजार में शाहीन के पिता के घर और मड़ियांव में भाई परवेज के आवास पर भी पहुंचीं। इससे पहले 11 नवम्बर को भी जम्मू-कश्मीर पुलिस और एटीएस ने वहीं छापेमारी की थी। सूत्रों के अनुसार, एनआईए अधिकारियों ने शाहीन के पिता सईद अंसारी और बड़े भाई परवेज से करीब दो घंटे तक पूछताछ की। टीम सुबह 9:30 बजे घर पहुंची और लगभग 11:42 बजे बाहर निकली। इस दौरान घर के हर हिस्से की बारीकी से जांच की गई। इस दौरान सुरक्षा-व्यवस्था को देखते हुए मोहल्ले की गली में पुलिस ने बैरिकेडिंग करके आवागमन लगभग रोक दिया था। जबकि अधिकारियों ने घर के भीतर जाकर कई कमरों की गहन तलाशी ली। शाहीन के पिता सईद अंसारी का कहना है कि उन्हें अब भी भरोसा नहीं होता कि उनकी बेटी किसी गैर-कानूनी गतिविधि में शामिल हो सकती है। दोबारा छापेमारी के बाद परिवार में तनाव और बढ़ गया है।

### एनआईए की कश्मीर में छापेमारी जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) दिल्ली लाल किला विस्फोट मामले में दक्षिण कश्मीर में तलाशी अभियान चला रही है।

एक सूत्र ने बताया कि शोपियां और कश्मीर के अन्य इलाकों में विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान जारी है, जिनमें डा. आदिल, डा. मुजफ्फर, डा. जसीफ और मौलवी इरफान के परिसर भी शामिल हैं। सूत्र ने बताया कि तलाशी अभियान सोमवार सुबह शुरू हुआ और पंद्रह से ज्यादा एनआईए टीमों को इसमें लगाया गया। लालकिला विस्फोट के सिलसिले में अब तक एनआईए ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। शुरुआत में दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज किया गया यह मामला बाद में गृह मंत्रालय द्वारा एनआईए को सौंप दिया गया था। एजेंसी ने पुष्टि की है कि आत्मघाती हमलावर डा. उमर नबी ने हमले में एक वाहन-जनित इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (वीबीआईईडी) का इस्तेमाल किया था। वह विस्फोटकों से भरी एक आई20 कार चला रहा था, जिसमें लालकिले के बाहर विस्फोट हुआ, जिसमें 13 लोग मारे गए और तीस से ज्यादा घायल हो गए।

# विमान ईंधन 5.5 प्रतिशत महंगा वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर सस्ता

■ दिल्ली में विमान ईंधन की कीमत 99,676.77 रुपये हुई

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने सोमवार से विमान ईंधन के दाम करीब 5.5 प्रतिशत बढ़ा दिए हैं, जबकि 19 किलोग्राम वाले रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की कीमत में कटौती की गई है।

देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में सोमवार से विमान ईंधन की कीमत 5133.75 रुपये (5.43 प्रतिशत) बढ़कर 99,676.77 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। इससे पहले नवम्बर में कीमत 0.83 प्रतिशत बढ़कर 94,543.02 रुपये प्रति किलोलीटर रही थी। अक्टूबर में भी इसकी कीमत तीन प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी थी।

# लोकसभा में विपक्ष का भारी हंगामा

■ सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्षी सदस्यों ने मतदाता सूची पुनरीक्षण तथा अन्य मुद्दों पर सोमवार को भारी हंगामा किया, जिसके कारण दो बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी।

पीठासीन अधिकारी कृष्णा प्रसाद तेनन्नेटी ने 2 बजे दो बार के स्थगन के बाद जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्षी सदस्य हंगामा करते हुए सदन के बीचों-बीच आ गए और नारे लगाते हुए शोरशराबा करने लगे। पीठासीन अधिकारी ने हंगामा के बीच सदन की कार्यवाही चलाने का प्रयास किया, लेकिन हंगामा बढ़ता गया और सदस्यों ने शांत होने के उनके आग्रह को अनसुना कर दिया। पीठासीन अधिकारी ने हंगामे के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को 'मणिपुर माल और सेवा का (दूसरा संशोधन) विधेयक 2025 पेश करने के लिए कहा। श्रीमती सीतारमण ने बताया कि इस विधेयक से मणिपुर में सेवा कर आसान हो जाएगा।

### विपक्ष का राज्यसभा से बहिर्गमन

**नई दिल्ली।** विपक्ष ने सोमवार को राज्यसभा में सभी विधाई कामकाज रोककर चुनाव सुधारों के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग की जिस पर सरकार की ओर से कोई ठोस आश्वासन नहीं मिलने पर विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। शीतकालीन सत्र के पहले दिन सभापति सीपी राधाकृष्णन के स्वागत सम्मान में विभिन्न दलों के नेताओं के वक्तव्यों के बाद विधाई दस्तावेज सदन के पटल पर रखे गए और दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई। श्री राधाकृष्णन ने इसके बाद विधाई कामकाज शुरू करते हुए कहा कि उन्हें नियम 267 के तहत विभिन्न विषयों पर नौ नोटिस मिले हैं, लेकिन ये सभी नियमों के अनुरूप नहीं हैं इसलिए इन्हें स्वीकार नहीं किया गया है।

### औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर घटी, अक्टूबर में वृद्धि मात्र 0.4% रही, 14 महीने का सबसे निचला स्तर

**नई दिल्ली।** बिजली उत्पादन और खनन में गिरावट के कारण अक्टूबर में देश के औद्योगिक उत्पादन में 0.4 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई जो 14 महीने का निचला स्तर है। अगस्त 2024 में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 4.45 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। इस साल सितम्बर में औद्योगिक उत्पादन 4.6 प्रतिशत और पिछले साल अक्टूबर में 3.7 प्रतिशत बढ़ा था। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वार सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि नवम्बर में बिजली उत्पादन 6.9 प्रतिशत घट गया। एक साल पहले इसमें दो प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। खनन में भी 1.8 प्रतिशत की गिरावट रही, जबकि पिछले साल 0.9 फीसदी की वृद्धि हुई थी। वहीं, विनिर्माण की वृद्धि दर एक साल पहले के 4.4 प्रतिशत से घटकर 1.8 प्रतिशत रह गई। पूरे वित्त वर्ष के दौरान अप्रैल से अक्टूबर के बीच औद्योगिक उत्पादन 2.7 प्रतिशत बढ़ा है। पिछले साल इसी अवधि में यह चार प्रतिशत ऊपर रहा था। इस दौरान, खनन में 1.9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि बिजली उत्पादन सपाट रहा था यानी पिछले साल के स्तर पर ही रहा था। विनिर्माण की वृद्धि दर 3.9 प्रतिशत पर स्थिर रही। विनिर्माण के तहत 23 औद्योगिक समूहों में से नौ में अक्टूबर में उत्पादन बढ़ा है, जबकि अन्य में घटा है।

# सरकार ने माना: देशभर के एयरपोर्ट्स पर साइबर अटैक हो रहे

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ एविएशन मिनिस्टर बोले- विमानों को गलत सिग्नल मिले, दिल्ली में 800 फ्लाइट लेट हुईं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने संसद में माना कि बीते दिनों दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर जीपीएस स्पूफिंग (गलत सिग्नल मिलना) की घटना हुई।

सोमवार को शीतकालीन सत्र के पहले दिन उन्होंने कहा कि दिल्ली के अलावा देश के अन्य एयरपोर्ट पर भी जीपीएस स्पूफिंग और जीएनएसएस सिग्नल से छेड़छाड़ की घटनाएं हुईं। नायडू ने कहा कि वैश्विक स्तर पर रैनसमवेयर-मैलवेयर अटैक का खतरा बढ़ा है। एएआई अपने आईटी और क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर की सेफ्टी के लिए एडवांस साइबर सिक्योरिटी अपना रहा है। नायडू ने राज्यसभा सांसद एस. निरंजन रेड्डी के सवाल का संसद में जवाब दिया। रेड्डी ने पूछा था कि क्या सरकार को आईजीआई पर हुई जीपीएसस्पूफिंग की जानकारी है। डीजीसीए-एएएल की इससे बचने की क्या तैयारी है। दिल्ली एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के ऑटोमेटिक मैसेज स्विच सिस्टम (एमै) में शुक्रवार को तकनीकी खराबी आने से फ्लाइटस ऑपरेशन 12 घंटे से ज्यादा प्रभावित रहा था। 800 से ज्यादा डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स देरी से उड़ीं और 20 को रद्द करना पड़ा। सिस्टम में खराबी सुबह 9 बजे आई थी। रात करीब साढ़े 9 बजे ठीक हुई थी। हालांकि गुरुवार शाम को भी शिकायत मिली थीं। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) ने शुक्रवार शाम 8:45 बजे बताया था कि एमै सिस्टम एक्टिव है और अब ठीक से काम कर रहा है। सिस्टम ग्लिच के कारण दिनभर पैसेंजर्स एयरपोर्ट पर परेशान होते रहे थे। बोर्डिंग गेट के पास लंबी कतारें लगी थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत फुटवियर क्षेत्र में बन रहा दुनिया की बड़ी ताकत: राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि भारत फुटवियर क्षेत्र में दुनिया की बड़ी ताकत बन रहा है। श्रीमती मुर्मू ने यह बात यहां फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के दीक्षांत समारोह में कही। उन्होंने कहा कि भारत फुटवियर क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भर बन रहा है और विश्व अर्थव्यवस्था में अपनी भूमिका मजबूत कर रहा है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि सरकार ने फुटवियर सेक्टर को 'चैंपियन सेक्टर' का दर्जा दिया है, ताकि इस क्षेत्र में निवेश और विकास बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि भारत फुटवियर विनिर्माण और खपत में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है। राष्ट्रपति मुर्मू ने एफडीडीआई और यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थम्प्टन (यूके) के बीच हुए नए समझौते का स्वागत किया।

### विनिर्माण की रफ्तार पड़ी सुस्त, उत्पादन निचले स्तर पर

**मुंबई।** देश के विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार नवम्बर में सुस्त पड़ गई और एचएसबीसी द्वारा सोमवार को जारी विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक घटकर 56.6 रह गया। अक्टूबर में विनिर्माण पीएमआई 59.2 दर्ज किया गया था। नवम्बर में गतिविधियों में अच्छी तेजी रही और सूचकांक दीर्घावधि औसत 54.2 से ऊपर बना हुआ है। सूचकांक का 50 से ऊपर होना गतिविधियों में तेजी और इससे नीचे होना गिरावट को दर्शाता है, जबकि 50 का स्तर स्थिरता दिखाता है। देश में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि भारत के नवम्बर के अंतिम पीएमआई आंकड़ों से इस बात की पुष्टि होती है कि अमेरिका में भारतीय वस्तुओं पर लगने वाले आयात शुल्क से विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार सुस्त पड़ी है।

# 2027 तक उप्र को गरीबी मुक्त बनाना लक्ष्य

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** संविधान दिवस पर पेरिस से आई एक विशेष तस्वीर ने पूरे देश, खासकर उप्र को गर्व से भर दिया। यूनेस्को मुख्यालय में भारतीय संविधान के शिल्पकार डा. भीमराव राव अम्बेडकर की प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने 'योगी की पाती' के माध्यम से प्रदेशवासियों को संबोधित किया और बाबा साहेब को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए प्रदेश को वर्ष 2027 तक गरीबी मुक्त प्रदेश बनाने की बात कही है। सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रदेश की जनता के नाम संबोधित 'योगी की पाती' पोस्ट करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विश्व समुदाय जब बाबा साहेब के योगदान को सराहता है, तो यह क्षण प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का होता है। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं थे, बल्कि सामा. जिक न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की मूल भावना को जीवन में उतारने वाले युगांतरक. ारी महापुरुष थे। शोषित, वंचित और दबे-कुचले वर्गों को अधिकार दिलाने की उनकी को. शिशें आज भी सामाजिक परिवर्तन का आधार हैं। योगी ने कहा कि उनकी ही प्रेरणा से उप्र की सरकार ने दलितों, वंचितों और कमजोर तबकों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। शिक्षा, छात्रवृत्ति, छात्रावास सुविधाएं, प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भरता तथा आर्थिक सहायता-इन सभी क्षेत्रों में व्यापक सुधार किए गए हैं। सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी जरूरतमंद सामाजिक सुरक्षा से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब की सोच पर चलते हुए प्रदेश में 'जीरो पॉवर्टी अभियान' संचालित किया जा रहा है। इसके तहत कमजोर वर्गों तक आवास, राशन, पेंशन, शिक्षा, श्रम योजनाएं और बाल विकास कार्यक्रमों का लाभ तेज गति से पहुंचाया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2027 तक उप्र को गरीबी मुक्त बनाना है।

### आमजन की समस्याओं के समाधान पर निगरानी रखें वरिष्ठ अधिकारी: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलों में तैनात पुलिस के आला अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पीड़ितों की समस्यायों के समाधान पर पैनी निगाह रखें। योगी ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आए हर पीड़ित से स्वयं मुलाकात की, उनका प्रार्थना पत्र लिया और समस्याओं के निदान का आश्वासन किया। मुख्यमंत्री ने जनपद में तैनात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीड़ितों की समस्याओं के स्थानीय स्तर पर समाधान पर विशेष जोर रहे।

# देश का विकास कागजों में और पीएम के भाषण जमीन पर नहीं: चंद्रशेखर आजाद

नई दिल्ली, वार्ता



■ संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत में बोले नगीना सांसद

संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत सोमवार से हो गई है, इसी बीच लोकसभा सांसद व आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने कई मुद्दों पर सरकार को घेरा।

नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि लोगों के मन में कुछ सवाल हैं, जिनका सरकार को समाधान करना चाहिए और उन पर बहस से बचना नहीं चाहिए। नगीना सांसद ने कहा कि जनता ने उन्हें जनादेश दिया है, इसलिए उनकी जवाबदेही सुनिश्चित होनी चाहिए। जिस तरह से सवाल उठाए जा रहे हैं, लोगों के मन में डर पैदा किया जा रहा है, धर्मनिरपेक्षता पर हमला हो रहा है और अनुच्छेद 28, 30, 25 और 26 का उल्लंघन हो रहा है, सरकार को इन सबका जवाब देना चाहिए। अगर सरकार जवाब नहीं देती है, तो निस्संदेह विरोध प्रदर्शन होंगे। नगीना सांसद ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि देश का विकास या कागजों पर है या तो प्रधानमंत्री के भाषणों में है या मुख्यमंत्री के भाषणों में हैं, जमीन पर तो नहीं है। आरोप लगाया कि अगर जमीन पर विकास होता, तो 10-10 हजार रुपये देकर वोट नहीं खरीदने पड़ते। कथित तौर पर एसआईआर के कारण बीएलओ की मौतों के मामले पर नगीना सांसद ने कहा कि लोग देख रहे हैं कि वोटों की चोरी कैसे हो रही है। जिन राज्यों में चुनाव नहीं होते, वहां एसआईआर की गति धीमी क्यों है? जो बीएलओ मर रहे हैं, वे शहीद हैं। उत्तर प्रदेश में मरने वाले 90 प्रतिशत बीएलओ अनुसूचित जाति और पिछड़ी जाति के हैं। इसका मतलब है कि एसआईआर के जरिए एससी और एसटी वर्ग के कार्यकर्ताओं की हत्या की जा रही है।

# भाजपा का सपना पूरा कर रहा चुनाव आयोग: अखिलेश

नई दिल्ली, वार्ता



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग पर भारतीय जनता पार्टी के सपने को पूरा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जल्दबाजी में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करने का दवाब बनाया जा रहा है जिससे कई कर्मचारियों की जान चली गई है। यादव ने संसद परिसर में पत्रकारों से सोमवार को कहा कि एसआईआर के जरिए भाजपा विपक्षी दलों के वोटरों का नाम मतदाता सूची से कटवा रही है। उन्होंने कहा कि जानबूझकर एसआईआर की पूरी प्रक्रिया शादियों के मौसम में की जा रही है। इस दौरान लोग इधर-इधर एक-दूसरी जगह जाते हैं इसी बहाने उनके वोट कट जाएं। उन्होंने कहा कि यह भी देखने को मिला है कि एसआईआर में लगे कई कर्मचारियों की जान गई है। बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) के ऊपर फॉर्म बांटने और भरने का इतना दवाब है कि वे अपनी जान दे रहे हैं। एक बीएलओ के परिवार का आरोप है कि उन पर वोट काटने का दबाव बनाया जा रहा था। ये बीएलओ गलियों में भटक रहे हैं। दिन-रात काम कर रहे हैं। ये जल्दबाजी क्यों। उप्र में अभी तो कोई चुनाव नहीं है। अभी समय है तो आप आराम से ये काम करते। चुनाव आयोग इस लोकतंत्र में भाजपा का सपना पूरा करना चाहता है, ताकि विपक्ष पार्टियों के वोट कट जाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए एसआईआर करवा रही है। देश में बेरोजगारी पर चर्चा न हो इसलिए इस तरह का काम कराया जा रहा है।

## एसआईआर पर कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने पीएम मोदी को घेरा

# मुद्दों की बात करते नहीं, ड्रामेबाजी की डिलीवरी

नई दिल्ली, वार्ता



पीएम ने संसद की मर्यादा तोड़ने का काम किया 11 साल से संसदीय प्रणाली को तार-तार किया

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि उन्होंने ने संसद भवन परिसर में शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले मुद्दों की बात करने की बजाय 'ड्रामेबाजी' कर फिर संसद की मर्यादा को तोड़ने करने का काम किया है।

खड़गे ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर मोदी के संसद भवन परिसर में दिए बयान पर कहा कि उन्होंने संसद के समक्ष मुख्य मुद्दों की बात करने की बजाय फिर से 'ड्रामेबाजी की डिलीवरी' की है। असलियत यह है कि संसदीय मर्यादा और संसदीय प्रणाली को पिछले 11 साल से सरकार ने लगातार और कैसे तारतार किया है उसकी फेहरिस्त लंबी है। उन्होंने लिखा- पिछले मानसून सत्र में ही कम से कम 12 विधेयक जल्दबाजी में पारित कर दिए गए, कुछ 15 मिनट से भी कम समय में और कुछ बिना किसी चर्चा के। पूरे देश ने पहले भी देखा है किस तरह आपने किसान विरोधी काले क़ानून, जीएसटी, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता जैसे विधेयक संसद में आनन-फानन में ध्वस्त किए। इसी संसद में जब मणिपुर का मुद्दा उठा, तो आप तब तक चुप रहे, जब तक विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया।ष उन्होंने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मुद्दा उठाया और कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में काम के बोझ के कारण बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) लगातार जान दे रहे हैं। विपक्ष, 'वोट चोरी' सहित अन्य मुद्दों को प्राथमिकता देना चाहता है और संसद में हम इसे लगातार उठाएंगे। खड़गे ने कहा कि भाजपा को अब ध्यान भटकाने का ड्रामा खत्म करना चाहिए और जनता के असली मुद्दों पर संसद में बहस करनी चाहिए। सच्चाई यही है कि आम आदमी बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक असमानता और देश के बहुमूल्य संसाधनों की लूट से जूझ रहा है और सत्ता में बैठे लोग, सत्ता के अहंकार में 'ड्रामेबाजी' का खेल, खेल रहे हैं।

### एक संघ कार्यालय के पते पर 30 मतदाताओं के नाम लेकिन 29 वहां नहीं रहते: दिग्विजय

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया है कि देश में बड़े स्तर पर वोट चोरी हो रही है और इसका एक उदाहरण भोपाल में राष्ट्रीय स्वयं संघ का कार्यालय है जिसमें 30 मतदाताओं के पते हैं, लेकिन उनमे से 29 वहां रहते ही नहीं हैं। दिग्विजय सिंह ने सोमवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि संघ कार्यालय में भी 'वोट चोरी' की जा रही है। भोपाल के संघ कार्यालय में उन्होंने वोट चोरी पकड़ी है। वहां 30 में से 29 मतदाता का एक ही पता मिला है, जबकि इस पते पर एक ही व्यक्ति रहता है। उनका कहना था कि नियम यह है कि इतनी बड़ी संख्या में एक ही घर में अगर दस मतदाता हैं तो इसकी जांच के लिए उस क्षेत्र में तैनात वरिष्ठ चुनाव अधिकारी को खुद मौके पर जाना पड़ता है। इस मामले में क्या ऐसा हुआ है और अगर नहीं हुआ है, तो इसकी पड़ताल की जानी चाहिए और असलियत का पता लगना चाहिए। उन्होंने इसे वोट चोरी का गंभीर मामला बताया और कहा कि जिस बीएलओ ने ये सब नाम चढ़ाए हैं और जिस अधिकारी ने इन नामों को मंजूरी है उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। सवाल यह है कि सूची को बिना प्रमाण के अंतिमरूप देने वाले अधिकारी ने कैसे मान्य कर दिया। उनका यह भी कहना था कि नियम के अनुसार यदि एक घर में दस से ज्यादा मतदाता हैं, तो निर्वाचन अधिकारी की जिम्मेदारी है कि वह उस घर जाकर मौके पर स्थिति का आकलन करे।



सेंसेक्स 85641.90
निफ्टी 26175.75



सोना रु. 127980
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 174433
प्रति किलो



# लगातार दूसरे दिन लुढ़के शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और शुरुआती कारोबार में नया रिकॉर्ड बनाने के बाद प्रमुख सूचकांक अंत में लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 64.77 अंक (0.08 प्रतिशत) लुढ़ककर 85,641.90 अंक पर बंद हुआ। पहले घंटे में ही यह 452 अंक चढ़कर 86,159.02 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन दोपहर बाद हुई बिकवाली से टूट गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 27.20 प्रतिशत यानी 26,175.75 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले बीच कारोबार में इसने 26,325.80 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर को छुआ। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 28 नवम्बर को जारी आंकड़ों के बाद सुबह बाजार में तेजी रही। हालांकि बाद में यूरोपीय बाजारों में रही गिरावट से घरेलू निवेशकों की धारणा भी प्रभावित हुई।

बड़ी कंपनियों के विपरीत छोटी कंपनियों में तेजी रही। एनएसई के सूचकांकों में ऑटो, धातु और आईटी में लिवाली का जोर रहा जबकि रियलिटी, फार्मा, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता समूहों के सूचकांकों में गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयर करीब दो प्रतिशत चढ़े। कोटक महिद्रा बैंक, मारुति सुजुकी और बीईएल के शेयरों में भी लिवाली का जोर रहा। एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर टूट गए।

# चांदी के दाम में आया भारी उछाल, सोना भी महंगा

**नई दिल्ली।** सोमवार को चांदी में जबरदस्त उछाल आया है। सोने में भी तेजी है। हालांकि सोने में चांदी जितनी तेजी नहीं देखी जा रही है। सुबह 10.20 बजे के आसपास सोने में 967 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी है। वही चांदी में लगभग 3000 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

सुबह 10.30 के आसपास एमसीएक्स में 10 ग्राम सोने का भाव 1,27,980 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया है। इसमें 967 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी है। सोने ने अब तक 127,895 रुपये प्रति किलो का लो रिकॉर्ड और 127,980 रुपये प्रति किलो का हाई रिकॉर्ड बनाया है। 1 किलो चांदी में 2796 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी है। इस समय चांदी का भाव 174,433 रुपये प्रति किलो दर्ज किया गया है। देश के महानगरों जयपुर में 24 कैरेट सोने का भाव 130,140, कानपुर में130,190, लखनऊ में 130,190, इंदौर में 130,290, चंडीगढ़ में 130,160 , भोपाल में 130,290 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

1 दिसंबर को पटना में सोने का दाम सबसे कम है। यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 130,130 रुपये चल रही है। भोपाल और इंदौर में सोने की कीमत सबसे ज्यादा है। यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 130,290 रुपये चल रही है। अगर चांदी की बात करें तो जयपुर में चांदी की कीमत सबसे कम है। यहां 1 किलो चांदी का दाम 176,430 रुपये चल रही है। भोपाल और इंदौर में चांदी की कीमत सबसे ज्यादा है। यहां 1 किलो चांदी का दाम 176,640 रुपये चल रही है।

# चावल, चीनी, दालों में तेजी, गेहूं स्थिर, खाद्य तेलों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। आवक कम रहने से दालों और चीनी में भी तेजी रही। गेहूं की कीमत कमोबेश स्थिर रही जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 105 रुपये बढ़कर 3,840.99 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,858.40 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत 20 रुपये टूट गई। दाल-दलहनों के भाव चढ़ गए। मसूर दाल औसतन 160 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। तुअर दाल की कीमत 211 रुपये और उड़द दाल की 67 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 152 रुपये और मूंग दाल 137 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 21 रिंगिट फिसलकर 4,093 रिंगिट प्रति टन रह गया। जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.35 प्रतिशत की गिरावट में 51.84 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 113 रुपये प्रति क्विंटल लुढ़क गया। सरसों तेल में 47 रुपये और सोया तेल में 24 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वनस्पति के दाम 91 रुपये और मूंगफली तेल के पांच रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। सूरजमुखी तेल में टिकाव रहा। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 90 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 27 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन : दाल चना 7857.82 रुपये, मसूर काली 8156.92 रुपये, मूंग दाल 10106.24 रुपये, उड़द दाल 10382.65 रुपये, तुअर दाल 10594.80 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2858.40 रुपये और चावल 3840.99 रुपये प्रति क्विंटल।

# आगरा में एसआईआर पर हंगामा

## सीईसी पर एफआईआर दर्ज कराने के लिए थाने पहुंचे कांग्रेसी

**आगरा।** एसआईआर को लेकर कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी पार्टियों ने एनडीए सरकार और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी में सोमवार को आगरा में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया और मुख्य चुनाव आयुक्त पर मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दी, बीएलओ की मौतों का मुद्दा भी उठाया।महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से हरिपर्वत थाने पर प्रदर्शन किया गया। एसआईआर में लगे बीएलओ की आत्महत्या और तबीयत बिगड़ने से मौत को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी लगातार केंद्र की मोदी और यूपी की योगी सरकार को घेर रही है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एसआईआर में लगे बीएलओ की मौत पर दो-दो लाख रुपये की मदद का ऐलान किया है। कांग्रेस मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रही है और उनके खिलाफ तहरीर दी व मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। इस बारे में हरिपर्वत थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार शर्मा ने बताया कि कांग्रेस नेता की तहरीर पर जांच की जा रही है। आगरा महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित सिंह सोमवार दोपहर करीब दो बजे पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ हरिपर्वत थाने पर पहुंचे, यहां कांग्रेसियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ नारेबा. जी की, लेकिन पुलिस ने उन्हें शांत कराया। महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमित सिंह ने हरिपर्वत थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार शर्मा के तहरीर दी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दिल्ली-एनसीआर...**

से पूछा कि पराली जलाने के अलावा प्रदूषण बढ़ने के और कौन से प्रमुख कारण हैं। एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने कोर्ट को बताया कि पंजाब, हरियाणा और सीपीसीबी सहित सभी एजेंसियों की कार्रवाई रिपोर्ट जल्द दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों को शून्य पराली दहन का लक्ष्य दिया गया था, जो पूरा नहीं हुआ। हालांकि पराली जलाना सिर्फ एक मौसमी कारण है। जस्टिस बागची ने कहा कि निर्माण कार्य भी प्रदूषण का बड़ा कारण है और पूछा कि निर्माण पर लगा प्रतिबंध जमीन पर कितना प्रभावी रूप से लागू हो रहा है। कोर्ट ने कहा कि वह प्रदूषण मामले पर हर महीने कम से कम दो बार सुनवाई करेगी। कोर्ट ने माना कि सर्दियों के बाद हालात कुछ बेहतर होते हैं, लेकिन अगर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो इतिहास खुद को दोहराएगा।

# मायावती ने शीतकालीन सत्र को लेकर जताई चिंता, विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों को दी नसीहत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ दिल्ली में वायु प्रदूषण व एसआईआर पर हो सार्थक चर्चा

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक बयान जारी कर संसद के शीतकालीन सत्र को लेकर अपनी चिता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो रहा है, जिसके हर सत्र की तरह इस बार भी काफी हंगामेदार होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए मायावती ने कहा कि बसपा चाहती है कि संसद के दोनों सदन सुव्यवस्थित व शांतिपूर्ण तरीके से संचालित हों, ताकि देश व जनहित के जरूरी और अहम मुद्दों में भी खासकर राजधानी दिल्ली आदि में वायु प्रदूषण के कारण आ रही भारी परेशानी तथा वोटर लिस्ट के सघन रिवीजन अर्थात एसआईआर को लेकर हो रही परेशानियों एवं आपत्तियों पर सही से चर्चा हो सके। बसपा अध्यक्ष ने इस कार्य के मुख्य कर्ताधर्ता बीएलओ की दिक्कतों तथा उनके द्वारा की जा रही खुदकुशी आदि की दुखद घटनाओं पर सही से चर्चा हो सके और इनका उचित समाधान निकलने की दिशा में सार्थक प्रयास हो सके, यह उनकी अपील है।

मायावती ने स्पष्ट किया कि केवल आरोप-प्रत्यारोप लगाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि व्यापक देश व जनहित साधने हेतु संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए सत्ता और विपक्ष दोनों को राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर उठकर पूरी तरह से संवे. दनशील एवं गंभीर होने की जरूरत है। गौरतलब है कि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती का यह बयान ऐसे समय आया है, जब संसद के शीतकालीन सत्र में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है और विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी प्राथमिकताएं तय कर ली हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# सम्पत्ति विवाद में भाई ने की बहन की हत्या

## पिता की मौत के बाद सम्पत्ति में अपना हक मांग रही थी बहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पैतृक संपत्ति को लेकर चल रहे विवाद ने खूनी रूप ले लिया। पिता की मृत्यु के बाद पैतृक संपत्ति में अपना हिस्सा मांग रही बहन की भाई ने लोहे की रॉड सिर में मारकर निर्मम हत्या कर दी। दिल दहला देने वाली इस वारदात से गांव में सनसनी फैल गई, जबकि आरोपी भाई अपनी पत्नी और बच्चों सहित फरार हो गया। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी अमित कुमार आनन्द ने परिजनों से हत्या के बारे में जानकारी की।

क्षेत्र के गांव नन्हेड़ा अलियारपुर में मंगलवार दोपहर 28 वर्षीय संयोगता की बड़े भाई श्योराज ने लोहे की रॉड या धारदार हथियार से सिर पर वार कर हत्या कर दी। संपत्ति को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। मृतका अविवाहित थी, पिता की मृत्यु के बाद वह पैतृक संपत्ति में अपना हिस्सा मांग रही थी। रिश्तों के कत्ल की इस सनसनीखेज वारदात से लोग सन्न रह गए। वहीं, वारदात



**रिश्तों का कत्ल**

**आरोपी भाई परिवार समेत हुआ फरार**

अंजाम देने वाला हत्यारोपी श्योराज पत्नी और बच्चों को लेकर गांव से भाग गया। फोरेंसिक टीम व फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। बाद में पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी अमित कुमार आनंद ने भी घटनास्थल का जायजा लेते हुए परिवार के लोगों से विवाद की हकीकत जानी।

कैलसा क्षेत्र के इस गांव में स्व. भगवान दास का परिवार रहता है। वह



सिंचाई विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। उनके परिवार में पत्नी हुकुम देवी के अलावा बेटा श्योराज और तीन बेटियां शकुंतला, ममता और संयोगता हैं। बड़ी बेटी शकुंतला और ममता की शादी हो चुकी है जबकि 28 वर्षीय संयोगता अविवाहित थी। परिजनों के मुताबिक करीब पांच साल से वह मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में स्टाफ नर्स की नौकरी करती थी और वहीं पर एक युवक के साथ में लिव-इन में रहती थी। बीती 16 अक्तूबर को भगवान दास की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद से संयोगता ने गांव में मां के पास आकर रहना शुरू किया था। बताया जा रहा है कि पिता के निधन के बाद संयोगता पैतृक संपत्ति में बराबर का हिस्सा मांग रही थी। जिसे लेकर उसका बड़े भाई श्योराज से विवाद चल रहा था। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे भी इसी बहस के दौरान भाई-बहन के बीच झगड़ा हुआ था। उस वक्त मां हुकुम देवी घर में मौजूद थीं जबकि से शयोराज की पत्नी मनु और बच्चे खेत पर काम करने गए थे। जैसे ही हुकुम देवी नहाने के लिए बाथरूम ने गईं तभी श्योराज ने घर के भीतर चारपाई पर बैठी संयोगता के सिर पर धारदार हथियार या लोहे की रोड से वार कर उसकी हत्या कर दी। नहाकर कमरे में आई हुकुम देवी ने बेटी को लहूलुहान हालत में चारपाई पर पड़ा पाया। खूनी नजारा देख उनकी चीख निकल गई। वहीं, वारदात अंजाम देने के बाद श्योराज पत्नी और बच्चों को खेत से साथ लेकर गांव से भाग गया। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही देहात इंस्पेक्टर सनोज प्रताप सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और घटनास्थल को कवर करते हुए शव को कब्जे में ले लिया।

# प्रेमिका पक्ष के दस लोगों पर मुकदमा

## कोर्ट के आदेश पर छह साल की बाद दर्ज हुई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्रेम-प्रसंग को लेकर हुए पुराने विवाद ने फिर तूल पकड़ लिया है। हत्या के इरादे से युवक पर फायर करने के मामले में कोर्ट के आदेश पर आठ नामजद समेत दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

डिडौली क्षेत्र के गांव दानपुर में विजेंद्र सिंह का परिवार रहता है। उनके बेटे रचिन के मुताबिक शहर की रहने वाली एक युवती से उसका प्रेम-प्रसंग था। इसकी जानकारी जब युवती के परिजनों को हुई तो वह रंजिश रखने लगे। आरोप है कि 27 दिसंबर 2019 की शाम छह बजे रचिन कचहरी के पीछे वाले रास्ते से गुजरते हुए घर जा रहा था। आरोप है कि तभी क्षत्रिय कॉलोनी के पास पहले से घात लगाए बैठे प्रेमिका के परिजनों ने उस पर हमला कर दिया। जान से मारने की नीयत से फायर भी किया। गनीमत रही कि गोली रचिन को नहीं लगी। इस दौरान लोगों को जमा होते देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की और रचिन को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद जिला अस्पताल पहुंचे प्रेमिका के पिता ने खुद घटना स्वीकार कर ली। बेटी की शादी रचिन से करने से वादा कर लिया। लेकिन बाद में शादी करने से इनकार कर दिया। इतना ही नहीं प्रेमिका की शादी दूसरी जगह कर दी। आरोप है कि तभी से प्रेमिका के परिजन झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित रचिन ने मामले की शिकायत पुलिस से की लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। लिहाजा, रचिन ने कोर्ट की शरण ली। प्रभारी सीओ शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में कोर्ट के आदेश पर आठ नामजद समेत दस लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना छह साल पुरानी है, जांच करते हुए मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# सामान लेने गया मासूम हुआ लापता

## परिजनों ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दुकान से सामान लेने गया 13 वर्षीय बालक अचानक लापता हो गया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर बच्चे के अपहरण का शक जताया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोर की तलाश तेज कर दी है।

मामला शहर के मोहल्ला त्रिपोलिया का है। यहां पर मोहम्मद फाजिल का परिवार रहता है। उनकी पत्नी मनीषा द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक उनके भाई नासिर का 13 वर्षीय बेटा जमशेद 27 नवंबर की सुबह करीब 11 बजे मोहल्ले की दुकान से सामान लेने गया था। वह घर से 20 रुपये लेकर निकला था। दोपहर तक घर नहीं लौटने पर मोहल्ले के अलावा रिश्तेदारी में उसे काफी तलाश किया लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। दो दिन से ढूंढकर परेशान परिजनों ने रविवार को शहर कोतवाली में जमशेद की गुमशुदगी की सूचना दी थी। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में अपहरण की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। किशोर की तलाश शुरू कर दी गई है, उसे जल्दी बरामद कर लिया जाएगा।

## नौकरी न मिलने व लाखों की ठगी के सदमे से युवक की मौत

# नौकरी का झांसा देकर 14.30 लाख ठगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी का एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। डिप्टी सीएम का करीबी बताकर युवक से खाद्य विभाग में नौकरी में सुपरवाइजर की नौकरी लगवाने का झांसा देकर देकर 14.30 लाख रूपये ऐंठ लिये। फर्जी ज्वाइनिंग लेटर पकड़े जाने के बाद शुभनीत सदमे में चला गया और इलाज के अभाव में उसकी मौत हो गई। पीड़ित परिजनों की शिकायत पर एसीजेएम द्वितीय के आदेश से आरोपी युवक के खिलाफ धोखाधड़ी व कूटरचना में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र की पुष्कर नगर कॉलोनी से जुड़ा है। यहां पर मान सिंह का परिवार रहता है। एफआईआर के मुताबिक साल 2020 में उनके बेटे शुभनीत की मुलाकात मुरादाबाद में पुलिस अधीक्षक निवास के पास पार्किंग में सरस्वती विहार कॉलोनी के रहने वाले सुमित चौहान से हुई थी। इस दौरान सुमित ने शुभनीत को नौकरी लगवाने का झांसा दिया। जाल में फंसाने के लिए उसने अपने साथ प्रदेश के एक डिप्टी सीएम की फोटो भी दिखाई। बताया कि उसके करीबी ताल्लुकात हैं। आसानी से नौकरी मिल

**ठगी की मार से बुझ गया एक घर का चिराग, कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट**

जाएगी।सुमित ने बताया कि खाद्य विभाग में सुपरवाइजर की एक नौकरी है, जिसमें 18 लाख रुपये खर्च होंगे। इसके बाद शुभनीत ने यह बात अपने पिता मान सिंह को बताई। बेटे की नौकरी के खातिर मान सिंह ने बैंक से सात लाख रुपये का लोन निकाला और पैसे सुमित को दे दिए। इसके बाद उन्होंने अपनी जमीन बेच पांच लाख रुपये और दे दिए। इस तरह से कुल 14.30 लाख रुपये दे दिए। आरोप है कि इसके बाद सुमित ने 23 फरवरी 2021 को शुभनीत को एक आईडी कार्ड और ज्वाइनिंग लेटर भी दिया था। इसके बाद शुभनीत ज्वाइनिंग लेटर लेकर खाद्य विभाग के गोदाम पर पहुंचा तो अधिकारियों ने लेटर फर्जी बताया। उस पर विभाग की मोहर भी फर्जी लगी थी। हकीकत पता चलने पर शुभनीत और उनके पिता मान सिंह के होश उड़ गए। आरोप है कि पुलिस में शिकायत करने पर सुमित ने माफी मांगते हुए रुपये वापस करने की हामी भर ली। उधर, नौकरी न लगने के कारण शुभनीत सदमे में चले गए और बीमार रहने लगे। पीड़ित मान सिंह और उनके बेटे शुभनीत ने कई बार सुमित से अपने रुपये वापस मांगे तो वह आनाकानी करने लगा। रुपयों के अभाव में शुभनीत का बेहतर ढंग से इलाज नहीं हो सका और 18 सितंबर 2024 को उसकी मृत्यु हो गई। पीड़ित मान सिंह ने मामले की शिकायत पुलिस से की लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। प्रभारी सीओ शक्ति सिंह ने मामले में एसीजेएम द्वितीय के आदेश पर सुमित सिंह चौहान के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## एक नजर

### समय से जमा करें एसआईआर फार्मः महबूब



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने लोगों से अपील की कि वह एसआईआर को सही ढंग से भरकर बीएलओ के पास जमा करें। कस्बा के मोहल्ला इकवाल नगर स्थित एसए इंटर कॉलेज में एसआईआर प्रहरी जागरूकता को लेकर संगोष्ठी की गई। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सदर विधायक महबूब अली ने विस्तार से जानकारी देते हुए लोगों से अपील की कि वे सभी निर्धारित प्रपत्रों को सही ढंग से भरकर अपने संबंधित बीएलओ को समय पर जमा करें। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सहभागिता से ही निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं सशक्त बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन जाहिद अली, सपा नगर अध्यक्ष जाकिर हुसैन, सपा यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव साजिद अली, वार्ड मेंबर बब्बू सहित सम्मानित लोग मौजूद रहे।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** अतरासी-अमरोहा मार्ग पर रविवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को मोर्चरी भेज दिया है। हादसा रात करीब 10 बजे अतरासी अमरोहा मार्ग पर पप्सरा पुलिस चौकी के पास हुआ। स्थानीय लोगों के मुताबिक अतरासी की तरफ से जा रहे अज्ञात वाहन ने पैदल चल रहे युवक को टक्कर मार दी थी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया। उसने काली जैकेट व गुलाबी शर्ट पहनी हुई है। लगभग 35 वर्षीय मृतक की जेब से कोई पहचान पत्र नहीं मिला है। थानाध्यक्ष कोमल तोमर ने बताया कि मृतक की शिनाख्त का प्रयास जारी है। शव मोर्चरी पर रखा है।

### ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध




**शाह टाइम्स ब्यूरो रहरा।** ऑनलाइन उपस्थिति व गैर विभागीय कार्यो के विरोध में ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों ने आंदोलन की रूपरेखा तैयार की। समिति के अगुवा प्रदीप कुमार ने बताया कि आज से चार दिसम्बर तक सभी कर्मी काली पट्टी बांधकर शासकीय कार्य करेंगे जबकि पांच दिसम्बर को जनपद मुख्यालय पर धरना दिया जायेगा। इसके अलावा दस दिसम्बर से निजी हवाहनों का प्रयोग बंद करेंगे तथा 15 दिसम्बर से अपने डोंगल ब्लाक में जमा कर देंगे। जिससे सभी प्रकार के डिजिटल कार्य ठप हो हायेंगे। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर तत्काल विचार नहीं किया गया, तो आंदोलन उग्र रूप ले सकता है। समिति में पंकज कुमार शर्मा, सुमित कुमार, नीरज कुमार और योगेन्द्र सिंह भी शामिल हैं। प्रदर्शन करने वालों में राजेश कुमार, धर्मपाल सिंह, कृपाल सिंह, मोहम्मद अनस, कपिल कुमार, मोनू सिंह, कपिल यादव, पुष्पेंद्र चौहान, दीपक कुमार, राहुल मावी, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### सर्विस रोड से अतिक्रमण हटवाया




**शाह टाइम्स ब्यूरो संवाददाता।** पुलिस ने सर्विस रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जबकि दुकानों के आगे लगाये गये सामान को भी हटवाया गया। यातायात प्रभारी अनुज मलिक अपनी टीम के साथ तथा जोया चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों टीमों ने मिलकर जोया से गजरौला दिशा तक सर्विस रोड पर लगे अतिक्रमण को हटवाया। वहीं जोया से मुरादाबाद दिशा तक दुकानों के आगे लगे ठेलों को पीछे हटाने की सख्त चेतावनी दी गई। पुलिस ने दुकानदारों को निर्देश दिए कि वे दुकानों के बाहर सामान न रखेंद्य क्योंकि इससे सर्विस रोड पर जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। टीम ने स्पष्ट किया कि नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ आगे सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एसआईआर फार्म जमा करने में फर्जीवाड़े का आरोप

## लोगों के फार्म भरवाने में जुटें सपाईः कमाल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सपाईयों ने समीक्षा बैठक में एसआईआर फॉर्म जमा करने में फर्जीड़ा किये जाने का आरोप लगाते हुए अधिक से अधिक वोटरो के फॉर्म जमा करवाये जाने का आह्वान किया है।

सोमवार को बाईपास मार्ग स्थित एक वेंकट हॉल में समाजवादी पार्टी द्वारा एसआईआर कार्य को परखने के लिए समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कांठ के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने कहा कि एसआईआर फॉर्म भरने के लिए 7 दिन बढ़ गये है। भाजपा की जुल्म ज्यादती से बचने के लिए सपा कार्यकर्ता जनता के बीच घूम कर एसआईआर फॉर्म भरने के लिए लग रहे। आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा व चुनाव आयोग जानबूझकर एसआईआर के लिए समय नहीं देना चाह रहे है। उन्होंने कहा कि जिसका वोटर लिस्ट में नाम नहीं होगा उसका पासपोर्ट आधार कार्ड राशन कार्ड कुछ नहीं बनेगा। उसके बाद एनसीआर के तहत देश से निकलने का फरमान जारी होगा। और दलितों को भी आरक्षण तब मिलेगा जब वह देश के नागरिक होंगे। जिन मतदाताओं के एसआईआर फॉर्म बच गये थे। पूर्व मंत्री मौलाना जावेद आब्दी ने कहा सपा कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर बड़ी जिम्मेदारी के साथ एसआईआर फार्म भरवाने में सहायता करें। बीजेपी दलितो का आरक्षण खत्म कर देना चाहती है। पूर्व विधायक अशफाक अली खान ने कहा बूथों पर एसआईयार फॉर्म भरने में गलत जानकारी दिखाई जा रही है। गहलोत द्वारा 10 से 15% गणना पत्रों को बाटा ही नहीं गया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष निर्माज यादव, पूर्व विधायक प्रीतम सिंह, युवजन सभा के जिला अध्यक्ष फैसल अल्वी, चंद्रपाल सिंह सैनी, आरिफ अख्तर,बदर कुरैशी, यशवीर नागर, फारूक प्रधान, जाकिर सैफी, जितेंद्र विधूड़ी, वसीम मलिक आदि मौजूद थे।

# ट्रेनों का ठहराव कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सामाजिक कार्यकर्ता तेजवीर सिंह अलूना ने सांसद चौ. कंवर सिंह तंवर के माध्यम से रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को ज्ञापन भेजकर गजरौला रेलवे स्टेशन पर पांच प्रमुख ट्रेनों का ठहराव कराने की मांग की है।

**रेल मंत्री को सांसद के माध्यम से भेजा ज्ञापन**

ज्ञापन में सामाजिक कार्यकर्ता ने उल्लेख किया है कि गजरौला एक बड़ी औद्योगिक इकाई है और यहां पर देश ही नहीं बल्कि विश्व स्तर की कई नामागिरामी एमएनसी कंपनियां भी स्थापित हैं। इस कारण दूर दराज के लोगों का भी आवागमन रहता है, गजरौला रेलवे स्टेशन पर रूकने वाली ट्रेनों की संख्या कम है। यदि यहां पर समुचित ट्रेनों के ठहराव हो जाए तो यात्रियों को काफी लाभ पहुंचेगा, साथ ही यात्रा किराए से रेल विभाग को भी उचित राजस्व की प्राप्ति होगी। उन्होंने गजरौला जंक्शन पर राज्यरानी एक्सप्रेस, अवध आसाम एक्सप्रेस, अयोध्या एक्सप्रेस, उत्तर संपर्क क्रांति व पद्मावत एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की है। पत्र पर सभासद ब्रजेश कुमार के भी हस्ताक्षर हैं। तेजवीर सिंह अलूना ने बताया कि जब गजरौला रेलवे स्टेशन पर केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव आए थे तो उनसे उस समय भी ट्रेनों के ठहराव की मांग की गई थी। स्थानीय लोगों द्वारा लंबे समय से इन ट्रेनों के ठहराव की उम्मीद जताई जा रही है।

# पालिका ने हटवाया अवैध अतिक्रमण



## अनाधिकृत रूप से खड़े वाहनों को भी हटवाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर में बढ़ते अतिक्रमण और अव्यवस्थित यातायात को देखते हुए नगर पालिका व यातायात पुलिस ने कल्याणपुर रोड पर संयुक्त अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान मुख्य सड़क पर अवैध रूप से रखे दुकानों के सामान, ठेले, बैनर, बोर्ड एवं अन्य बाधक सामग्री को हटवाया गया। सड़क पर अनियंत्रित रूप से खड़े दोपहिया व चारपहिया वाहनों को भी हटाया गया, जिससे मार्ग अवरुद्ध हो रहा था। अभियान के दौरान कई वाहन चालकों के विरुद्ध नियमों का पालन न करने पर चालान की कार्रवाई भी की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़कों पर अवैध कब्जे और अवैध पार्किंग न केवल यातायात को बाधित करती है बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ाती है। अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार ने लोगों से अपील की कि वे सरकारी मार्ग पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें और अपने वाहनों को निर्धारित स्थान पर ही पार्क करें, अन्यथा आगे भी इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# दो लाख व कार न मिलने पर पत्नी का उत्पीड़न

## पति समेत छह ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दहेज में दो लाख रूपये व कार की डिमांड पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता का प्रताड़ित किया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर के मोहल्ला मुरादाबादी गेट निवासी इकरार अहमद ने अपनी बेटी सना की शादी 20 नवंबर 2021 को मोहल्ले के ही रहने वाले उमैर के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति और ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। विरोध करने पर सना के साथ मारपीट की जाती थी। उस पर मायके से दो लाख रुपये और कार दिलाने का दबाव बनाया जाता था। सना के एक दो साल का बेटा भी है। फिलहाल, विवाद के चलते सना अपने मायके में पिता के घर रहती है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में पति उमैर, ससुर फुरकान अली, जेठ शानू उर्फ कामरान, दानिश, ननद नेहा और नमरा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है। जल्दी आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# नाको की मद्द से एड्स नियंत्रण में हुई प्रगति

## विश्व एड्स दिवस पर सेमिनार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** विश्व एड्स दिवस पर वेंकटेश्वरा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज व श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेमिनार, पोस्टर प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्रालय के पूर्व निदेशक व वरिष्ठ आईएएस डॉ. बाल्मीकि प्रसाद ने एड्स के लक्षण, बचाव और रोकथाम पर विस्तृत जानकारी दी




तथा 2030 तक एड्स समाप्त करने का संकल्प दोहराया। मेडिकल, नर्सिंग और पैरामेडिकल विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक व पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से जागरूकता फैलाते हुए महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि ने कहा कि नाको की मदद से एड्स नियंत्रण में प्रगति हुई है, और संस्थान आगे भी जन-जागरूकता अभियान चलाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. बाल्मीकि प्रसाद, डॉ. राजीव त्यागी, डॉ. कृष्ण कान्त दवे सहित वरिष्ठ चिकित्सकों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संगोष्ठी को डॉ. बी.एन. सिंह व डॉ. नीरज सिधाना ने भी संबोधित किया।

# प्रत्येक मतदाता समय से जमा करे गणना पत्रक: आब्दी

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**गजरौला।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अधयक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के जिला प्रभारी बनाये गए राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री जावेद आब्दी द्वारा धनौरा विधानसभा की समीक्षा बैठक की गई।

हाईवे किनारे एक झनकपुरी में स्थित रिसोर्ट में आयोजित बैठक में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने जावेद आब्दी का फूल मालाओं से स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए जावेद आब्दी ने कहा कि चुनाव आयोग की समय सीमा के अन्तर्गत प्रत्येक मतदाता अपना फार्म भरकर बीएलओ पर जमा कर दें, जिससे कि मतदान का अधिकार बना रहे। उन्होंने समा.

**■ सपा की धनौरा विस स्तरीय समीक्षा बैठक**

जवादी पार्टी के बूथ लेवल एजेंटो को समझाते हुए कहा कि घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को जागरूक करने का काम करें, समाजवादी पार्टी के किसी भी कार्यकर्ता का नाम मतदाता सूची से नहीं हटना चहिये। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव, पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष विजयपाल सैनी, जितेन्द्र यादव, विधानसभा अध्यक्ष आमिर रजा जैदी, चन्द्रपाल सैनी, पूर्व राज्य मंत्री जगराम सिंह, आलोक भारती, सचिन कुमार, वरुणजीत सिंह, हाजी इसरार, साबिर सैफी, जिताम्बर यादव, विपिन कौशिक,



राजेंद्र सिंह, राधेलाल रघुवंशी, विजयपाल सिंह, अशोक चौधरी, कुलदीप देवल, अमन सिरोही, सुरेन्द्र प्रधान, रविन्द्र, अरुण, देवेन्द्र सिंह काले आदि मौजूद रहे। बैठक के समापन पर बैठक संयोजक एवं पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने आभार व्यक्त किया।

## बाइक सवारों ने युवक को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बारात चढ़त करने के लिए जा रहे युवक को बाइक सवारों ने मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। पुलिस ने मेडिकल कराने के बाद एनसीआर कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बाईखेड़ा निवासी मुन्ना पुत्र विजय सिंह रविवार की शाम गंगा तट बांध से होकर ब्रजघाट बारात चढ़ाने के लिए बग्गी लेकर जा रहा था। गांव दियावली के समीप अज्ञात बाइक सवार युवकों ने बग्गी को रोक लिया। उसके बाद युवक बग्गी के ऊपर चढ़ गये। मुन्ना ने जब बग्गी पर कूद रहे युवकों का विरोध किया तो उन्होंने उसकी लात घुसों एवं डंडों से पिटाई कर उसे घायल कर दिया। मुन्ना जैसे तैसे कर कोतवाली पहुंचा तथा पुलिस को मामले से अवगत कराया। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराने के बाद एनसीआर दर्ज कर ली है।

# लघुशंका कर रहे फैक्ट्री कर्मी की बाइक उड़ा ले गए चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एक फैक्ट्री कर्मचारी का आरोप है कि जब वह लघुशंका कर रहा था तो दूसरी बाइक से आए तीन बदमाश उसकी बाइक और सीट पर रखा मोबाइल भी चोरी करके ले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव भारापुर निवासी राजू राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित निर्मल फाइबर कंपनी में ठेकेदार कर्मी है। वह रोजाना की तरह रविवार की रात साढ़े नौ बजे डयूटी करने के लिए फैक्ट्री जा रहा था। कुछ दूरी पर वह तालाब के पास लघुशंका करने रूक गया। मोटरसाईकिल सड़क किनारे खड़ी कर दी और उसकी सीट पर मोबाइल भी रख दिया। इसी बीच बाइक सवार तीन बदमाश आए और उसकी बाइक और मोबा. इल चोरी करके ले गए। राजू ने शोर मचाया तो आसपास के ग्रामीण जुटे और उनके फोन के माध्यम से पुलिस व परिवार को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि बाइक सवार लघुशंका करने के लिए रूका था और चोर उसकी बाइक व मोबाइल ले गए हैं। घटना में शामिल अपराधियों का पता लगाया जा रहा है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# गंगा तिगरी मेले को बनाया जीरो वेस्ट आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी के प्रयास से गंगा तिगरी मेला -2025 को कूड़ा मुक्त आयोजन (जीरो वेस्ट इवेंट) का प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया है।

सोमवार को इस सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए पालिका उप नगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार ने बताया गया की जिलाधिकारी द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी गंगा तिगरी मेला 2025 को पूरी तरह कूड़ा मुक्त आयोजन कराये जाने के आदेश देते हुए इसका थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन कराये जाने के लिए इंस्टिट्यूट ऑफ सस्टेनेबल डेवलपमेंट कुरुक्षेत्र को इस कार्य करने के लिए नामित किये जाने के लिए पत्राचार / पंजीकरण किया गया। इस कार्य की देखरेख के लिए मेला अधिकारी / अपर जिलाधिकारी वित्त राज्य श्रीमती गरिमा सिंह द्वारा नदीम अख्तर जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन शहरी को नामित किया गया। जिलाधिकारी के कुशल निर्देशन एवं अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व मे जनपद की समस्त निकायों द्वारा इस विशाल आयोजन को जीरो वेस्ट आयोजन बनाने के लिए जनजागरूकता, प्रचार प्रसार, व स्वच्छ भारत मिशन के घटको का पालन करते हुए प्रदेश के बड़े मेलो मे इंगित गंगा तिगरी मेला 2025 को पूरी तरहॉं जीरो वेस्ट इवेंट, कूड़ा मुक्त आयोजन बनाने के लिए योजनाबद्ध व व्यवस्थित प्रकार से कार्य किया गया।

# गैर कार्यों के विरोध में उतरे पंचायत सचिव

## आंदोलन को चलाएंगे चरणबद्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के आह्वान पर पंचायत सचिवों ने ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था, बढ़ते पोर्टल कार्यों और गैर-विभागीय जिम्मेदारियों के विरोध में ब्लॉक मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। सचिवों ने काली पट्टी बांधकर शासकीय कार्य करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया और कहा कि लगातार बढ़ रहे अतिरिक्त कार्यों के कारण पंचायत स्तर के मूल विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सचिवों ने चेतावनी देते हुए चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है।सचिव संदीप चौधरी ने कहा कि वे शासन-प्रशासन




का सम्मान करते हैं, लेकिन अनिवार्य ऑनलाइन उपस्थिति, अत्यधिक पोर्टल कार्य और गैर-विभागीय जिम्मेदारियों का बोझ दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इससे न केवल पंचायत स्तर पर विकास कार्य बाधित हो रहे हैं बल्कि सचिवों पर मानसिक और कार्यगत दबाव भी बढ़ रहा है। यदि शासन ने जल्द उचित कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। सचिवों ने बताया कि 5 दिसंबर को सभी सचिव ब्लॉक मुख्यालय पर धरना देंगे और ज्ञापन प्रेषित करेंगे। इसी दिन जनपद के सभी सरकारी व्हाट्सएप समूहों से सचिव सामूहिक रूप से लेफ्ट हो जाएंगे। 10 दिसंबर से सचिव अपने निजी वाहनों का उपयोग पूर्णतः बंद कर देंगे, जबकि 15 दिसंबर से सभी सचिव अपने डोंगल ब्लॉक कर देंगे, जिससे ऑनलाइन कार्य प्रणाली पूरी तरह ठप हो जाएगी। कार्यक्रम में आरती कुमारी, महेश कुमार, बंटी सिंह, संदीप सिंह, सुमित कुमार, रोहित चौधरी, राज. कुमार सैनी, अशोक कुमार, राज. कुमार सिंह सहित अनेक सचिव उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

## शादी समारोह से लौटते समय हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** शादी समारोह से घर लौट रहे बाइक सवार युवक की ट्रैक्टर टिपलर की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव करनपुर सुतारी निवासी 30 वर्षीय राजकुमार पुत्र करन सिंह अपनी ससुराल हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर में शादी समारोह में शामिल होने के बाद रविवार रात बाइक से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक हसनपुर संभल मार्ग पर काला खेड़ा पुल के पास पहुंची तभी ट्रैक्टर टिपलर से टकरा गई। टक्कर लगने से राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने 30 वर्षीय राज. कुमार को मृत घोषित कर दिया। राज. कुमार की मौत से उसकी पत्नी नेहा व तीन बेटियों का रोते-रोते बुरा हाल है। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर टिपलर लेकर मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष विकास कुमार सहरावत ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अज्ञात ट्रैक्टर चालक का पता लगाया जा रहा है।

# उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** जिला उद्यान विभाग अमरोहा द्वारा ऊर्जा स्पर्श एग्रो प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के 35 सदस्यों को 25 किलो प्याज का बीज निशुल्क वितरित किया गया।

ग्राम पंचायत छोया के पंचायत भवन पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ स्पर्श सोशल फाउंडेशन एवं

**■ 35 किसानों को वितरित किए प्याज के बीज**

उमंग डेयरीज लिमिटेड के सीएसआर के प्रोजेक्ट मैनेजर कृष्ण गोपाल द्वारा किया गया। जिसमें उपस्थित किसानों को स्पर्श सोशल फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में को जिला उद्यान



अधिकारी अवनीश कुमार श्रीवास्तव ने विभाग द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं की जानकारी दी। बताया कि विभाग की कई योजनाओं पर किसानों को सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है, जिसका लाभ किसान उठाएं और प्रगतिशील हों। कार्यक्रम में स्पर्श सोशल फाउंडेशन से शिवप्रसाद, दिनेश, सुमन, हेमंत, अरविन्द शामिल हुए। उमंग डेयरीज लिमिटेड से मैनेजर एचआर अबोध कौशिक, नरेंद्र चौहान आदि सम्मिलित रहे। किसानों ने इस प्रयास की सराहना की।

# एड्स एक गंभीर बीमारी, जागरूक होकर करें बचाव

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एडस दिवस के तत्वावधान में जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के सहयोग से हसनपुर रोड स्थित उमंग डेयरी लिमिटेड में एचआईवी एवं एडस के बारे में कंपनी के समस्त कर्मचारियों को जागरूक किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि, यह एक

**■ उमंग डेयरी लिमिटेड में हुआ कार्यक्रम**

महत्वपूर्ण पहल है, जो कर्मचारियों को इस गंभीर बीमारी के बारे में जागरूक करने और उन्हें इसके प्रति संवेदनशील बनाने में मदद करेगी। कहा कि एडस का कोई उपचार नहीं है, इसका बचाव ही




इसका सबसे बड़ा उपचार है। डॉक्टर्स की टीम ने कर्मचारियों को एडस के बारे में जागरूक किया और उन्हें इसके प्रति सावधाानी बरतने के तरीके बताए। इस अवसर पर डॉ.पवन, डॉ. आशु, डॉ.प्रशांत, उमंग डेयरीज से प्लांट हेड रमेश प्रसाद, एचआर हेड जयविंदर सिंह, एचआर मैनेजर अबोध कौशिक, मनोज धीमान, नरेंद्र चौहान आदि समेत अनेकों कर्मचारी मौजूद रहे।

## निबंध में कामनी, चार्ट में काजल प्रथम



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** विश्व एडस दिवस के अवसर पर सिद्धार्थ इंटर कॉलेज में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में कामनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोमवार को आयोजित प्रतियोगिता में प्रबंधक रविराज ने कहा कि एडस लाइलाज बीमारी है, जिसका बचाव ही जरूरी है। इसलिए डब्लयूएचओ द्वारा एडस से बचाव के लिए दी गई गाइडलाइन का पालन करें। निबंध प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर महक सैफी व तृतीय स्थान पर मुकुल सागर रहे। चार्ट प्रतियोगिता में काजल राणा प्रथम, अल्शिफा द्वितीय व हरप्रीत तृतीय स्थान पर रहे। जुबिलेंट फाउंडेशन की ओर से छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## पीस एजुकेशन कार्यशाला आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** भागीरथी कॉलेज में द प्रेम रावत फाउंडेशन की ओर से आयोजित पाँच दिवसीय पीस एजुकेशन कार्यशाला का रविवार को सफल समापन हो गया। स्टूडेंट-टीचर ट्रेनिंग वर्कशॉप श्रृंखला में कुल 75 छात्र-शिक्षकों ने भाग लिया। 10 सत्र पूरे करने वाले प्रतिभागियों को फाउंडेशन की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप जीवन कौशल व आत्म-चिंतन पर आधारित बताया गया। चीफ प्रॉक्टर डॉ. अनिल कुमार सिरोही ने कहा कि पीस एजुकेशन व्यक्ति को आत्म-संवाद व सकारात्मक दृष्टिकोण की ओर प्रेरित करती है। वहीं अभय कुमार ने मानसिक तनाव और आत्म-सम्मान की कमी से जूझ रहे युवाओं के लिए ऐसी पहल को अत्यंत आवश्यक बताया। प्रतिभागियों ने कार्यशाला को प्रेरणादायक अनुभव बताया। कार्यक्रम में संजीव कुमार, राजेंद्र अग्रवाल, प्रतिभा सारस्वत, ममता अग्रवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## अवैध रूप से संचालित प्राईवेट अस्पताल सील



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** बिना पंजीकरण के चल रहे एक अस्पताल को एसडीएम/डिप्टी कलेक्टर चंद्रकांता व गजरौला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉ.योगेन्द्र सिंह ने सील कर दिया। सोमवार को डिप्टी कलेक्टर चंद्रकांता व सीएचसी अधीक्षक डॉ.योगेन्द्र सिंह ब्लॉक क्षेत्र के गांव कांकाठेर में स्थित एक अवैध रूप से संचालित प्राइवेट अस्पताल में पहुंचे। यहां पर पर कोई भी व्यक्ति या संचालक ऐसा नहीं मिला जिसके द्वारा कोई अभिलेख आदि मिल सके। जिसके बाद अस्पताल को सील कर दिया गया। अस्पताल में ओटी टेबल, दवाईयां आदि मिले, हालांकि कोई मरीज नहीं मिला।

# अंकित ने चमकाया अमरोहा का नाम

## यूनिवर्सिटी शूटिंग चैम्पियन में जीता गोल्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रुहेलखण्ड विश्व. विद्यालय, बरेली में आयोजित अंतर महाविद्यालयीय शूटिंग प्रतियोगिता में जगदीश सरन हिंदू पीजी कॉलेज के बी.ए. तृतीय सेमेस्टर के छात्र अंकित कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

इसी के साथ अंकित ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी शूटिंग चौंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई कर अमरोहा और महाविद्यालय दोनों का मान बढ़ाया। आज महाविद्यालय परिसर में



प्राचार्य व सभी शिक्षकों ने अंकित कुमार का सम्मान किया और उन्हें आगे के बड़े मंच पर भी स्वर्ण पदक जीतने का आशीर्वाद दिया। महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ. गौरव सिंह ने अंकित को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल शुरुआत है, ऑल इंडिया लेवल पर गोल्ड मेडल ही उनका अगला लक्ष्य होना चाहिए। प्राचार्य प्रो. वीर वीरेंद्र सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि अंकित का यह प्रदर्शन न केवल कॉलेज बल्कि पूरे अमरोहा के लिए गर्व की बात है। संस्थान ने आश्वासन दिया कि आगामी प्रतियोगिताओं के लिए अंकित को हर संभव सुविधा और सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक घायल

**मंडी धनौरा।** बछरायूं थाना क्षेत्र में सोमवार को रेलवे लाइन पर एक युवक ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में जनपद बिजनौर के किरतपुर कस्बे के ग्राम बेरहमपुर निवासी विनोद कुमार पुत्र रतन सिंह बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडी धनौरा ले गए। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## साइबर फ्राड से बचने के बताए तरीके

**मंडी धनौरा।** थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने जन सेवा केंद्र संचालकों और सिम विक्रेताओं को बुलाकर साइबर अपराध की वह गुप्त चाबी खोलकर बताई, जिससे ठगों का जाल टूट सके। गोष्ठी में प्रभारी ने बढ़ते साइबर फ्रॉड, फर्जी आईडी, ऑनलाइन ठगी और डिजिटल चोरी के नए-नए हथकंडों को रोचक अंदाज में समझाया। उन्होंने कहा कि सिम एक्टिवेशन में जरा सी चूक भी बड़ा नुकसान करा सकती है, किसी भी ग्राहक की फर्जी आईडी, संदिग्ध हरकत या असामान्य गतिविधि की तुरंत थाना स्तर पर सूचना देने के निर्देश दिए गए।

## काली मंदिर में हुई शिव परिवार की प्रतिष्ठा



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** टीचर्स कॉलोनी में स्थित मां काली मंदिर में भगवान शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। सोमवार को वृदांवन से आए आचार्य रामनिवास व अनिल दीक्षित ने यजमान के साथ शिव परिवार का नगर भ्रमण कराया और उसके बाद मंदिर भवन में शिव-पार्वती, गणेश, शिवलिग व नंदी की प्राण प्रतिष्ठा कराई। पूर्णाहुति के बाद प्रसाद वितरित हुआ। इस मौके पर सुरेंद्र स्टेट, शशिकांत शर्मा, रघुनाथ वर्मा, मदन शर्मा, सिद्धराज सिंह, विपिन शर्मा, सर्वेश सक्सेना, सुनील वर्मा कुलदीप चौधरी, अजय कुमार, धर्मवीर चौहान, साकेत वर्मा, योगेंद्र शर्मा मौजूद रहे।

# जीएमएस कालेज में विश्व एड्स दिवस पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रजबपुर।** जीएमएस ग्रुप ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल साईंस शकरपुर में ''विश्व एड्स दिवस'' पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और समुदाय के बीच एड्स के बारे में जागरूकता फैलाना, एड्स को समाप्त करने के प्रयासों में एकजुट होने, बीमारी में जान गंवाने वालों के प्रति याद तथा बीमारी से ग्रस्त लोगों के प्रति समर्थन दिखाना था। एएचआईवी अर्थात ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस है तथा यह इंफेक्शन समय बढ़ने के साथ



एड्स बन जाता है। यह वायरस शरीर प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर बना कर शरीर में मौजूद सेल्स को समाप्त करने का कार्य करता है। एड्स के विरूद्ध लड़ाई में एकजुटता दिखाने के लिए लाल रिबन एक प्रमुख प्रतीक है। इस अवसर पर चेयरमैन शाहनवाज अली ने कहा कि 1 दिसम्बर को पूरी दुनिया में विश्व एड्स दिवस पिछले 37 वर्षो से मनाया जाता है। एड्स के प्रति जागरूकता ही इस बीमारी के प्रसार को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय है। समाज में फैली गलत धारणाओं को दूर करना और बीमारी से पीड़ितों को सम्मान एवं सहयोग देना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में प्रमोद कुमार, हिना, सोरन सिंह, नेहा श्रीवास्तव, शिवाली, रूपल, राहुल कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 जफर वसी ने किया।

## सेल्समैन के साथ मारपीट, चार पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** शराब को लेकर हुई कहासुनी ने बड़ा रूप ले लिया। ग्रामीण के भाई ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर सेल्समैन के साथ न केवल मारपीट की बल्कि उसके धारदार हथियार का वार करके घायल भी कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुक. दमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना गजरौला के गांव चाकीखेड़ा निवासी भरत सिंह का पुत्र यशपाल हाइवे स्थित गांव ख्यालीपुर ढ़ाल पर देशी शराब की दुकान पर सेल्समैन है। रविवार को खुंगावली गांव निवासी राजेश के पुत्र सतीश से उसकी शराब को लेकर कहा. सुनी हो गई थी। उस समय तो मामला रफा दफा हो गया था मगर शाम के समय जब यशपाल सामने स्थित दुकान पर सामान लेने गया तो सतीश के भाई बंटी और तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उसके साथ लाठी डंडो से मारपीट की और धारदार हथियार का वार करके घायल कर दिया।

**सार्वजनिक सूचना**
**रामलीला प्रबंध समिति - मंदिर महादेव( धनौरा )**

सभी आजीवन सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 06 दिसंबर 2025, शाम 7:00 बजे, स्थान - गढ़ी मंदिर, समिति के चुनाव एवं चुनाव अधिकारी से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है।
अतः सभी आजीवन सदस्यों से निवे. दन है कि समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की कृपा करें।

सचिव
पवन गुप्ता
रामलीला प्रबंध समिति,
मंदिर महादेव (धनौरा)

# गन्ने के खेत में पड़ा मिला लावारिस सूटकेस

## सूटकेस के अंदर महिला का पुराना कंकाल देख उड़े किसान के होश, पुलिस जांच में जुटी



**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे-9 पर सोमवार सुबह एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया। रामा अस्पताल के सामने गांव कस्तला कासमाबाद के पास, एक किसान को अपने गन्ने के खेत के किनारे काले रंग का लावारिस सूटकेस मिला। जैसे ही किसान ने सूटकेस खोला, अंदर महिला का कंकाल देख उसके होश उड़ गए और उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। गांव निवासी योगेंद्र सिंह, जो बीते 15 साल से दस बीघा खेत लीज पर लेकर खेती कर रहे हैं, सोमवार सुबह करीब 11 बजे खेत में गन्ने की फसल के बीच काम कर रहे थे। सूटकेस खेत की मेड़ पर सर्विस रोड के बेहद करीब पड़ा हुआ था। पहले उन्हें लगा कि यह किसी राहगीर का छूटा हुआ सामान होगा, लेकिन जब उन्होंने इसे खोला तो अंदर सिर्फ हड्डियों का ढांचा था, जिसे देखकर वे घबरा गए और तुरंत यूपी-112 पर कॉल कर पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी श्यौपाल सिंह और सीओ जितेंद्र शर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचे और खेत के हिस्से को घेरा. बंदी कर सुरक्षित किया। कुछ देर बाद एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह भी भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे। इफॉरेंसिक टीम ने सूटकेस और आसपास से जरूरी नमूने एकत्र कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, कंकाल काफी पुराना प्रतीत हो रहा है, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि यह कई महीने से लेकर एक साल से भी ज्यादा पुराना हो सकता है। महिला की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाल रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि सूटकेस वहां किसने और कब रखा। इस खौफनाक घटना के बाद गांव और आसपास के इलाके में डर का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोग हाईवे किनारे खेतों की तरफ जाने से भी बच रहे हैं। पुलिस ने अपील की है कि यदि किसी के परिवार की कोई महिला लापता है या इस मामले से जुड़ी कोई भी जानकारी हो तो तत्काल पुलिस से संपर्क करें। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कहा कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## फर्जी दस्तावेज़ों से बैनामा करने वाले गिरोह का हुआ पर्दाफाश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में अपराध नियंत्रण व फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कपूरपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज़ों के माध्यम से जमीन का बैनामा कराने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है।

कपूरपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम द्वारा सटीक सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए वैष्णो धाम मंदिर, ग्राम सपनावत के पास से इन आरोपियों को पकड़ा गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ये लोग फर्जी दस्तावेज़ तैयार कर जमीन की खरीद-फरोख्त में धोखाधड़ी कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सोनू पुत्र श्योराज, निवासी ग्राम करीमपुर भाईपुर, थाना धौलाना, राजकुमार पुत्र मुकेश सिंह, निवासी ग्राम सपनावत और सोनी पत्नी करमव. ीर, निवासी ग्राम धनौरा, जनपद बुलंदशहर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज किया गया है और उनसे पूछताछ जारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि तीनों आरोपियों को विधिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजने का आदेश दिया गया। थाना कपूरपुर पुलिस द्वारा मामले में आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## बुजुर्ग से 10,500 की ठगी, सीसीटीवी में कैद हुआ जालसाज



**हापुड़।** शहर में ठग अब बेखौफ होकर दिनदहाड़े वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। सोमवार दोपहर शहर के सबसे व्यस्त व पॉश इलाके रेलवे रोड पर एक बुजुर्ग से 10,500 रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। खास बात यह रही कि यह पूरी घटना नज़दीक स्थित एक ज्वैलरी शोरूम के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। पीड़ित बुजुर्ग राजेंद्र कुमार शर्मा, जो मूल रूप से गांव अनहेड़ा के निवासी और भाजपा नेता एवं पूर्व सभासद योगेंद्र पंडित के रिश्तेदार हैं, दोपहर के समय अपनी पेंशन की रकम निक. ालने के लिए बैंक पहुंचे थे। उन्होंने 10,500 रुपये निकालकर अपने बैग में सुरक्षित रखे और रेलवे रोड पर प्लाजा के आसपास किसी परिचित से मिलने रुक गए। इसी दौरान एक युवक उनके नज़दीक आया और परिचय बढ़ाते हुए कहा कि अंकल जी, मैं आपके बेटे को जानता हूं, पेंशन विभाग में काम करता हूं। अगर कोई काम हो तो बताइए। उसने बड़ी सफाई से बातों में बुजुर्ग को उलझाया और फोन नंबर देने के बहाने उनके हाथ से बैग लेकर रफूचक्कर हो गया। जब तक बुजुर्ग कुछ समझ पाते, युवक पैसे लेकर भीड़ में गायब हो चुका था। बुजुर्ग ने घटना के बाद तुरंत अपने दामाद योगेंद्र पंडित को फोन किया वे बिना देर किए मौके पर पहुंचे और कोतवाली पुलिस को जानक. ारी दी। पास के ज्वैलरी शोरूम में सीसीटीवी चेक किया गया, जिसमें ठग की करतूत साफ दिखाई दे रही थी। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज स्पष्ट है। आरोपी की पहचान की जा रही है और जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। पूर्व सभासद योगेंद्र पंडित ने बताया कि जिस तरह से ठगों ने बुजुर्ग को अपना शिकार बनाया, उससे परिवार चिंतित है। ऐसे अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। लोग अनजान व्यक्ति पर भरोसा न करें और अपने सामान व पैसे लेकर सतर्क रहें।

## किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा ने प्रशासन को घेरा, तीन मुद्दों पर मांगा ठोस कदम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ अपनी नाराज़गी जताई। बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों के काफिले के साथ पहुँचे किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर उपजिला. धिकारी को राष्ट्रपति के नाम संबो. धित ज्ञापन सौंपा और जल्द समाधान की मांग की।

संगठन के जिलाध्यक्ष अरुण प्रधान ने कहा कि जिले के किसान इन दिनों कई मोर्चों पर संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा किसानों के पुराने ट्रैक्टरों और निजी वाहनों की जाँच के नाम पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है, जिससे खेती-किसानी के काम प्रभावित हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि नियमों की आड़ में उन्हें परेशान किया जा रहा है और इससे उनके दैनिक कार्य बाधित हो रहे हैं। प्रदर्शनकारी किसानों ने मिलों द्वारा गन्ना भुगतान में हो रही देरी को भी बड़ा मुद्दा बताया। उनका कहना है कि सिंभावली और बृजनाथपुर क्षेत्र की चीनी मिलों में अब तक पिछले सत्र का भुगतान लंबित है, जिसकी वजह से किसान लगातार आर्थिक दबाव महसूस कर रहे हैं। इसके अलावा आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या को भी किसानों ने गंभीर समस्या बताया। किसानों के अनुसार, खुले में घूम रहे पशु फसलों को भारी नुकसान पहुँचाने के साथ-साथ दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहे हैं, जिससे ग्रामीण इलाकों में भय और असुरक्षा का माहौल है। ज्ञापन सौंपने आए किसानों ने कहा कि हमारे हक़ की लड़ाई अब सड़क से लेकर प्रशासन तक पहुँचेगी, किसान को राहत नहीं मिली तो आंदोलन और तेज़ होगा। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से सिराज सैफी, विपिन नागर, अमित मावी, ज्ञानेंद्र सिंह, दीपक कुमार, अमित बैंसला और अन्य किसान नेता मौजूद रहे। संगठन ने प्रशासन से सभी मुद्दों पर निष्पक्ष और संवे. दनशील कार्यवाही की अपील की है और कहा कि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में बड़ा जनांदोलन किया जाएगा।

## दिसम्बर माह में छोटे बच्चों व गर्भवतियों को मिलेगी सुरक्षा की ढाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में नियमित टीकाकरण को गति प्रदान करने के लिए दिसम्बर माह में टीका उत्सव मनाया जाएगा। यह अभियान नियमित टीकाकरण सत्रों के माध्यम से संचालित होगा, जिसमें 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों और गर्भवतियों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार ने बताया कि बच्चों को 12 प्रकार की गंभीर बीमारियों जैसे खसरा, रूबेला, टिटनेस, डिप्थीरिया, काली खांसी, हेपेटाइटिस-बी, निमोनिया आदि से बचाने के लिए 5 साल की अवधि में 7 बार टीकाकरण कराना अनिवार्य है। टीका उत्सव के दौरान छूटे हुए बच्चों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी, खासकर वे जिन्हें पेन्टा-1, एमआर-1, एमआर-2 और डीपीटी बूस्टर-2 का टीका नहीं लग पाया है। ऐसे लाभार्थियों की सूची पहले ही संबंधित विभागों को उपलब्ध करा दी गई है। डा. सुनील कुमार ने यह भी स्पष्ट किया कि अभियान की सभी गतिविधियां यू-विन पोर्टल के माध्यम से संचालित की जाएंगी। पहले से पंजीकृत बच्चों के रिकॉर्ड को अद्यतन करते हुए पूर्ण टीकाकरण कराया जाएगा, साथ ही अपंजीकृत बच्चों का पंजीकरण कर उनका टीकाकरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। टीका उत्सव के प्रचार-प्रसार व जागरूकता के लिए शहरी एवं ग्रामीण स्तर पर विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, ताकि टीकाकरण के प्रति समुदाय में सकारात्मक संदेश पहुंचे। अभियान की निगरानी और सफल संचालन के लिए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को ब्लॉक पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वेद प्रकाश, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. योगेश गुप्ता, डब्ल्यूएचओ से डा. भरत दुबे, यूएनडीपी से कासिम चौधरी सहित अन्य सहयोगी अधिकारी उपस्थित रहे।

## बेखौफ चोरों का आतंक, वरिष्ठ पत्रकार के घर लाखों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। नगर कोतवाली क्षेत्र में रविवार देर रात चोरी की एक सनसनीखेज़ वारदात सामने आई है, जिसमें चोरों ने जिले के वरिष्ठ पत्रकार दैनिक भास्कर के जिला प्रभारी नवीन गौतम के आवास को निशाना बनाया और लाखों रुपये के आभूषण व नकदी पर हाथ साफ कर फरार हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पत्रकार नवीन गौतम रविवार रात अपने निवास का ताला लगाकर परिवार सहित एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात जब वे समारोह से वापस लौटे, तो उनके घर के बाहर लगे ताले टूटे हुए मिले। अंदर प्रवेश करते ही पूरा घर अस्त-व्यस्त पड़ा था और सामान बिखरा हुआ था। मुख्य रूप से घर में रखी अलमारी के ताले भी टूटे हुए थे। जब अलमारी की जांच की गई, तो उसमें रखे लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और लाखों की नकदी गायब मिली। चोरी की इतनी बड़ी वारदात देख परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई। तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुँची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने में लग गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए कुछ ही देर में सदर क्षेत्रधिकारी वरुण मिश्रा भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया। पुलिस अधिका. रियों ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच उच्च प्राथमिकता पर की जा रही है। आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, संभावित संदिग्धों से पूछताछ जारी है और तकनीकी टीम को भी सुरागरसी में लगाया गया है। क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा ने बताया कि चोरी का मामला बेहद गंभीर है, पुलिस हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर आरो. पियों को गिरफ्तार किया जाएगा और चोरी का सामान भी बरामद किया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार के घर चोरी की इस वारदात ने यह स्पष्ट कर दिया है कि चोर किसी भी स्तर, पेशे या वर्ग का लिहाज किए बिना वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए उन्हें सलाखों के पीछे पहुँचाया जाएगा।

### एक नजर

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दो होमगार्ड घायल, एक की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में सलाई ओवर ब्रिज के पास सोमवार सुबह हुए सड़क हादसे ने इलाके में सनसनी फैला दी। ड्यूटी से लौट रहे बाइक सवार दो होमगार्डों को एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में होमगार्ड टीकम सिंह की हालत अत्यधिक नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें आपात स्थिति में दिल्ली के एम्स अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं उनके साथी महिपाल का इलाज फिलहाल मेरठ के एक निजी चिकित्सालय में चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार बाबूगढ़ क्षेत्र के ग्राम मुबारिकपुर सला. मतपुर के निवासी सुकेंद्र कुमार ने बताया कि टीकम सिंह उनके सगे भाई हैं, जो हाफिजपुर थाने में होमगार्ड के तौर पर सेवाएं दे रहे हैं। वह नाइट शिफ्ट पूरी करने के बाद सुबह में अपने सहयोगी महिपाल के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। वाहन महिपाल चला रहे थे और पीछे टीकम सिंह बैठे हुए थे। जैसे ही बाइक ओवर ब्रिज के मोड़ के पास पहुंची, अचानक पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और दोनों सड़क पर गिर पड़े। टक्कर की आवाज सुनकर मौके पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय निवासियों ने तत्काल मदद के लिए कदम बढ़ाया और दोनों घायलों को पास के जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच में बताया कि टीकम सिंह के सिर और रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि महिपाल के हाथ-पैर में फ्रैक्चर सहित कई गहरे घाव हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए टीकम सिंह को मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, लेकिन हालात में सुधार न होने के कारण उन्हें तुरंत दिल्ली एम्स भेजा गया। थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने पुष्टि करते हुए कहा कि पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही आरोपी को ट्रेस कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## लूट की वारदात का खुलासा, दो बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराध और बदमाशों के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त पुलिस अभियान के तहत थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने लूट की एक बड़ी घटना का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए दो मोबाइल फोन, 2400 रुपये की नकदी और दो अवैध चाकू भी बरामद किए हैं।

थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस कप्तान के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम और फरार अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान लगातार जारी है। इसी अभियान के अनुपालन में थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में हाल ही में हुई लूट की वारदात पर गंभीरता से काम करते हुए आरोपियों की तलाश में विशेष टीमें गठित की गई थीं। मुखबिर की सटीक सूचना और कुशल रणनीति के तहत पुलिस टीम ने मेला रोड पुलिया के पास से घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान बदमाशों के पास से लूटे हुए मोबाइल, नकदी और अवैध चाकू मिले, जिन्हें तत्काल सीज़ करते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई। पुलिस रिकॉर्ड और पूछताछ में बदमाशों की पहचान मोहित पुत्र राकेश, निवासी ग्राम लठीरा, थाना गजरौला, जनपद अमरोहा और जितेन्द्र पुत्र चन्द्रसेन, निवासी ग्राम लठीरा, थाना गजरौला, जनपद अमरो. हा के रूप में हुई है।थाना प्रभारी बालियान ने बताया कि आरोपी लूट की योजना बनाकर राहगीरों को टारगेट करते थे और धारदार चाकू दिखाकर लोगों को डरा-धमकाकर मोबाइल एवं नकदी लूट लेते थे। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने पीड़ित पक्ष को भी जल्द न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।

## चोरी से पेड़ काटने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव शेरा कृष्णा वाली मढैंया निवासी चमन सिंह सिंह ने बताया कि दो दिन पूर्व वह अपने खेत पर गया था। वहां उसने देखा कि उसका पड़ोसी ने उसके खेत पर खड़े करीब सात सफेदे के पेड़ोकं को चोरी से काट लिए। पीड़ित ने इसको लेकर विरोध किया तो आरोपी ने उनको अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## हवन पूजन कर मनाई कुलदीप पुनिया की पुण्यतिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** 11 वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ के सकुमा में नक्सली हमले में शहीद हुए सिंभावली के गांव जमालपुर निवासी कुलदीप पुनिया की 11वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव में मध्य गंग नहर पटरी पर स्थित शहीद पार्क पर हवन पूजन का आयोजन किया गया।

गांव जमालपुर निवासी किसान धर्मपाल सिंह उर्फ कलवा का 26 वर्षीय पुत्र कुलदीप पूनिया सीआरपीएफ में 2009 में भर्ती हुआ था। 11 वर्ष पूर्व एक दिसंबर की दोपहर को कुलदीप अपने डिप्टी कमांडेंट डीएस वर्मा, असिस्टेंट कमांडेंट राजेश कपूरिया और कोबरा बटालियन के जवानों के साथ चिंतागुफा के घने जंगलों में सर्च आपरेशन पर गया था। लौटते समय जब टीम एलमागुडा की पहाड़ी के पास पहुंची, तब नक्सलियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें कुलदीप पूनिया के अलावार डिप्टी कमांडेंट डीएस वर्मा, असिस्टेंट कमांडेंट राजेश कपूरिया समेत चौदह जवान शहीद हो गए थे। सोमवार सुबह को गांव में स्थित मध्य गंग नहर पटरी पर स्थित शहीद कुलदीप पूनिया पार्क पर पुण्यतिथि मनाते हुए हवन पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान शहीद के पिता धर्म पाल सिंह व माता ब्रह्मवती द्बारा पूठ गुरूकुल के आचार्य अखिलेशान्नद से यज्ञ कर बलिदानी कुलदीप पुनिया की आत्मा की शांति के लिए आहूति दी। इस अवसर पूर्व वायु सेना अधिकारी मनबीर सिंह, कैप्टन गोपीचंद, सब इंसपेक्टर जगबीर सिंह, सूबेदार नरेंद्र, मास्टर उदयवीर आदि उपस्थित रहे।

## खाकी और खादी के संरक्षण में बड़े पैमाने पर चल रहा मिट्टी का अवैध खनन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के क्षेत्र में खाकी और खादी के संरक्षण में बहुत बड़े पैमाने पर पनप रहा अवैध मिट्टी खनन का गोरख धंधा। शाम के बाद अंधेरा होते ही मिट्टी खनन माफिया उठा रहे फायदा। शाम ढलते ही जेसीबी और डंपरो से क्षेत्र में बहुत बड़े पैमाने पर शुरू हो जाता है खनन।

बता दें कि क्षेत्र के गांव कुलपुर से गढ़ की तरफ सैकड़ो डंपर लगातार खनन कर रहे हैं, पहले यह लोग रात में खनन करते थे लेकिन आजकल 24 घंटे दिन में भी यह खनन माफिया धरती का सीना चीर रहे हैं। गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में खाकी और खादी के संरक्षण में बहुत बड़े पैमाने पर चल रहा अवैध मिट्टी खनन का कारोबार है। सूत्रों की माने तो जेस. ीबी मशीन और डंपरों से क्षेत्र में बहुत बड़े पैमाने पर जिला प्रशासन की आंखों में धूल झोंकते हुए प्राइवेट प्लाटों में मिट्टी बेचने का यह गोरख धंधा मिट्टी खनन माफियाओं के द्वारा रातों-रात अमीर होने की चाह में सभी नियमों को तक पर रखकर अपने इस गोरख धंधे को अंजाम दिया जा रहा है। वही ग्रामीणों ने नाराज होकर खनन माफिया पर सड़क तोड़ने का आरोप लगाया है, साथ ही गोपनीय सूत्रों का कहना है कि इतने बड़े पैमाने पर चल रहा है यह अवैध मिट्टी खनन का गोरख धंधा स्थानीय पुलिस प्रशासन को नजर नहीं आ रहा है। क्योंकि मिट्टी खनन माफिया के द्वारा अपने सफेद पोश खादी आंक. ाओं के द्वारा खाकी की आंखों पर चांदी का चश्मा लगाया हुआ है। जिसकी चमक में खाकी को यह गोरख धंधा नजर नहीं आ रहा है। जबकि रात के साथ-साथ दिन में भी मिट्टी से भरे हुए डम्पर पुलिस चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों की आंखों के सामने से गुजरते हुए अपने गोरख धंधे को अंजाम दे रहे हैं। वही जब इस मामले को लेकर जिला खनन अधिकारी नीलू शर्मा से वार्ता करने की कोशिश की गई। तो पहले तो उन्होंने फोन रिसीव करना ही उचित नहीं समझा।

## अपने सामान के रुपये मांगने पर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला आदर्श नगर निवासी मूलचंद ने बताया कि वह शराब ठेके के निकट चाय की दुकान करते है। पीड़ित ने बताया कि दो दिन पूर्व उसकी दुकान पर तीन युवक आए और अंडे खाने के लिए। पीड़ित ने अपने रुपये मांगे तो आरोपियों ने रुपये नहीं दिए और गाली गलौज करने लगे। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ पिटाई कर दो हजार रुपये लेकर चले गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

## जेठ पर लगाया छेड़छाड़ करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने बताया कि उसकी शादी क्षेत्र के गांव निवासी युवक से हुआ था। शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लोगों ने उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया। इसको लेकर वह शांत रही, लेकिन आरो. पियों के व्यवहार नहीं बदल सका। पीड़िता ने बताया कि उसकी पति की गैर मौजूदगी उसका जेठ उसको अकेला पाकर छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता ने ऐसा करने से मना किया तो आरोपियों ने उसको पीटकर घायल कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी चार दिन पूर्व घर से बाजार में सामान लेने के लिए गई थी। देर शाम तक जब बेटी घर नहीं आई तो परिवार के लोगों ने उसको काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## क्रीड़ा भारती द्वारा रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** क्रीड़ा भारती हापुड़ द्वारा सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आभार चैरिटेबल ट्रस्ट और शुभम हॉस्पिटल, स्वर्गाश्रम रोड, हापुड़ के संयुक्त सहयोग से आयोजित हुआ।

शिविर का शुभारंभ क्रीड़ा भारती के प्रांतीय अध्यक्ष विशाल मित्तल द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान केवल एक जीवन बचाने का पुण्य कार्य ही नहीं, बल्कि इससे दानदाता के शरीर को भी कई स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर रक्तदान करने से शरीर में नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण तेजी से होता है। क्रीड़ा भारती हापुड़ के नगर अध्यक्ष गौरव गोयल सर्राफ ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा समाज हित में रक्तदान शिविर के साथ-साथ विभिन्न जागरूकता एवं स्वास्थ्य आधारित कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन किया जाता है। शिविर में उपस्थित पदाधिकारियों, संरक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने संस्था की इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्यों में सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर विभाग संयोजक सुदर्शन त्यागी, जिला कोषाध्यक्ष आशीष गर्ग, डाक्टर सुरभी गर्ग, नगर अध्यक्ष गौरव गोयल सर्राफ, महिला जिला कोषाध्यक्ष नीलम गुप्ता, संरक्षक बृजेश गोयल सर्राफ, जिला कार्यकारिणी सदस्य संतोष अग्रवाल, दीपांशु गर्ग एवं अन्य नागरिक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कमिश्नर-महापौर ने खादी एवं स्वावलंबन उत्सव का किया उद्घाटन

■ बरेली में 10 दिसंबर तक चलेगा उत्सव, कमिश्नर ने खरीदारी की अपील की



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा बिशप मंडल इंटर कॉलेज ग्राउंड में मंडल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 'खादी एवं स्वावलंबन उत्सव-2025' का उद्घाटन किया गया। यह प्रदर्शनी 1 दिसंबर से 10 दिसंबर 2025 तक चलेगी। महापौर डॉ. उमेश गौतम, कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी और सीडीओ देवयानी ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया।

अतिथियों ने मंच पर दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। द्रौपदी कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और साहू गोपीनाथ कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। इन छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

इस मंडल स्तरीय प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यों और शहरों के उत्कृष्ट उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। इनमें खुर्जा की प्रसिद्ध क्रॉकरी, मुरादाबाद का ब्रास वर्क, कानपुर का लेदर उद्योग, वाराणसी की रेशमी साड़ियां, कश्मीर की गर्म शॉलें, बरेली की जरी, फर्नीचर व हैंडीक्राफ्ट शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, रामपुर का प्राकृतिक शहद, भदोही के कालीन, राजस्थान के बीकानेर की भुजिया, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड की इकाइयों के उत्पाद भी उपलब्ध हैं। सूती-रेशमी कपड़े, हस्तनिर्मित खिलौने, मिट्टी कला, रेडीमेड गारमेंट्स और मूर्तियां जैसे उत्पाद भी प्रदर्शित किए गए हैं।

अतिथियों ने सभी स्टॉलों का भ्रमण कर अवलोकन किया और आम जनता से खादी ग्रामोद्योग उत्पादों को अधिक से अधिक खरीदने की अपील की। इसका उद्देश्य इकाइयों और उनमें कार्यरत कारीगरों को रोजगार के अधिक अवसर प्रदान करना और उनकी आय में वृद्धि करना है। प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र और राजस्थान जैसे अन्य राज्यों के स्टॉल भी लगाए गए हैं।

इस अवसर पर कमिश्नर भूपेन्द्र एस. चौधरी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का भ्रमण किया और प्रशंसा भी की। उन्होंने आम जनमानस से खादी ग्रामोद्योग उत्पादों को अधिक से अधिक खरीदने की अपील की ताकि इकाईयों एवं उनमें कार्यरत कारीगरों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सकें।

महापौर डॉ. उमेश गौतम ने अन्य प्रदेशों द्वारा लगाए गए स्टॉलों की सराहना की। उन्होंने आम जनमानस से अधिक से अधिक खरीदारी करने और विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाने की भी अपील की। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता द्वारा महापौर, कमिश्नर एवं सीडीओ को अंगवस्त्र तथा चरखे की प्रतिकृति भेंट की गयी।

# उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्ति दर्ज कराने को लगा कैम्प



शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** वक्फ संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराए जाने को लेकर क्षेत्र में खलवली मची हुई है। समय कम होने को देखते हुए सोमवार को कस्बे में एक कैम्प लगाकर कई वक्फ संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराया।

नगर के हाजी जमील स्कूल में लगाए गए इस कैम्प में ग्राम गरगैया, रसूला तालिब हुसैन, बहोरनगला के साथ ही कस्बे की कई मस्जिदों के मुतवल्लियों ने शिरकत की। सपा नेता प्रो. राशिद अंसारी द्वारा लगवाए गए इस कैम्प में अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के सदर असलम अंसारी, स्कूल के प्रधानाचार्य एजाज अहमद, आफाक आलम, इस्तेखार हुसैन, रियाजउद्दीन, पूर्व प्रधान मो0 हारून, जावेद अख्तर, मेराज अहमद, यासीन खां, इकरार भाई, हाजी अशफाक अहमद अंसारी, अरशद अंसारी आदि मौजूद रहे। कस्बे में लगे इस कैम्प में कई वक्फ संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराया गया। प्रो. राशिद अंसारी ने बताया कि यह कैम्प आज भी जारी रहेगा।

उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपनी-अपनी वक्फ संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराए जाने की अपील की है।

## एक नजर

# पत्नी को मायके से वापस लाने के लिए एसएसपी से लगाई गुहार

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम रुस्तमनगर निवासी एक ग्रामीण ने अपनी पत्नी को मायके से वापस लाने के लिए एसएसपी से गुहार लगाई है। पति ने आरोप लगाया है कि पत्नी अपने साथ आभूषण व नकद रुपए भी साथ ले गई है। कई बार बुलाने के बाद भी उनकी पत्नी वापस नहीं आई।

ग्राम रुस्तमनगर निवासी एक व्यक्ति ने एसएसपी को लिखे प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी पत्नी बीती 25 नवंबर को अपने पिता व भाई के साथ मायके चली गई। पति ने आरोप लगाया है कि उसकी गैर मौजूदगी में उसकी पत्नी अपने साथ घर में रखे पांच तोले सोने के आभूषण, पच्चीस तोले चांदी के आभूषण व पचास हजार रुपए नकद ले गई। शिकायत थाना पुलिस से की गई, मगर पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की।

# गुलाब नगर में एसआईआर फॉर्म कैम्प की धूम, भीड़ ने दिखाया जोश



शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** गौरी शंकर मंदिर परिसर में आज सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक पूरी तरह चुनावी रंग में रंगा रहा। गुलाब नगर के बूथ 37, 38, 39 और 43 पर लगे एसआईआर फॉर्म कैम्प में इलाके के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कैम्प पूरे दिन गहमा-गहमी का केंद्र बना रहा।

कैम्प की कमान बीएलओ विकास अग्रवाल, कविता तिवारी, चंद्र प्रकाश गौतम और सुधांशु कुमार बाजपेयी ने संभाली। मौके पर वार्ड 58 के पार्षद नितिन सक्सेना, पंडित गोपाल मिश्रा, उमेश सक्सेना और अन्य गणमान्य भी मौजूद रहे, जिनकी उपस्थिति से लोगों का उत्साह और भी बढ़ गया। बनखाना और नगर क्षेत्र में आंशिक रूप से लगे इस कैम्प में सुबह से ही लोगों की लाइनें लगी रहीं। मतदाता सूची से जुड़े काम करवाने के लिए युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने सक्रिय भागीदारी दिखाई।

# बालपुर में आंगनवाड़ी घोटाला! छह माह से पोषाहार में खेल

■ विरोध पर कार्यकत्री का पति दे रहा धमकियां




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** दमखोदा ब्लॉक के बाल. पुर गांव के ग्रामीणों ने आंगनवाड़ी केंद्र के अनियमित संचालन और पोषाहार वितरण में धांधली की शिकायत की है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले छह महीने से लगातार शिकायतें करने के बावजूद अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की है। आंगनवाड़ी केंद्र अक्सर बंद रहता है, जिससे छोटे बच्चे भटकते रहते हैं।

ग्रामीणों ने ब्लॉक अधिकारियों को बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकत्री और सहायिका के खिलाफ उनकी शिकायतें अनसुनी की जा रही हैं। उनका आरोप है कि पिछले एक साल में कार्यकत्री ने केवल दो-चार बार ही पोषाहार वितरित किया है, जबकि ब्लॉक से नियमित रूप से पोषाहार उठाया जा रहा है।

शिकायतकर्ताओं का यह भी आरोप है कि जब भी वे शिकायत करते हैं, तो आंगनवाड़ी कार्यकत्री का पति जो ब्लॉक के एक विद्यालय में अध्यापक है, शाम 5 बजे के बाद कुछ लोगों को पोषाहार वितरित कर फोटो खींचकर चले जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बाद आंगनवाड़ी के कार्यों में सुधार होने के बजाए, उसका पति शिकायतकर्ताओं को ही धमकाता है। शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि लगभग चार माह पहले सितंबर में आंगनवाड़ी कार्यकत्री के पति ने घर-घर बच्चों की ई-केवाईसी की थी। इसके बाद उसने अपने परिचित खास लोगों को ही पोषाहार वितरित किया। जब शिकायतकर्ताओं ने अपने पोषाहार की मांग की तो उसने कथित तौर पर कहा कि तुम्हारे बच्चों की ई-केवाईसी हो चुकी है, इसका मतलब है कि तुम्हें पोषाहार मिल चुका है। तुम्हारा पोषाहार तो अधिकारियों को मिठाई के रूप में बंट गया और जाओ शिकायत करने, अब तुम्हारा पोषाहार ब्लॉक दमखोदा के अधिकारी देंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि सितंबर माह के बाद से पोषाहार का वितरण नहीं हुआ है।

ग्रामीणों ने अधिकारियों से समय पर पोषाहार का वितरण सुनिश्चित करने और आंगनवाड़ी केंद्र को नियमित रूप से संचालित करने की मांग की है। इस मामले में सीडीपीओ रामगोपाल वर्मा ने बताया कि उन्हें ग्रामीणों की शिकायत मिली है। वे एक-दो दिन में मौके पर पहुंचकर जांच करेंगे और यदि आरोप सत्य पाए जाते हैं, तो आंगनवाड़ी कार्यकत्री व सहायिका पर कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# अधिवक्ता और युवक की भिड़ी बाइक

## घायल युवक मेडिकल को गया तो अधिवक्ताओं ने की धुनाई



शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** अपने गांव से तहसील आ रहे एक अधिवक्ता की बाइक नजदीकी गांव के युवकों की बाइक से भिड़ गई, जिसपर घायल युवकों और अधिवक्ता के बीच पहले तो घटना स्थल पर मारपीट हुई, उसके बाद उपचार को गए युवक को देखकर अधिवक्ता ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक को पीट डाला।

सोमवार को तहसील क्षेत्र के एक गांव से एक अधिवक्ता अपनी बाइक से तहसील आ रहे थे कि जैसे ही उनकी बाइक बरेली-पीलीभीत रोड पर आई कि सामने से नजदीकी गांव ईंधजागीर का युवक अपनी बाइक से आ गया, और दोनों बाइक आपस में भिड़ गईं। बाइकों के भिड़ जाने के बाद दोनों के बीच मारपीट होने लगी, युवक की बाइक पर बैठे दो अन्य लोगों ने भी अधिवक्ता के साथ मारपीट कर दी। बताया जाता है कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवकों अस्पताल भिजवाया।

बताया जाता है कि अधिवक्ता भी अपने साथियों के साथ अस्पताल जा पहुंचे और युवक को देखते ही उसके साथ मारपीट करने लगे, युवक ने चिकित्सकों के कमरे में छिपकर अपनी जान बचाई। हंगामा देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कर्मी ने कोतवाली में फोन कर पुलिस को इसकी जानक. ारी दी। सूचना पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज सुनील कुमार, उप निरीक्षक राजेश कुमार पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए युवक को अपने साथ कोतवाली ले आए।

कुछ देर बाद एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, सचिव पुष्पाल सिंह, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र पटेल सहित दर्जनों अधिवक्ता कोतवाली आ धमके और कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव से अधिवक्ता के साथ मारपीट करने वाले युवकों पर लूटपाट और मारपीट का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट नहीं कराए जाने की मांग को लेकर शिकायती पत्र दिया। घायल युवक की ओर से भी मारपीट का आरोप लगाते हुए अधिवक्ता और उनके कुछ साथियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। समाचार लिखे जाने तक किसी भी तरफ से रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों ओर से तहरीरें मिली है, जिसकी जांच की जा रही है, जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

# नाथ नगरी बरेली में निकली बजरंग दल की शौर्य यात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता



**बरेली।** अयोध्या धाम में ढांचा विध्वंस की तिथि को वर्षों से शौर्य दिवस के रूप में मनाने की परंपरा को इस बार बजरंग दल ने पूरे देश में शौर्य यात्राओं के रूप में विस्तार दिया है। इसी क्रम में नाथ नगरी बरेली में विश्व हिंदू परिषद कार्यालय श्रीकृष्ण लीला स्थल से शौर्य यात्रा का शुभारंभ हुआ। ढोल-नगाड़ों, जयघोष और उत्साह से भरी भीड़ ने पूरे माहौल को ऊर्जा से सराबोर कर दिया। मुख्य वक्ता प्रांत संगठन मंत्री राजेश कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के सीतामढ़ी से चली श्री राम जानकी रथ यात्रा को जब उत्तर प्रदेश में सुरक्षा देने से मना किया गया, तब युवाओं ने स्वयं आगे बढ़कर सुरक्षा का संकल्प लिया। उसी युवा दल से बजरंग दल का जन्म हुआ। उन्होंने कहा कि आज बजरंग दल हिंदू समाज की किसी भी समस्या से निपटने में सक्षम और सदैव तैयार है। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. मयंक रस्तोगी ने कहा कि समाज की एकजुटता समय की मांग है। कालोनियों में साप्ताहिक या मासिक रूप से बैठकें और परिचय आवश्यक हैं, जिससे संगठन मजबूत बनता है। महानगर अध्यक्ष आशु अग्रवाल ने यात्रा में पहुंचे सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन विहिप महानगर मंत्री संजय शुक्ला ने किया।

# महिला प्रधान से जेई ने मांगा 15 प्रतिशत कमीशन, शिकायत कर की कार्यवाही की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** ब्लॉक के एक जेई ने एक महिला प्रधान से 15 प्रतिशत कमीशन की मांग कर डाली। कमीशन की रकम न देने पर वह विकास कार्य की धनराशि पास न होने देने की धमकी दे रहा है। जिससे परेशान ग्राम प्रधान ने सीडीओ और बीडीओ को शिकायती पत्र भेज कार्रवाई की मांग की है।

नवाबगंज के मसीत वलीनगर गांव की ग्राम प्रधान जमुना देवी का आरोप है कि उनके गांव में तैनात जेई गांव में विकास कार्य कराने के नाम पर तीन प्रतिशत कमीशन लेता था। लेकिन अब पंचायत चुनाव नजदीक होने के कारण वह 15 प्रतिशत कमीशन की मांग कर रहा है। कमीशन के रुपए न देने पर वह गांव में कराए गए विकास कार्य की धनराशि पास न होने की धमकी दे रहा है। जिससे परेशान महिला ग्राम प्रधान ने सीडीओ, खण्ड विकास अधिकारी और ब्लॉक प्रमुख को शिकायती पत्र भेज कार्रवाई की मांग की है।

# सनातन संस्कृति और आस्था का अद्भुत संगम



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** सनातन संस्कृति के प्रचार, अध्यात्मिक चेतना और सामाजिक एकता के संदेश के साथ रविवार को बरेली में भव्य सनातन जन जागृति शोभा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा का नेतृत्व परम पूज्य देवेंद्र मोहन "भैया जी" महाराज ने किया।

यात्रा का शुभारंभ बड़े डाकखाना से वैदिक मंत्रोच्चार और कलश यात्रा के साथ हुआ। भजन-कीर्तन और भगवा ध्वजों से पूरा वातावरण सनातन रंग में रंगा दिखाई दिया। हजारों की संख्या में शामिल श्रद्धालुओं, साधु-संतों और बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में भाग लेकर सामाजिक सद्भाव और भारतीय संस्कृति के गौरव का संदेश दिया। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा चौपला में पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न हुई। आयोजकों ने कहा कि यह यात्रा शहर में आध्यात्मिक ऊर्जा, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय एकता का संदेश छोड़ गई है। इस दौरान राजेन्द्र प्रसाद, प्रेम शंकर, श्याम बिहारी, संजय श्रीवास्तव, हरपाल व भगवान दीन आदि का सहयोग रहा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

■ अधिकतम वाद निस्तारण पर न्यायालय का फोकस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** आगामी 13 दिसंबर शनिवार को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों के संबंध में जनपद न्यायालय में प्रशासनिक अधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जनपद न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह-द्वितीय, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली के निर्देशन में एडीआर सेंटर भवन सभागार में हुई।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय और सभी बाह्य न्यायालयों में किया जाएगा। बैठक का संचालन अपर जनपद न्यायाधीश रामानन्द, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, बरेली ने किया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को लोक अदालत को सफल बनाने और अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नोडल अधिकारी ने सभी विभागों से अधिकतम वादों के सफल निस्तारण पर जोर दिया।

अपर जिला जज उमा शंकर कहार, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली ने विभिन्न विभागों से लोक अदालत में लाए जाने वाले मामलों की जानकारी एकत्र की। उन्होंने पुलिस प्रशासन और संबंधित विभागों को उन नोटिसों का तामीला कराने का निर्देश दिया, जिनका तामीला स्वयं या पुलिस के माध्यम से संभव है, ताकि मामलों का निस्तारण हो सके।

सचिव उमा शंकर कहार ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत से पहले तीन दिवसीय विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें छोटे आपराधिक मामलों का निस्तारण किया जा सकेगा। इन लोक अदालतों के प्रचार-प्रसार के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरा लीगल वालंटियर शहर के विभिन्न स्थानों पर जाकर आम जनता को लोक अदालत के लाभों के बारे में जानकारी दे रहे हैं।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली के सचिव ने आम जनता से अपील की है कि वे तीन दिवसीय विशेष लोक अदालत और राष्ट्रीय लोक अदालत में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपने मामलों का सफलतापूर्वक निस्तारण कराएं।

बैठक में कैनाल मजिस्ट्रेट बृजपाल, पंचायत निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, एसीएमओ डॉ. पवन कपाही, पुलिस अधीक्षक-यातायात मोहम्मद अकमल खान, एएलसी बाल गोविन्द, उपजिलाधिकारी राम जनम यादव, डीएसओ बीडीए अजीत कुमार सिंह, विद्युत विभाग से मनोज कुमार, कैनाल पेशकार विपिन कुमार, विद्युत अधिवक्ता नवदीप सिंह ग्रेवाल, शिक्षा विभाग से तौसीफ अहमद, बीएसएनएल से लेखाधिकारी अरविन्द कुमार शर्मा सहित कई अधिकारियों ने भाग लिया।

# शहर की मुख्य सड़कों और डिवाइडरों की होगी सफाई

शाह टाइम्स ब्यूरो



**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की छवि सुधारने के उद्देश्य से सड़कों से जुड़ी सभी कार्यदायी संस्थाओं को 15 दिवसीय विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया है। यह अभियान मुख्य रूप से शहर को जोड़ने वाली सड़कों के डिवाइडरों पर जमी मिट्टी और उगी घास-पेड़ों को हटाने पर केंद्रित होगा।

डीएम ने 15 दिवसीय सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए

डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री ने ऐसी सभी एंट्री रोड को स्वच्छ बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत नगरीय निकाय, पंचायती राज, लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण की संयुक्त टीम सड़कों की पूर्ण स्वच्छता सुनिश्चित करेगी। अभियान के दौरान जलभराव की समस्या का समाधान, फुटपाथों की निरंतरता, अवैध होर्डिंग हटाना, लटकते विद्युत तारों को व्यवस्थित करना और स्ट्रीट लाइटों को ठीक करना भी शामिल है। इस कार्य के लिए नगर आयुक्त नगर निगम, अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण खंड (ग्रामीण/शहरी), अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, सचिव बरेली विकास प्राधिकरण, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड/निर्माण खंड-1/निर्माण खंड-2/राष्ट्रीय राजमार्ग खंड लोक निर्माण विभाग, परियोजना निदेशक एनएचएआई बरेली/बदायूं, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत और जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

इन सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर मुख्यमंत्री के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

# दिन दहाड़े सर्राफा व्यापारी से आठ लाख की लूट



■ बदमाशों ने हवाई फायरिंग कर फैलाई दहशत
■ दो बाइकों पर आए नकाबपोश छह बदमाश, तमंचे की नोक पर बैग लूटा



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** शाही-शेरगढ़ मुख्य मार्ग पर दिनदहाड़े एक सर्राफा व्यापारी से लगभग 8 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी लूट ली गई।

दो बाइकों पर सवार आधा दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया। घटना कुड़का भट्टे के पास हुई, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई है।

जानकारी के अनुसार, कस्बा शाही के मोहल्ला ठाकुरद्वारा निवासी सुभाष रस्तोगी अपनी दुकान बंद कर बाइक से घर जा रहे थे। शाम करीब साढ़े चार बजे शाही-शेरगढ़ मार्ग पर कुड़का भट्टे के नजदीक पीछे से आए बदमाशों ने उनकी बाइक को धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद तमंचे की नोक पर उनसे मारपीट की और उनका बैग छीन लिया।

व्यापारी सुभाष रस्तोगी के मुता. बिक, लूटे गए बैग में 27 हजार रुपये नकद और करीब 8 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण थे।

बदमाशों ने इस दौरान व्यापारी को तमंचे की बटों से पीटा। लूटपाट देखकर बचाने आए गांव कुड़का निवासी शेर सिंह को भी बदमाशों ने बेरहमी से पीटा। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश हवाई फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। घटनास्थल पर व्यापारी की गिरी हुई बाइक के पास एक जिंदा कारतूस भी पड़ा मिला।

## घटना के डेढ़ घंटे बाद पहुंची पुलिस

घटना के बाद सर्राफा व्यापारी ने शाही और शेरगढ़ पुलिस को सूचना दी। शाही पुलिस तो कुछ ही देर में मौके पर पहुंच गई, लेकिन घटना क्षेत्र थाना शेरगढ़ का होने के बावजूद शेरगढ़ थाने की पुलिस करीब डेढ़ घंटे बाद पहुंची। इस देरी को लेकर सर्राफा व्यापारी और उनके परिजनों में नाराजगी है।

## दिनदहाड़े हुई घटना से फैली दहशत

शाही-शेरगढ़ मुख्य मार्ग पर दिनदहाड़े सर्राफा व्यापारी के साथ हुई लूटपाट की घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जबकि घटना के समय नगरिया सोबरनी की साप्ताहिक बाजार भी लगी थी, जिसके कारण सड़क पर बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन था। इसके बावजूद, बेखौफ बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए।

पढ़ते रहिए दैनिक शाह टाइम्स और हमसे जुड़े रहें

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे।

शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# हरिद्वार से सकुशल लौटा लापता दूल्हा

### पुलिस ने पूछताछ के बाद मोहसीन को परिजनों को सौंपा, छलके आंसू




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** चार दिन पूर्व लापता हुए नवविवाहित दूल्हे को पुलिस ने सकुशल हरिद्वार से बरामद कर लिया है। पुलिस ने युवक से पूछताछ करने के बाद परिजनों को सौंप दिया। वापस लौटने के बाद परिजनों के खुशी के आंसू छलक गए। सरधना के मोहल्ला उंचापुर निवासी मोहसीन पुत्र सईद का निकाह 26 नवंबर को खतौली निवासी आयशा के साथ हुआ था, निकाह के बाद बारात वापस लौट आई थी, लेकिन देर रात्रि मोहसीन कमरे से गायब हो गया था।

जिसका कोई सुराग हाथ नही लग सका था, पुलिस व परिजनों की नहर में कूदने की आशंका के चलते पीएसी के गोताखोर उसे नहर में तलाश रहें थे, लेकिन उसका कोई सुराग नही मिल सका था। सोमवार सुबह थाना पुलिस को सूचना मिली कि लापता युवक हरिद्वार में मौजूद है। सूचना पाकर मौके पर परिजन व थाना पुलिस ने पहुंचकर उसे हरिद्वार से बरामद कर लिया। देर शाम पुलिस ने मोहसीन को परिजनों के हवाले कर दिया था। थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह व कस्बा चौकी प्रभारी राहुल कुमार ने मोहसीन से पूछताछ करते हुए परिजनों को मामले के बारे में अवगत कराया। मोहसीन के वापस सकुशल लौटने के बाद परिजनों व पुलिस ने राहत की सांस ली।

# भाकियू इंडिया ने पूठा में तेल चोरी व मिलावट का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितौरिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र भेजकर अवगत कराया कि मेरठ में तेल कम्पनियों के डिपो पर कार्यरत तेल ढुलाई के लिये कार्यरत ट्रांसपोर्ट ठेकेदारों द्वारा डिपो से तेल भरने के बाद तेल चोरी कर उसमें एथनॉल आदि की मिलावट की जाती है। कई बार शिकायत की जा चुकी है। पर स्थानीय स्तर पर जांच होने के कारण पुलिस द्वारा लीपापोती कर दी जाती है। उन्होंने मांग है कि इसकी जांच सीबीआई से कराई जाये तथा साथ ही तेल माफियाओं की सम्पत्ति की जांच प्रवर्तन निदेशालय से कराई जाए। तेल की मिलावट व चोरी का खामियाजा तेल डिपो से सम्बन्धित सभी जगहों के वाहन स्वामियों को भुगतना पड़ रहा है। क्योंकि मिलावटी तेल से वाहनों के इंजन खराब होने के साथ ही तेल डिपो के पास चोरी के तेल का भंडारण होने से कभी भी आग लग सकती है और मेरठ सहित आस पास के शहर भी इसकी चपेट में आ सकते है। मेरठ एनसीआर का हिस्सा है और घनी आबादी वाला क्षेत्र है, यह एक जनहित का मामला है इसलिए इस प्रकरण में शीघ्र ही जांच की मांग की गई। इसी क्रम में अलीगढ़ से कन्हैया लाल नामक माफिया एटीएस द्वारा उठाया गया है। यदि सही जांच की गई तो कन्हैया लाल से इस तेल के खेल की पूरी गुत्थी सुलझ सकती है। तितौरिया ने बताया कि इस सम्बन्ध में उनके पास समस्त साक्ष्य उपलब्ध है। यह भी बताया कि डिपो में कार्यरत अधिकारी इनसे मिले हुए है।

# चर्च की जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए समाज ने फिर सौंपा ज्ञापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भूमाफिया डेनियल एल्बर्ट व अजय मित्तल के खिलाफ सोमवार को फिर ईसाई समाज के लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें गोलू उर्फ रॉबिन नाथ ने बताया की चर्च की भूमि सिविल लाइन क्षेत्र में है और डेनियल एल्बर्ट व अजय मित्तल अपने भूमिया साथियों के साथ मिलकर इस भूमि पर कब्जा करना चाह रहा है। इस साजिश में एमडीए के कुछ अधिकारी भी इनके साथ मिले हुए हैं। दो दिन पूर्व इस जमीन से हरे पेड़ कटवाए गए हैं जिसकी शिकायत वन विभाग और पुलिस से की गई तो मौके पर पहुंचकर पुलिस ने इन पेड़ों को कटने से बचाया। उन्होंने कहा कि इस भूमि के सारे कागजात चर्च के लोगों के पास है। भूमाफिया डेनियल एल्बर्ट इस भूमि पर कब्जा कर निर्माण करने की फिराक में लगा है। उन्होंने कहा कि अजय मित्तल द्वारा खसरा नंबर 5439 के भाग रकबा करीब 416.52 वर्ग मीटर का एमडीए से नक्शा पास कर लिया गया है लेकिन नक्शे की फाइनल ड्राइंग अभी तक एमडीए द्वारा स्वीकृत नहीं की गई है। उन्होंने इस भूमि पर कब्जे का विरोध करते हुए मुक्त कराने की मांग की है।

# जमीनी विवाद में दो पक्ष भिड़े, दंपति घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** जमीनी विवाद के बंटवारे को लेकर सोमवार को प्रात क्षेत्र के गडीना गांव में दो पक्षों में जमीन के बंटवारे को लेकर मारपीट हो गई।

घटना के संबंध में पीड़ित अरुण भाटी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार को वह प्रात अपने घर में पत्नी के साथ बैठा हुआ था। अचानक गांव के ही चार लोगों ने घर में घुसकर गाली गलौज कर रहे थे पीड़ित द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने बलकटी व धारदार हथियारों से जान से मारने की नीयत से जानलेवा हमला कर दिया, बीच बचाव कराने में पीड़ित की पत्नी पर भी हमला कर दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए फलावदा सीएससी में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच में लग गई है।

# दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष ने एसआईआर पर की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने ग्राम भराला और सिवाया के सभी बूथों के बीएलओ, बीएलओ 2 के साथ वोट सत्यापन करने के कार्यक्रम को गति देने की चर्चा की। अब तक कितनी वोटो का सत्यापन हो चुका है उसकी जानकारी प्राप्त की। सभी को सहयोग करने का निवेदन किया। इसके अलावा बीएलओ की पीड़ा समझी। उन्होंने कहा कि बीएलओं पूरी महनत से कार्य कर रहे हैं। इस दौरान अमित गुप्ता, अनुज कुमार, मनोज शर्मा, विनोद प्रजापति आदि रहे।

# एसआईआर फॉर्म की तिथि तीन माह बढ़ाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को प्रदर्शन कर डीएम को ज्ञापन सौंपा हैं। उनका कहना था कि बीएलओ व कार्यकर्ताओं तथा मतदाताओं से यह जानकारी प्राप्त हो रही है की 25 से अधिक दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक करीब 70 प्रतिशत से भी कम गणना प्रपत्र भरकर जमा हुए हैं। जबकि निर्वाचन आयोग का दावा है कि लगभग 90 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के पत्र भरकर बीएलओ के पास जमा हो चुके हैं जबकि धरातल पर अभी तक 50 प्रतिशत गणना प्रपत्र जमा नहीं हुए हैं। इसी को लेकर डॉ. कृष्णपाल व तरुण राजपूत के नेतृत्व में सोमवार को जिला डीएम को एसआईआर की तिथि को कम से कम तीन माह बढ़ाने की अपील की गई है। डॉ. कृष्ण पाल ने कहा कि चुनाव आयोग इतनी हड़बड़ाहट में क्यों है उत्तर प्रदेश के चुनाव में अभी लगभग डेढ़ वर्ष बचा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने से पहले बीएलओ को कोई भी ट्रेनिंग नहीं दी। जिसके कारण एसआईआर फॉर्म भरने में बीएलओ तथा मतदाताओं को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि एसआईआर फॉर्म की तिथि तीन माह बढ़ाई जाए।




इसके अलावा किसानों का बकाया भुगतान जल्द हो। छात्र संघ चुनाव बहाल हो। दलितों पर हो रहे अत्याचार बंद हो। ज्ञापन देने वालों में विनोद जाटव, शुभम प्रधान सोना, वरुण गुर्जर, तुषार महमीरी, शुभम नागर, शिवम नागर, शिवांग त्यागी, नासिर खजूरी, परीक्षित सोम, फैजान त्यागी, गोलू भाटी, मुकुल राणा, सनी चौहान आदि उपस्थित रहे।

# चेयरपर्सन पति ने फीता काटकर शुरू कराया सीसी रोड का कार्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** चेयरपर्सन पति हाजी शकील कुरैशी व सभासदों ने संयुक्त रूप से सोमवार को तीन सौ मीटर सीसी रोड का फीता काटकर कार्य शुरू कराया। चेयरपर्सन पति हाजी शकील कुरैशी ने बताया कि पुरानी पानी की टंकी के बराबर में सुशील अग्रवाल के मकान तक 3 सौ मीटर लंबी सीसी रोड का कार्य आज शुरू कराया गया है।

उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य कस्बे में ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य कराकर कस्बे की तरक्की को आगे बढ़ाने का है साथ ही कस्बे में जहां भी कच्चे रास्ते है या नाली आदि टूटी हुई है या नालियां बनी हुई नहीं है उनका भी सर्वे कराकर बनवाने का कार्य किया जा रहा है। चेयर पर्सन पति ने कहा कि जनता ने जिस भरोसे के साथ उन्हें ये जिम्मेदारी सौंपी है उस पर खरा उतरकर बिना भेदभाव किए कस्बे का विकास कराया जा रहा है और आगे भी कस्बे की हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि चिंदौड़ी मार्ग पर गौशाला बनकर तैयार हो चुकी है। मंगलवार को सरधना विधायक अतुल प्रधान द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया जाएगा। इस दौरान चेयरपर्सन पति हाजी शकील कुरैशी के अलावा सभासद मनोज गोयल, पिंटू, अंकित शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल में मनाया एआईआर-1 ग्रेड सेलिब्रेशन

### बोर्ड टॉपर्स व राष्ट्रीय संस्थानों में चयनित छात्रों को एसएसपी विपिन ताडा ने किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट के सर्कुलर रोड स्थित सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल में सोमवार को AIR-1 ग्रैंड सेलिब्रेशन-2025 धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ. विपिन ताडा ने विद्यालय के नेशनल टॉपर, बोर्ड मेधावियों और देश के शीर्ष शिक्षण संस्थानों में चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया। समारोह में डायरेक्टर डॉ. हिमानी अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन.पी. सिंह और Integrated Star Course CEO program head" , डॉ. आर्यन अग्रवाल ने अतिथि का शॉल व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। चेयरमैन डॉ. ओ.पी. अग्रवाल तथा चेयरपर्सन डॉ. सरोजनी अग्रवाल की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की।

कक्षा 12 के नेशनल टॉपर करन पिलानिया को एआईआर-1 उपलब्धि पर 50 हजार का चेक, लैपटॉप, ट्रॉफी व प्रशस्ति-पत्र दिया गया। अन्य टॉपर्स अंशिका, शिवांश तोमर, नंदिनी शर्मा व आयुष बालियान को 11 हजार के चेक तथा मेडल-प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, जबकि माही, छवि, प्रांजल, भव्य सहित अन्य विद्यार्थियों को 5 हजार के चेक देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के 17 छात्रों ने IIT Mumbai IIT Kharagpur IIT Kanpur IIT Delhi] NIT Hamirpur सहित प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन पाकर मेरठ का मान बढ़ाया। मुख्य अतिथि ने Integrated Star Course Prospectu का विमोचन भी किया। 100 अंक दिलाने वाले शिक्षकों को शॉल व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए समारोह का समापन किया। इस दौरान छात्रों में उत्साह देखा गया।

# किठौर पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना किठौर पुलिस ने सोमवार सुबह एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम राधना निवासी खालिद पुत्र नजर को राधना रोड पर भट्टे के पास संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध हथियार मिला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आमर्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया।



# कैंसर इलाज के नाम पर वृद्ध दंपति से आठ लाख की ठगी

### दवाखाना संचालक ने अपना हिंदू नाम बताकर की वसूली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना क्षेत्र में कैंसर के इलाज के नाम पर एक वृद्ध दंपति से आठ लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। माछरा स्थित एक देशी दवाखाना चलाने वाले दो युवकों पर आरोप है कि उन्होंने हिंदू नाम बताकर छह माह में यह रकम वसूली। मरीज की हालत में सुधार नहीं हुआ, बल्कि वह बिगड़ गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



दिल्ली के शकरपुर थाना क्षेत्र की नेहरू एनक्लेव कॉलोनी निवासी 66 वर्षीय सुमित्रा देवी ने किठौर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनके 72 वर्षीय पति गंगाशरण कैंसर से पीड़ित हैं। लगभग आठ माह पहले उन्होंने किठौर स्थित गुलशन दवाखाना में पति के इलाज के संबंध में बातचीत की थी। सुमित्रा देवी के अनुसार, दवाखाना संचालक गुलशन ने खुद को जोगिंदर और शहजाद ने अपना नाम रवि बताया। उन्होंने दंपति को यह विश्वास दिलाया कि वे हिंदू हैं और कैंसर का गारंटी से इलाज करते हैं। एक सप्ताह की दवा का खर्च 21 हजार रुपये बताया गया था। पीड़िता ने बताया कि आठ माह में उन्होंने दवाखाना संचालकों को कुल आठ लाख रुपये दिए। इसके बावजूद उनके पति की बीमारी में कोई फायदा नहीं हुआ, बल्कि उनकी तबीयत और बिगड़ गई। गंगाशरण को गंभीर हालत में दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जब सुमित्रा ने युवकों से इलाज की गारंटी को लेकर सवाल किया, तो उन्होंने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सुमित्रा देवी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर वांछित गुलशन पुत्र इसाक मोहम्मद और शहजाद पुत्र शौकीन, निवासी थाना बाबूगढ़, जनपद हापुड़ को कस्बा किठौर में हापुड़ अड्डे के पास से लगभग 11:35 बजे गिरफ्तार किया गया। अग्रिम कार्यवाही के लिए उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है।

# विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एनएएस डिग्री कॉलेज में एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम एनसीसी, एनएएस व एनजीओ के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा रिबन काटकर किया गया। इसके उपरांत कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स तथा छात्रों की भागीदारी से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के बाद संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें रोकथाम, जागरूकता तथा स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इसके अलावा टीवी की भी पूर्ण जानकारी दी गई। कोऑर्डिनेटर शबाना बेगम द्वारा निक्षय मित्र बनाने की अपील की गई सभी प्रतिभागियों को निक्षय मित्र बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य एवं मुख्य चिकित्साधिकारी को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# आठ दिवसीय ऋषभदेव महाकथा का शुभारंभ

### कार्यक्रम में ऋषभदेव भगवान आदिनाथ के बारे में महाराज ने दी विस्तार से जानकारी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर में आठ दिवसीय ऋषभदेव महाकथा का सोमवार को घट यात्रा के साथ शुभारंभ हो गया। जिसमें ऋषभदेव भगवान आदिनाथ के बारे में महाराज जी ने विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान कथा सुनकर क्षद्वालु भाव-विभोर हो गए। नगर के पांडुशिला रोड़ स्थित विघोलय निलय पंडाल में आयोजित ऋषभदेव महाकथा का संगीतमय ऋषभदेव महाकथा उत्तर प्रदेश के राजकीय अतिथि क्रांतिवीर मुनि 108 प्रतीक सागर जी महाराज के मुखार विंद से हुआ। कथा को संबोधित करते हुए महाराज ने कहा कि जैन समाज का धर्म लाखों साल पुराना है, जिसका सभी धर्म के लोग अपने अनुसार पालन करते है। जिसमें जैन समुदाय के लोग भगवान ऋषभ देव जो जैन संस्कृति के प्रथम तीर्थंकर है जिनको जैन संस्कृति में भगवान ऋषभदेव भगवान आदिनाथ यह भगवान ऋषभ नाथ के नाम से जिनकी आराधना की जाती है, जबकि सनातन धर्म में आदि ब्रह्म के रूप में पूजा भक्ति की जाती है। इस्लाम मजहब में बाबा आदम के नाम से उपासना होती है। उनके जीवन पर आधारित कथा का शुभारंभ विशाल घटयात्रा द्वारा सौभाग्यवती महिलाओं एवं कन्याओं द्वारा मंगल कलश लेकर आदर्श नगर दिगंबर जैन पंचायती मंदिर से शुरू होकर विद्योदय निलय तीर्थ क्षेत्र पर पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन प्रतिष्ठाचार्य आचार्य पंडित नरेश कुमार जैन हस्तिनापुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजीव जैन किराना वाले, भाजपा नेता विनोद जैन, पंकज जैन, सौरभ जैन, ऋषभ जैन, अनिल जैन, शोभित जैन, अनुज जैन, कमल जैन, आशीष जैन, विजय जैन, गौरव जैन आदि क्षद्वालु उपस्थित रहें।

# पूर्व विधायक स्वर्गीय जकीउद्दीन के आवास पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** पूर्व विधायक स्वर्गीय जकीउद्दीन के आवास पर सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर पहुंचे कांग्रेस पार्टी मेरठ के जिला अध्यक्ष गौरव भाटी का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के आरंभ में इमरान सैफी को फलावदा नगर का नगर अध्यक्ष का नियुक्ति पत्र देकर घोषणा की गई है। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस के जिला महासचिव जितेंद्र पांचाल ने किया। अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन मेराजुद्दीन ने की। मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव भाटी ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी की प्राथमिकता सबका साथ सबका विकास के पथ पर अति पिछड़े गरीब आमजन हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर चल रही है। कांग्रेस में युवा भारी संख्या में सदस्यता ले रहा है। पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए संगठन विस्तार किया जा रहा है। इस दौरान पूर्व चेयरमैन अब्दुस समद, जमील उस्मानी, अली मसूद रिजवी, मेला सदर नवाब सैफी, कालू गुर्जर, आसिफ सैफी, सलीम सैफी, शाहरुख सैफी, आमिर रजा रिजवी, शमशाद, योगेंद्र, महेन्द्र जाटव, जाकिर कस्सार, प्रवीण कुमार एडवोकेट, जावेद चौधरी आदि सैकड़ो लोग शामिल रहे।

# बड़े पैमाने पर कोसी नदी क्षेत्र में खेतों से हो रहा है अवैध खनन

## किसानों ने की मुख्यमंत्री से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** बड़े पैमाने पर कोसी नदी क्षेत्र मे किसानो के खेतो से अवैध रूप से खनन किया जा रहा है शिकायत के बाद भी राजस्व विभाग कार्रवाई करने की खनन धंधेबाजो के खिलाफ हिम्मत नही जुटा पा रहा है। भूबरा एहतमाली कोसी नदी क्षेत्र में अवैध खनन धड़ल्ले के साथ किया जा रहा है कोसी नदी क्षेत्र मे खेतों को तालाब बना दिया गया है जिससे किसानों की मुश्किल बढ़ गई है। किसानों ने इस मामले में मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर राजस्व कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भूबरा एहतमाली क्षेत्र के बेलवाड़ा कोसी नदी क्षेत्र में अवैध खनन धड़ल्ले के साथ किया जा रहा है। खनन माफियाओ ने मशीनों से अवैध खनन कर खेतों को तालाब बना दिया है इस मामले में राजस्व अधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है लेकिन राजस्व कर्मचारियों ने इस मामले में किसानो की शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया है किसानों का आरोप है की हल्का लेखपाल की खनन माफियाओ से साजबाज है। खेतों को गहरे गड्ढे में



अवैध खनन उठाकर तब्दील कर दिया गया है जिससे किसान काफी परेशान है लेकिन राजस्व अधिकारी इस मामले में मोन साधे पड़े हुआ हैं बेलवाड़ा समेत चौहद्दा क्षेत्र में भी अवैध खनन धड़ल्ले के साथ किया जा रहा है। इधर इस मामले में शिकायत पर खनन अधिकारी ने भी कोसी नदी क्षेत्र का भ्रमण किया और किसानों को कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। किसान हरकरन हरप्रसाद करमजीत सिंह, समेत कई किसानों ने इस मामले में मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर राजस्व कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उधर स्वार उपजिलाधिकारी अमन देओल का कहना है कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# रामपुर में विश्व एड्स दिवस पर हस्ताक्षर अभियान एवं जागरूकता रैली का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला रामपुर में जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत गांधी समाधि स्थल पर हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करना तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना रहा।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुलदीप सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बी.सी. सक्सेना, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सत्यप्रकाश सहित एड्स जागरूकता के क्षेत्र में कार्यरत संस्था के निदेशक इरशाद अहमद ने हस्ताक्षर कर आमजन को एड्स के प्रति जागरूक रहने का संद.

श दिया।




हस्ताक्षर अभियान के समापन के बाद चेतना सेवा संस्थान प्रिवेंशन डिवीजन, रामपुर एवं स्काउट एंड गाइड रामपुर के सहयोग से एक भव्य जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली गांधी समाधि स्थल से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए स्टार चौराहा पर संपन्न हुई।

इस रैली में स्काउट एंड गाइड के सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एचआईवी एड्स के प्रति जन-जागरूकता के संदेश फैलाए। विद्यार्थियों ने पोस्टर, नारे और जागरूकता स्लोगन के माध्यम से लोगों को एचआईवी से बचाव, सावधानियों एवं सही जानकारी अपनाने के लिए प्रेरित किया।

रैली के पश्चात स्काउट एवं गाइड के सभी विद्यार्थियों को जलपान वितरित किया गया। इस मौके पर परियोजना प्रबंधक अंकित गुलाटी, एस.एन.डी. फैजान कुरैशी, काउंसलर बीना रस्तोगी सहित चेतना सेवा संस्थान के समस्त स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन एड्स जागरूकता को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाने की प्रतिज्ञा के साथ हुआ।

# नायाब तहसीलदार ने बूथों का लिया जायजा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी/रामपुर।** नगर पंचायत तथा चन्द्रपुर कलां व चंद्रपुर खुर्द आदि बूथों का दौरा कर नायब तहसीलदार ने एस आई आर कार्य का निरीक्षण किया। नायब तहसीलदार हरीश जोशी ने नगर पंचायत सैफनी तथा चन्द्रपुर कलां और चंद्रपुर कला खुर्द स्थित बूथों पर जाकर एस आई आर निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया। इनके साथ कानून गो कल्यान सिंह भी मौजूद थे उन्होंने क्षेत्र में चल रहे। एस आई आर कार्य प्रगति का जायजा लिया इस दौरान नायब तहसीलदार ने विभिन्न गांवों में कार्यरत भी बी एल ओ से मुलाकात की।

उन्होंने भी बी एल ओ द्वारा किये गये कार्यो की जानकारी ली उन्होंने मतदाताओं से संपर्क करने के निर्देश दिये ।यहां पर लेखपाल राहुल लेखपाल रसीद एवं राजस्व निरीक्षक कल्याण सिंह और बी एल ओ व सुपरवाइजर सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण ( एसआईआर ) अभियान

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 बीएलओ का डीएम आवास पर सम्मान एवं सौहार्दपूर्ण भोज

**उत्साहवर्धन और सम्मान अभियान की सफलता की कुंजी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का लक्ष्य समय से पूर्व पूर्ण करने वाले 10 बीएलओ को पूर्व में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया था। आज इसी क्रम में जिलाधिकारी आवास पर एक सौहार्दपूर्ण सम्मान-समारोह एवं पारिवारिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उत्कृष्ट बीएलओ को उनके परिजनों सहित विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार वर्मा ने बीएलओ एवं उनके परिजनों का आत्मीय स्वागत किया। भोजन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा स्वयं सभी बीएलओ को अपने हाथों से भोजन हेतु प्लेट प्रदान करना समारोह का



अत्यंत भावनात्मक और स्मरणीय क्षण रहा। प्रशासन प्रमुख की इस आत्मीयता ने उपस्थित सभी लोगों को गहराई से प्रभावित किया।

बीएलओ ने इसे अपने जीवन का एक विशेष और यादगार पल बताते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

इस अवसर पर एक बीएलओ अपने छोटे बच्चों के साथ उपस्थित थीं। बच्चों को देखकर जिलाधिकारी ने स्नेहपूर्वक चॉकलेट एवं खिलौने भेंट किए, जिससे परिवारजन अत्यंत प्रसन्न हुए और कार्यक्रम का वातावरण और अधिक सौहार्दपूर्ण एवं पारिवारिक हो गया।

जिलाधिकारी ने भोजन के दौरान बीएलओ के समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा आपकी कार्यशैली, निष्ठा और ईमानदारी जनपद के लिए प्रेरणादायक है। आशा है कि भविष्य में भी आप इसी गुणवत्ता और समर्पण के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे।

जिलाधिकारी ने कहा यदि हम उत्कृष्ट कार्य करने वाले अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को समय-समय पर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन करते हैं, तो यह न केवल उनके सेवाभाव और समर्पण का सम्मान है, बल्कि प्रेरणा, ऊर्जा और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का माध्यम भी है। उन्होंने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का लगभग 85% कार्य पूर्ण हो चुका है तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ये बीएलओ अन्य कर्मियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगे, जिससे अभियान की गति एवं गुणवत्ता में और अधिक वृद्धि होगी। कार्यक्रम के अंत में सभी बीएलओ ने सम्मान, प्रोत्साहन और आत्मीय आतिथ्य के लिए जिलाधिकारी महोदय के प्रति आभार व्यक्त किया तथा आश्वासन दिया कि वे भविष्य में भी पूर्ण निष्ठा और उत्कृष्टता के साथ दायित्वों का निर्वहन करते रहेंगे।

### सम्मानित बीएलओ के नाम और विधानसभा क्षेत्र

**विधानसभा क्षेत्र 34 स्वार**

बूथ 138, जूनियर हाई स्कूल शिवनगर राजेन्द्र कुमार सागर
बूथ 135, प्राथमिक विद्यालय धनौरा विमला
बूथ 06, प्राथमिक विद्यालय करीमपुर हितेन्द्र सिंह पाल

**विधानसभा क्षेत्र 35 चमरौआ**

बूथ 52, प्राथमिक विद्यालय पदपुरी परवेज खान
बूथ 09, संविलियन विद्यालय मझरा अमीर खां ख श्रीमती कहकशा

**विधानसभा क्षेत्र 36 बिलासपुर**

बूथ 200, पिपलिया मिश्र सुनीता जैन
बूथ 191, प्राथमिक विद्यालय मालनखेड़ा भगवती देवी

**विधानसभा क्षेत्र 37 रामपुर**

बूथ 366, उच्च प्राथमिक विद्यालय लालपुर पट्टी कुन्दन धर्मपाल
बूथ 377, प्राथमिक विद्यालय मधुपुरी मोतीराम

**विधानसभा क्षेत्र 38 मिलक**

बूथ 101, प्राथमिक विद्यालय नया भवन जयतौली राजवीर सिंह

# 10.5 एकड़ ग्राम समाज की भूमि को भू-माफियाओं को सौंपने का आरोप, प्रधान ने डीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी।** क्षेत्र के ग्राम मोहम्मद नगर में चल रहे चकबंदी कार्य पर गंभीर सवाल उठे हैं। ग्राम प्रधान ने चकबंदी अधिकारियों पर धांधली का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायत दी है। प्रधान का आरोप है कि अधिकारियों ने भू-माफियाओं से मिलकर करीब 4.28 हेक्टेयर (लगभग 10.5 एकड़) नवीन परती, नदी और आबादी की जमीन को ग्राम समाज को नहीं दिया, बल्कि अवैध रूप से भू-माफियाओं को सौंप दिया। आरोप है कि फर्जी अंगूठे लगवाकर गलत पैमाइश को सही ठहराने का प्रयास भी किया गया। भू-माफियाओं ने हाल ही में मनरेगा के तहत लगाए गए पौधों को जोतकर नष्ट कर दिया, जिस पर मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रधान और किसानों ने गलत पैमाइश तत्काल निरस्त कर दोबारा सही नाप कराने की मांग की है।

## एक नजर

### मीरा डायमंड में लकी ड्रा की विजेता मानसी भार्गव को मिली कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** नगर के मीरा डायमंड के दुकान के परिसर में लकी ड्रा का आयोजन किया गया इसमें बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे मीरा डायमंड के ओनर सुशील गुप्ता ने इस मौके पर कहा कि हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि मीरा डायमंड जैसी प्रतिष्ठ ब्रांड के साथ मिलकर हम ग्राहकों को न केवल आकर्षक आभूषण प्रदान कर रहे हैं बल्कि ऐसे विशेष अवसर भी दे रहे हैं जिनसे ग्राहकों का विश्वास और जुड़ाव और मजबूत होता है लकी ड्रा में मिलक नगर मानसी भार्गव ने सेलेरियो कार जीती व स्कूटी गीता गुप्ता निवासी सिरौली जनपद बरेली ने स्कूटी जीती तथा मुस्ताक निवासी मीरगंज थाना मीरगंज जनपद बरेली के द्वारा स्कूटी लकी ड्रा में जीती की दौरान विजेताओं में खुशी दिखाई दे रही थी इस अवसर पर दुकान के ओनर सुशील कुमार गुप्ता मीता गुप्ता शशांक गुप्ता शुभम गुप्ता विनोद कुमार गुप्ता मेघा गुप्ता सोनम गुप्ता आदि रहे।

### दिव्यांग बच्चों की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** ब्लॉक स्तरीय दिव्यांग बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ ब्लॉक क्षेत्र के लोहा स्थित कंपोजिट विद्यालय मे दिव्यांग बच्चों की खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर है बच्चों /अभिभावकों को खंड शिक्षा अधिकारी और जिला समन्वयक (समेंतिक शिक्षा) द्वारा सम्मानित किया गया विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता मे 50 मीटर बालक /बालिका दौड़ में मोहित प्राथमिक विद्यालय खाता चिंतामन प्रथम और मधु कुछ प्राथमिक विद्यालय लोहा द्वितीय स्थान, 100 मीटर दौड़ में सूरज उ.प्राथमिक विद्यालय लोहा प्रथम, साहब उच्च प्राथमिक विद्यालय मिलक द्वितीय, तृतीय स्थान पर भूरा उच्च प्राथमिक विद्यालय नानकर रहा,100 मीटर दौड़ बालिका प्रथम स्थान मिनहा प्राथमिक विद्यालय लोहा भागीरथ, द्वितीय स्थान वंशिका उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला उदई, तथा तृतीय स्थान राधिका उच्च प्राथमिक विद्यालय मिलक नींबू चम्मच दौड़ में प्रथम स्थान अदिति प्राथमिक विद्यालय खाता चिंतामन, द्वितीय स्थान उ.प्राथमिक विद्यालय लोहा, कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान अंश उच्च प्राथमिक विद्यालय पैगंबरपुर, दोस्ती द्वितीय स्थान पर भूरा उच्च प्राथमिक विद्यालय नानकर, चित्र मिलान में प्रथम स्थान मिन्हा- शिवम द्वितीय स्थान भूरा- अर्जुन, तृतीय स्थान मोहित -रचना को मिला इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह, जिला समन्वय (स. शि.) सत्येंद्र कुमार शर्मा, विद्यालय के प्रधान अध्यापक होमेन्द्र देव, एआरपी संघ के जिला अध्यक्ष पृथ्वी सिंह, आजाद भारद्वाज, दिनेश कुमार बंनरवाल, सत्य प्रकाश चौबे, समीना खातून, मोनिका त्यागी, रितु शर्मा, उर्वशी सिंह, अंजू गंगवार आदि उपस्थित रहे।

### कोठी के बाग में मधु मक्खियों का छत्ता छिड़ गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** नगर के कोठी बाग में मधुमक्खियों के झुंड ने बच्चों पर हमला कर दिया, जिससे कई बच्चे घायल हो गए।जानकारी के अनुसार, बच्चे बाग में खेल रहे थे तभी पास में स्थित मधुमक्खियों का छत्ता हिल गया। इसके बाद मधुमक्खियों ने बच्चों पर हमला कर दिया।घायल बच्चों को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में उनका उपचार जारी है।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और मौके पर पहुंच गए। लोगो ने बताया कि ऐसे मौसम में मधुमक्खियां अधिक सक्रिय होती हैं। उन्होंने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कटर से बारात से लौट रहे बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमरौआ।** शहजादनगर थाना क्षेत्र में हाइवे पर देर रात किसी अज्ञात वाहन ने बारात से लौट रहे दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिसके दोनों लोग हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसा देर रात हाइवे स्थित मेघा नगला गांव के समीप का है। रामपुर सिविल लाइन थाना क्षेत्र के विजईया गांव निवासी अंकित पुत्र रघुवीर सिंह अपने एक रिश्तेदार सुनील के साथ बाइक पर सवार होकर शहजादनगर क्षेत्र स्थित हाइवे स्थित मेघा नगला गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। समारोह से निपट कर जैसे ही अंकित बाइक से सवार होकर घर के लिए निकले थे जैसे ही अंकित की बाइक हाइवे पर पहुंची तो बरेली की ओर से आ रहे तेज रफ्तार किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसा होते दोनों ही रोड़ पर गिर गए। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने हादसे की सूचना एंबुलेंस 108 को दे दी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस कर्मियों ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजवा दिया।

### नाबालिग के अपहरण करने में 11 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** नाबालिग के अपहरण में पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर दी है जिसमें लिखा है कि मेरी नाबालिग पुत्री को गांव गंगापुर शर्की भोपतपुर साजिम,नाजिम, नदीम, नन्हे,परवीन,नसरीन, नूर आलम,नूर हसन ग्राम टिटोली थाना फतेहगंज जनपद बरेली,जुल्फे ग्राम चिड़िया खेड़ा थाना कैमरी जनपद रामपुर, नाजमीन,आसिव ग्राम टिटोली थाना फतेहगंज जनपद बरेली मेरी नाबा. लिग पुत्री को वहला फुसलाकर यह लोग अपने साथ कहीं ले गए मेरे घर पर लगे कैमरे पर टेप लगाकर पुत्री को ले गए मेरी पुत्री अपने साथ में नगद रुपए 27 हजार 5 तोला सोना 4 तोला चांदी अपने साथ ले गई है इस संबंध में आरोपियों के परिजनों से बात की गई तो परिजन कुछ नहीं बता रहे थे इसको लेकर जाबिर हुसैन ने कोतवाली में तहरीर दी तहरीर के आधार पर 11 लोगों के खिलाफ हुई रिपोर्ट दर्ज

# विधायक शफीक अंसारी ने फ्री कैम्प का फीता काटकर किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** विधायक शफीक अहमद अंसारी ने अपने कैम्प कार्यालय के निकट पलस मेडिकल सेंटर द्वारा लगाए गए फ्री कैम्प का फीता काट कर उद्घघाटन किया।

इस कैम्प में लोगों की पेट आंत हेपेटाइटिस बी सी एवं ब्लड शुगर की जांचे फ्री में की गई।

विधायक शफीक अहमद अंसारी ने कहा ऐसे सेवा के कार्य होते रहने चाहिए जिससे गरीब लोगों को बहुत फायदा मिलता है।

इस दौरान डॉ. मोहम्मद हसन, जनरल फिजिशियन डॉ. राहुल किशोर लिवर एवं पेट स्पेशलिस्ट,डॉ सोनिया एम बी बी एस स्त्री रोग विशेषग,ठाकुर नूर हसन, डॉ. समी भगत प्रधान आरिफ प्रधान, यासीन अंसारी फैजान




बल्ली ,जावेद मेवाती अमीरूल हसन इदरीस पठान कार्यालय प्रभारी आदि मौजूद रहे।

**इश्तेहार वास्ते प्रकाशनार्थ**
**नाम अदालत- न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( व.ख. ) रामपुर।**
**नम्बर मुकदमा- उत्तराधिकार वाद सं.153 सन् 2025**
**नाम फरीकैन-** अर्पन कौर आदि बनाम कंवलजीत कौर आदि

**बनाम**

1. कंवलजीत कौर पत्नी श्री प्रीतपाल सिंह निवासनी टाह कला रोड, माटखेड़ा नं. 2. तहसील स्वार, जिला रामपुर
2. आम जनता।

चूंकि अर्पन कौर एवं गुरलीन कौर पुत्री गण (स्व.) श्री पलविन्दर सिंह निवासी ग्राम खौंदलपुर, तीर्थ काला. नी, तह. बिलासपुर, रामपुर द्वारा इस न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाणपत्र प्राप्त करने हेतु अंतर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम इस आशय का प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया है कि श्रीमती गुरमीत कौर पत्नी (स्व.) अमर सिंह का दिनांक 28.06.2023 को स्वर्गवास हो चुका है। अतएव श्रीमती गुरमीत कौर की बैंक आफ पोस्ट आफिस की धनराशियों के सम्बंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की माँग की गयी है।

अत: यह इश्तेहार निकाला जाता है कि उपरोक्त प्रार्थना पत्र के सम्बंध में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस न्यायालय में दिनांक 2-1-26 को प्रात: 10:00 बजे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। वाजे हो कि तारीख गुजरने के पश्चात फिर किस किसी की आपत्ति नहीं सुनी जायेगी और निर्णीत कर आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिवस 29 माह 11 सन् 2025 को इस न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज**
**( व.ख. ) रामपुर।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू.डि. ) महोदय, रामपुर**
**विविध उत्तराधिकार वाद**
**संख्या-124 सन् 2025**

सुखवीर सिंह पुत्र स्व. श्री भागीरथ निवासी ग्राम अहरोला, बेनजीर, तहसील सदर, जिला रामपुर।...... **वादी**

**बनाम**

1 श्रीमती रानी पत्नी लाखन सिंह पुत्री स्व. भागीरथ निवासी रसूलपुर-फरीदपुर, तहसील सदर, जिला रामपुर।, 2 रूप किशोर पुत्र स्व. श्री भागीरथ निवासी ग्राम अहरोला, बेनजीर, तहसील सदर, जिला रामपुर। 3 श्रीमती सोमवती पत्नी स्व. श्री शर्मा नन्द, 4 अक्षय कुमार आयु लगभग 20 वर्ष पुत्र स्व. शर्मा नन्द, 5 दिशा आयु लगभग 16 वर्ष पुत्री स्व. श्री शर्मा नन्द, 6 कुनाल आयु लगभग 15 वर्ष पुत्र स्व. श्री शर्मा नन्द संरक्षिका माता हकीकी श्रीमती सोमवती निवासीगण ग्राम अहरोला, बेनजीर, तहसील सदर, जिला रामपुर।, 7. आम जनता ।

.........**विपक्षीगण**

**सूचना बनाम आम जनता**

चूंकि वादी सुखवीर सिंह पुत्र स्व. श्री भागीरथ निवासी ग्राम अहरौला, बेनजीर, तहसील सदर, जिला रामपुर के द्वारा सिविल जज (जू.डि.) रामपुर के न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र इस आशय से प्रस्तुत किया है कि स्व. श्रीमती लज्जा पत्नी स्व. भागीरथ निवासी ग्राम अहरोला, अलीगंज बेनजीर, तहसील सदर, जिला रामपुर जिनका स्वर्गवास दिनांक 26.06.2024 को हो चुका है उनके नाम भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा जनपद रामपुर के बचत खाता सं. 32628485134 में जमा धनराशि 43,665/- रूपये मय ब्याज जमा है जिनको प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग की गयी है।

अत: यह इश्तेहार निकाला जाता है कि उपरोक्त प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस न्यायालय में दिनांक 09/12/2025 प्रात: 10 बजे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें तारीख गुजरने के बाद फिर किसी भी आपत्ति नहीं सुनी जायेगी और निर्णय आदेश पारित किया जायेगा।

आज दिनांक 29 माह 11 सन् 2025 को इस न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज**
**( जू.डि. ) रामपुर**

# ट्रॉली में लदे गन्नों में लगी आग भारी नुकसान होने से बचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाहाबाद बिलारी मार्ग पर गन्ने से भरी ट्रेक्टर ट्राली में गन्ने की पुलियों में लगी आग मिली जानकारी अनुसार शाहाबाद बिलारी मार्ग पर जैतवाड़ा गांव निवासी एक किसान हारून पुत्र यूनुस ने बताया कि वह अपने गांव जैतवाड़ा से ट्रेक्टर ट्रॉली से गन्ना लेकर करीमगंज स्थित राणा शुगर मील पर जा रहा था तभी अचानक ताजपुर बेहटा गांव के समीप रोड के किनारे ट्रेक्टर रोककर लघुशंका के लिए उतरा तभी किसान ने गन्ने की पुलियों से धुआं उठता नजर आया तभी किसान ने आनन फानन में बराबर में लगा गाड़ी धोने



के प्रेशर पाइप से जैसे तैसे लगी आग को बुझाया किसान ने बताया कि पता नहीं गन्ने की पुलियों में आग कैसे लगी बरहाल गनीमत रही कि भारी नुकसान व जान बच गई।

# तीन वारंटी किए गिरफ्तार, कार्यवाही



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमरौआ।** अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा कुशल दिशानिर्देशो के बाद जिले भर के थाना पुलिस हरकत में आ गई है। जिसके चलते मिलक क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में चलाए गए पर्यवेक्षण में शहजादनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पिछले मुकदमे में फरार चल रहे तीन वारंटियों की धरपकड़ की है। शहजादनगर पुलिस ने को मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के बबुरा गांव निवासी शिशुपाल, पोतीराम पुत्र मूलचंद, नौवतराम पुत्र मूलचंद मौर्य क्षेत्र के इमरतपुर गांव निवासी समेत तीनों लोगों की धरपकड़ की है। जिसके चलते थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए तीनों आरोपियों को न्यायलय में पेश किया गया जहां से कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

# जन-भागीदारी मॉडल को सभी नगर निकायों में किया जाए लागू

## मेरठ मंडलायुक्त ने जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को मेरठ मण्डल आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर नगरीय स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, शहरी सुविधाओं के आधुनिक. ीकरण आदि विषयों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि एनसीआर के बिल्कुल निकट स्थित होने के कारण बागपत जिले में स्वच्छता और सार्वजनिक सेवाओं के मानकों को उच्चतम स्तर पर बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

मंडलायुक्त ने बैठक में सबसे पहले डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण की वास्तविक स्थिति, नगर निकायों के पास उपलब्ध वाहनों की क्षमता, जीपीएस ट्रैकिंग प्रणाली, कचरा छंटाई की व्यवस्था, स्ट्रीट क्लीनिंग मैकेनिज्म और डंपिंग ग्राउंड की मौजूदा स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कचरा संग्रहण में किसी भी प्रकार की अनियमितता या देरी स्वीकार्य नहीं होगी। इसके साथ ही सड़क सफाई, नालों की डी-सिल्टिंग और सामुदायिक स्थानों की सफाई व्यवस्था पर भी अधिक ध्यान देने को कहा। बैठक के दौरान टटीरी नगर पंचायत में निर्माणाधीन मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) का विशेषतौर पर उल्लेख किया गया। आयुक्त ने एमआरएफ यूनिट में छह महीने से लंबित विद्युत कनेक्शन पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर सभी कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। एमआरएफ यूनिट किसी भी आधु. निक नगर निकाय के लिए रीढ़ के समान होती है, क्योंकि यहीं पर प्लास्टिक, पेपर, ग्रीन वेस्ट और अन्य अवशिष्ट पदार्थों का वैज्ञानिक पृथक्करण किया जाता है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी अधिशासी अधिका. रियों के लिए एमआरएफ संचालन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा स्वच्छ भारत मिशन के तकनीकी मानकों पर प्रशिक्षण आयोजित किया जाए ताकि किसी भी स्तर पर तकनीकी त्रुटि न रह जाए। मंडलायुक्त ने सामुदायिक शौचालयों की खराब स्थिति और उनकी मरम्मत को लेकर भी गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जिन शौचालयों की स्थिति ठीक नहीं है, उन्हें नई तकनीक के साथ पुनर्निर्मित किया जाए और जल आपूर्ति, वेंटिलेशन, स्वच्छता कर्मियों की तैनाती तथा प्रकाश व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने आबादी वाले क्षेत्रों में हर 500 मीटर पर सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध कराने को अत्यावश्यक बताया। स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए आयुक्त ने एनजीओ, नागरिक संगठनों, स्कूल-कॉलेजों और सामाजिक समूहों को भी प्रक्रिया में जोड़ने के निर्देश दिए। स्वच्छता एक सामूहिक जिम्मेदारी है और जब तक नागरिक इसमें सक्रिय रूप से भाग नहीं लेते, तब तक किसी भी योजना का अपेक्षित प्रभाव नहीं दिखाई देता। इसलिए जन-भागीदारी मॉडल को सभी नगर निकायों में सक्रिय रूप से लागू किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि नागरिकों से प्राप्त शिकायतों का निवारण अधिकतम 24 घंटे के भीतर किया जाए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अस्मिता लाल, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व विनीत कुमार उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिव नारायण सिंह, डिप्टी कलेक्टर मनीष यादव एवं ज्योति शर्मा सहित सभी नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## राजूददीन को हटाने के आदेश को तत्कालच रद्द कर बहाल करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने सोमवार को डीएम को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि पूर्व पालिका अध्यक्ष एडवोकेट राजूद्दीप को झूठी व राजनीतिक द्वेष के कारण उनके पद से हटाया गया है। उनका कहना था कि पालिका अध्यक्ष बार के सम्मानित सदस्य है। भाजपा के स्थानीय नेता प्रदीप ठाकुर ने जानबूझ कर झूठी व आधारहीन व राजनीतिक द्वेश के कारण उनकी शिकायत की थी, जिसका कोई ठोस साक्ष्य भी नहीं था। इसके बावजूद शासन ने उन्हें उनके पद से हटा दिया है। उन्हें अपना पक्ष रखने का समय भी नहीं दिया गया। उनके खिलाफ लगाया गया आरोप निराधार है। उन्होंने राजूद्दीन को हटाने के आदेश को तत्कालच रद्द कर बहाल करने की मांग की। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष तोमर, महामंत्री अजीत सिंह, सोमेंद्र ढाका, इफ्तकार हसन, नीरज, अनुज ढाका, कमल जुनेजा, सुनील पंवार, चांदवीर राणा, सतेंद्र खोखर मौजूद रहे।



## लापरवाही पर तय होगी व्यक्तिगत जवाबदेही: मंडलायुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए कचरे के मूल्य संवर्धन, कम्पोस्टिंग यूनिट्स जैसे बिंदुओं की भी समीक्षा की गई। मंडलायुक्त ने स्पष्ट किया कि नगर निकायों को वैज्ञानिक और पर्यावरणीय मानकों के तहत ही डंपिंग ग्राउंड का संचालन करना चाहिए। उन्होंने आगजनी रोकथाम व्यवस्था को मजबूत करने और ग्राउंड की क्षमता वृद्धि के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बागपत के नगर निकाय स्मार्ट सिटी के सफल मॉडलों को अपनाकर भी एक उदाहरण स्थापित कर सकते हैं। बैठक में उपस्थित सभी अधिशासी अधिक. ारियों को आयुक्त ने अपने-अपने क्षेत्र के लिए फोकस एरिया सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी परियोजना में देरी या लापरवाही पर व्यक्तिगत जवाबदेही तय की जाएगी और गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा।



## कार की नंम्बर प्लेट पर लिखा ठेकेदार, 25500 का रुपये का चालान कर किया सीज







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** राष्ट्रीय वंदना चौक पर चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान एक काले रंग की स्विफ्ट कार का 25 हजार 500 रुपये का चालान कर कार को सीज कर दिया गया। कार की नंबर प्लेट पर (ठेकेदार) लिखा हुआ था, जिसके बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की।

ट्रैफिक इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान में पुलिसकर्मियों ने वाहन को रोका। जांच के दौरान पाया गया कि कार पर नंबर प्लेट की जगह (ठेकेदार) लिखी एक अन्य प्लेट लगी हुई थी। यातायात नियमों के उल्लंघन के चलते पुलिस अधिका. रियों ने पहले गाड़ी की सघन तलाशी ली। इसके बाद, मोटर वाहन अधिनियम के तहत 25 हजार 500 रुपये का चालान काटकर कार को सीज कर दिया गया। ट्रैफिक इंस्पेक्टर सतेन्द्र सिंह ने वाहन चाल. कों से अपील की कि वे यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें। उन्होंने हिदायत दी कि कोई भी व्यक्ति अपने वाहन पर जातिसूचक या प्रतिबंध शब्दों का इस्तेमाल न करे। पुलिसकर्मियों ने सभी वाहन चालकों से कहा कि वे अपने वाहनों को यातायात नियमों के अनुसार चलाएं ताकि किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई और जुर्माने से बचा जा सके। यातायात पुलिस नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए पूरी सतर्कता बरत रही है।

## 2 दिसंबर को किया जाएगा अधिवक्ताओं का शपथ ग्रहण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में 2 दिसंबर को अधिवक्ताओं का शपथ ग्रहण समारोह किया जाएगा जिसमें नवनियुक्त अधिवक्ता शपथ ग्रहण करेंगे। सिविल बार एसोसिएशन तहसील अध्यक्ष चौधरी धर्मवीर सिंह तोमर एडवोकेट एवं महामंत्री पुष्पेंद्र तोमर एडवोकेट ने बताया कि 2 दिसंबर को तहसील परिवार सर में नवनियुक्त अधिवक्ताओं को सिविल बार एसोसिएशन की शपथ दिलाई जाएगी जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मनोज कुमार जिला एवं सत्र न्यायाधीश शपथ ग्रहण कराएंगे शपथ ग्रहण समारोह में उप जिला. धिकारी बडौत विशिष्ट अतिथि भावना सिंह एवं बर काउंसिल ऑफ चेयरमैन उत्तर प्रदेश कुमार गौड़ मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष ओमपाल सिंह मुख्य रूप से शपथ ग्रहण कराएंगे। शपथ ग्रहण समारोह तहसील परिसर के हाल में होगा। इस मौके पर महामंत्री एडवोकेट पुष्पेंद्र तोमर ने बताया कि पहले तहसील परिसर में दो बार होती थी अब एक बार हो गई है। इस बार का नाम सिविल बार एसोसिएशन रखा गया है। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से कार्यक्रम में भाग लेने का आहवान किया।

## राजुद्दीन को पद से हटाए जाने के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कलेक्ट्रेट में राष्ट्रीय लोक. दल (आरएलडी) के कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका अध्यक्ष एडवोकेट राजुद्दीन को पद से हटाए जाने के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है। आरएलडी कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें राजुद्दीन को पद से हटाने के आदेश पर तत्काल रोक लगाने की भी मांग की गई।

एडवोकेट राजुद्दीन को बागपत नगर पालिका के चेयरमैन पद से दुकानों के गलत आवंटन और निधि के दुरुपयोग के आरोपों के चलते हटाया गया है। जिलाधिकारी के आदेश पर उपजिलाधिकारी ने उन्हें पद से हटाए जाने संबंधी आदेश की प्रति सौंपी थी। राजुद्दीन ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को निराधार बताया है। आरएलडी कार्यकर्ताओं ने इस पूरी प्रक्रिया को गलत बताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग दोहराई है। आरएलडी जिलाध्यक्ष सुभाष गुर्जर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी बात रखी। सुभाष गुर्जर ने कहा कि इस मामले में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जब उनसे भाजपा नेता द्वारा शिकायत किए जाने के संबंध में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि भाजपा से उनका गठबंधन है और शिकायत करने का सवाल ही नहीं उठता। राजुद्दीन आरएलडी के कद्दावर नेता हैं। भाजपा नेता की शिकायत के बाद आरएलडी और भाजपा के बीच कथित तनातनी देखने को मिली है, हालांकि दोनों ही पार्टियों के नेताओं ने इस पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है।



## 94 लाख रुपये की लागत से बनेगा शवदाह गृह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत नगर पालिका उत्तर प्रदेश का पहला सीएनजी चालित शवदाह गृह बनाने जा रही है। इसका निर्माण कार्य आज नगर पालिका अध्यक्ष और सभासदों ने नारियल तोड़कर शुरू किया। अध्यक्ष ने बताया कि यह शवदाह गृह 94 लाख रुपए की लागत से बनेगा और पूरी तरह सीएनजी से संचालित होगा। इसमें लकड़ी या अन्य किसी सामग्री का उपयोग नहीं किया जाएगा।

नगर पालिका बोर्ड ने पेड़ों की कटाई रोकने और वायु प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया है। अध्यक्ष ने जानकारी दी कि यूपी के कई महानगरों में आधु. निक शवदाह गृह हैं, लेकिन किसी नगर पालिका में इस तरह का यह पहला प्रयास है।



अध्यक्ष ने बताया कि इस परियोजना की शुरुआत कर दी गई है और इसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। अंतिम संस्कार के लिए इसकी कीमत नि:शुल्क रखने का निर्णय लिया गया है, जिसे बोर्ड में रखा जाएगा और फिर यह सेवा मुफ्त में उपलब्ध होगी। नगर पालिका अध्यक्ष पति अश्वनी तोमर ने बताया कि पहले अंतिम संस्कार के लिए लगभग 4.5 क्विंटल लकड़ी का उपयोग होता था, जिसके लिए लगभग तीन पेड़ काटने पड़ते थे। लकड़ी जलाने से वायु प्रदूषण भी फैलता था। इन सभी समस्याओं को देखते हुए नगर पालिका ने आधु. निक शवदाह गृह बनाने का प्रस्ताव बोर्ड में पारित किया था।

## लायनेस क्लब ने लगाया नेत्र शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** लायनेस क्लब धनौरा परिवर्तन ने सोमवार को सामाजिक सरोकारों से जुड़े एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। क्लब की सदस्याओं ने डॉक्टर नेहा सिंह के एमएसआई क्लीनिक पहुंचकर नेत्र शिविर का आयोजन कराया, जिसमें क्लब सदस्यों सहित कई लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई। नेत्र परीक्षण के उपरांत डॉक्टर नेहा सिंह ने उपस्थित महिलाओं को आई डोनेशन के महत्व और प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। क्लब की ओर से डॉक्टर नेहा सिंह को उनकी सेवाओं के लिए सम्मान स्वरूप शील्ड भेंट की गई। सेवा कार्य के दौरान अध्यक्ष कल्पना शर्मा, सुधा शर्मा, सीमा यादव, रेनू अग्रवाल, मीनू जैन सहित अन्य सदस्य मौजूद रहीं।

## बंद फैक्ट्री में हुई चोरी का खुलासा

### दो चोर गिरफ्तार, धातु प्लेटे और वाहन बरामद

**बछरायूं।** थाना बछरायूँ पुलिस ने बंद पड़ी फैक्ट्री में हुई सिल्वर/सफेद धातु प्लेट चोरी की वारदात का सफल खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई 05 प्लेट सफेद धातु, 80,240 रुपये नकद, एक महिंद्रा बुलेरो पिकअप व एक वैगनआर कार बरामद की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमरोहा अमित कुमार आनंद के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा अखिलेश भदौरिया तथा क्षेत्राधिकारी धनौरा अंजली कटारिया के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अमित तोमर के नेतृत्व में की गई। गौरतलब है कि 13 नवंबर को वादी पप्पू उर्फ मदनपाल ने बंद फैक्ट्री से 25 एल्युमिनियम प्लेट, जेनरेटर बैटरी और अन्य सामान चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

जांच के दौरान पुलिस ने 30 नवंबर को फतेहपुर कुंडा रोड के बीच बागों वाली कच्ची राह से दो अभियुक्त सलीमुद्दीन निवासी गाजियाबाद और हफीज निवासी अलीगढ़/बुलंदशहर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पुरानी और बंद फैक्ट्रियों में चोरी की घटनाएं अंजाम देते हैं। चोरी की रात वे दो वाहनों से फैक्ट्री पहुंचे और बड़ी मात्रा में धातु प्लेटें व अन्य सामान उठाया, जिनमें से कुछ वजन अधिक होने के कारण पास ही छिपा दिए थे। चोरी का सामान बेचकर उन्हें लगभग साढ़े तीन लाख रुपये प्राप्त हुए, जिसे आपस में बांट लिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## जिलाधिकारी ने विश्व एड्स दिवस पर रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने सोमवार को विश्व एड्स दिवस पर एड्स की रोकथाम हेतु लोगों को जागरूक करने हेतु कलेक्ट्रेट से रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। विश्व एड्स दिवस पर विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया और रैली के माध्यम से एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि विश्व एड्स दिवस प्रत्येक वर्ष 1 दिसम्बर को मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य एचआईवी संक्रमण के प्रसार की वजह से एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि एचआईवी/एड्स से मरने वाले लोगों की याद में और नए संक्रमण को रोकने और एड्स को समाप्त करने के वैश्विक प्रयासों का समर्थन करने के मनाया जाता है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आलोक शर्मा सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस की मौजूदगी में राजस्व टीम पर हमला, नौ पर एफआईआर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** पुलिस की मौजूदगी में एसडीएम कोर्ट के आदेश पर पैमाइश के दौरान मेंढ़ डलवा रही राजस्व टीम पर जानलेवा हमला कर दिया। विरोध करने पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर गोली मारने की धमकी दी गई। कानूनगो को जाति सूचक गालिया दी। घटना को लेकर खलबली मच गई। इस पर टीम वापस लौट आई। मामले में एक ही परिवार के छह सदस्यों सहित नौ नामजद और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कलीनगर में तैनात कानूनगो काशीराम ने बताया एक अगस्त 2025 को उप जिलाधिकारी न्यायालय के आदेश पर माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव दयालपुर निवासी कृष्ण कुमार पुत्र सुंदरलाल की पक्की तूदाबूंदी 30 अक्टूबर को कर दी गई थी। खेत के चारों ओर पक्के तूदे लगवा दिए गए थे लेकिन गांव के ही रहने वाले हेम. राज पुत्र खेमकरन के खेत में धान की फसल अभी तक नहीं काटी है। कई बार ग्रामीण से राजस्व और पुलिस टीम ने मौखिक रूप से फसल काटकर कब्जा छोड़ने को कहा। परंतु प्रत्येक बार में वह 5 दिन का समय मांगते रहे। 28 नवंबर को राजस्व टीम व पुलिस बल की उपस्थिति में जब मेड डलवाई जा रही थी। तभी हेमराज, पूरनलाल पुत्रगण खेमकरण, माया देवी, बेलमती, शिवम व विजय कुमार पुत्रगण हेमराज, शांति देवी, श्रीपाल, कमल सहित अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर लाठी डंडा लेकर पहुंच गए। इसके बाद टीम से अभद्र भाषा का प्रयोग कर गोली मारने की धमकी देकर सभी हमलावर हो गए। इससे न्यायालय के आदेश का पालन नहीं हो सका। इस पर टीम वापस लौट आई। आरोपियों ने कानूनगो से जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। मामले में कानूनगो की ओर से सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## 217 ग्राम अवैध चरस सहित दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरिया।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव द्वारा अपराध नियत्रण एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में सोमवार को थाना अमरिया पुलिस द्वारा नरेश पुत्र हेतराम उम्र करीब 44 वर्ष निवासी ग्राम चकरपुर थाना भमौरा जिला बरेली व महिपाल पुत्र महेश उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम चकरपुर थाना भमौरा जिला बरेली को थाना क्षेत्र के चौकी मुडलिया बैरियर पर मुखबिर खास की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों के कब्जे से 217 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर दोनों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## 3 दिसंबर को महुआ गुंदे में सजेगा खाटू श्याम का विशाल दरबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** महुआ गुंदे में भक्ति का महापर्व द्वितीय श्री खाटू श्याम विशाल कीर्तन का भव्य आयोजन 3 दिसंबर 2025, बुधवार को होने जा रहा है। यह आयोजन पूरनपुर क्षेत्र को श्याम रंग में रंगने वाला है। कार्यक्रम का शुभारंभ सायं 6:00 बजे से प्रभु इच्छा तक होगा। इस अवसर पर प्रसिद्ध श्री श्याम भजन गायिका शर्मा सिस्टर्स (कानपुर) और सुरमयी स्वर साधिका सोनम सक्सेना (झांसी) अपनी मधुर वाणी से श्याम नाम की अमृतधारा बहाएंगी। भजनों की अनुपम प्रस्तुति देंगे। अंकित शर्मा (बरेली), समृद्धि शर्मा (बरेली), चांदनी म्यूज़िशियन ग्रुप (बरेली), विकास शर्मा (शाहजहापुर) और झांकी ग्रुप अनिल अलबेला। आयोजकों ने कहा है कि इस पावन अवसर पर अपने परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर श्याम नाम की महिमा में लीन हों और बाबा श्याम की अनुकंपा प्राप्त करें। मनोना धाम से ज्योति लेने गए सैकड़ो श्याम प्रेमी श्याम सखा मंडल के अध्यक्ष विकास अवस्थी, रवि अवस्थी, अचल मोहन पांडे, अनुपम बाजपेई, शोभित शुक्ला, अचलेंद्र मिश्रा, ऋषभ पांडे, शानू पांडे, हरिओम अवस्थी, देवेंद्र पांडे, हिमांशु मिश्रा, अमन, आदि सैकड़ो श्याम प्रेमी श्रद्धालु लोग उपस्थित रहे।

## सपा नेता कर रहे एसआईआर के प्रति जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला महासचिव राहुल कश्यप ने 127 विधानसभा के ग्राम भिकारीपुर के बूथ संख्या 207, 208, 209, 210 पर एसआईआर के फार्म भरे और महिला शक्ति को जागरूक किया। उन्होंने घर के सभी सदस्यों, पास पड़ोसी, गली, मोहल्ले और गांव के सभी लोगों को एसआईआर के प्रपत्र भरने के लिए जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन करना और नए मतदाताओं को पंजीकृत करना है। यह अभियान 4 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे और भरवाकर वापस लेंगे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद धनौरा जनपद-अमरोहा**

पत्रांक: 87/न.पा.परि.ध./2025-26 दिनांक: 1.12. 2025

**ई-निविदा सूचना**

शासकीय व्यवस्था के अन्तर्गत उपरोक्त कार्य राज्य वित्त आयोग /बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों की ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जा रही है।

अत: इच्छुक निविदादाता/ठेकेदार/फर्म अपनी-अपनी ऑनलाईन निविदाये दिनांक- 22.12. 2025 दोपहर 12.00 तक https://etender.up.nic.in पर आनलाईन प्रस्तुत कर सकता है जो कि दिनांक- 23.12.2025 को ही अपरान्ह 02.00 बजे गठित समिति तथा पंजीकृत ठेकेदारों/निविदादाता/फर्मों की उपस्थिति मे खोली जायगी। ई-निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न हैं, जोकि बेवसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का समस्त अधिकार अध्यक्ष महोदय/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् धनौरा में निहित है। इस सम्बन्ध में लिये गये निर्णय पर किसी भी ठेकेदारों/निविदादाता/फर्मों को न्यायालय मे जाने का अधिकार नहीं होगा।

| | |
|---|---|
| E-bid reference No. | 87/N.P.P.D/E-Tander/2025-26 |
| Publish date and Time | 01.12.2025 on 12:00 PM |
| Last date and time for submission of E-bids | 22.12.2025 on 12:00 PM |
| Date and time of opening of On line TE- Bids | 23.12.2025 on 02:00 PM |
| Place of opening of E-Bids | Nagar Palika Parishad Dhanaura, amroha |
| E-Tander Security | 10 % of Tender Value |
| E-Tender document processing | As per tander list |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद धनौरा**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद धनौरा**

## संक्षिप्त खेल समाचार

### सीए-थॉन के दूसरे एडिसन में हजारों ने लिया हिस्सा

**मुंबई, वार्ता।** फिटनेस को लेकर फिजिकल एक्टिविटी के प्रति लोगों को बढ़ावा देने के लिए बॉम्बे चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सोसाइटी (बीसीएएस) के सहयोग और 4 मेमोरीज इवेंट एलएलपी द्वारा आयोजित सीए-थॉन दौड़ के दूसरे संस्करण में विभिन्न वर्गो के दो हजार से अधिक लोगों को जोश से साथ हिस्सा लिया। तीन कैटेगरी में रविवार को ब्रांद्रा में आयोजित इस मैराथन में सीए फ्रेटरनिटी के सदस्य, छात्रों और बड़ी कम्युनिटी के फिटनेस के शौकीन दो हजार से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया। मैराथन का आयोजन दो किमी, पांच किमी और 10 किलोमीट वर्ग में किया गया। इस पहल का मकसद लोगों को फिजिकल एक्टिविटी को एक बैलेंस्ड और स्वस्थ जीवन के जरूरी हिस्से के तौर पर अपनाने के लिए बढ़ावा देना है।

### इंडियन पिकलबॉल लीग' भारत के उभरते खेल को अधिक सशक्त बनाएगी : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को इंडियन पिकलबॉल लीग ( आईपीबीएल) के उद्घाटन समारोह में कहा कि यह अनूठी पहल देश में नए खेलों को बढ़ावा देने, युवाओं में खेल संस्कृति का विस्तार करने और खिलाड़ियों को बड़े मंच से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास है। यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह में श्रीमती रेखा गुप्ता ने कहा कि 'इंडियन पिकलबॉल लीग' न सिर्फ एक प्रतियोगिता है, बल्कि यह भारत के उभरते खेल इकोसिस्टम को और अधिक गतिशील एवं सशक्त बनाएगी। उन्होंने इसे युवाओं के लिए बेहतर अवसर बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से नए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पहचान, प्रोत्साहन और प्रगति का मार्ग मिलता है।

### केएससीए चिन्नास्वामी स्टेडियम की एनएबीएल सेफ्टी रिपोर्ट जमा कराए: पीडब्ल्यूडी

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (पीडब्ल्यूडी) ने सोमवार को बड़ी खेल प्रतियोगिताओ और दर्शकों की सुरक्षा का हवाला देते हुए कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) को अपने स्टेडियम की इमारत का एनएबीएल-रजिस्टर्ड एक्सपर्ट एजेंसी से तथा स्ट्रक्चरल सेफ्टी असेसमेंट रिपोर्ट जमा कराने को कहा है। यहां जारी बयान में बताया गया है कि एक सरकारी ऑर्डर के मुताबिक, डिपार्टमेंट ने एमजी रोड पर 16 एकड़ और 13 गुंटा जमीन का सालाना किराया एक हजार रुपये तय किया था।

# 120 % तैयारी के साथ मैदान पर आता हूं: विराट




● **दिन में दो बल्लेबाजी सत्र और शाम का एक सत्र करूं, जिससे मेरी तैयारी पूरी हो जाए: कोहली**

**रांची, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 17 रनों की जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भारतीय टीम के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि मैं किसी भी मैच के लिए 120 प्रतिशत तैयारी के साथ मैदान में उतरता हूं।

17 साल के अंतर्राष्ट्रीय करियर में 300 से अधिक एकदिवसीय और 220 से ज्यादा अन्य प्रारुपों के मैच खेलने के बावजूद भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली पहले वनडे से काफी पहले रांची पहुंच गए थे। वनडे के महान खिलाड़ियों में से एक और इतना अनुभवी होने के बाद भी उन्होंने हालात को समझने के लिए कुछ अतिरिक्त बल्लेबाजी अभ्यास किया। उनका मंत्र वही पुराना था, अपना 120 प्रतिशत देना। इसका नतीजा रहा एक शानदार वनडे शतक। उनके करियर का 52वां, जिसने भारत को पहले वनडे में 17 रन की जीत दिलाई। वनडे में अपना 44वां प्लेयर ऑफ द मैच मिलने के बाद रविवार को कोहली ने कहा कि मैं पहले भी कह चुका हूं कि अगर मैं कहीं मैच के लिए पहुंच रहा हूं तो मैं 120 प्रतिशत तैयारी के साथ पहुंचता हूं।

मैं यहां जल्दी आया ताकि यहां की परिस्थितियां समझ सकूं। दिन में दो बल्लेबाजी सत्र और शाम का एक सत्र करूं, जिससे मेरी तैयारी पूरी हो जाए। मैच से एक दिन पहले मैंने आराम किया क्योंकि मैं 37 साल का हूं और रिकवरी भी जरूरी है। मैं मैच को अपने दिमाग में बहुत विजुलाइज करता हूं और मुझे लगता है कि मैं उतना ही शार्प, इंटेंस हूं कि फील्डर्स और तेज गेंदबाजों को चुनौती दे सकता हूं। उन्होंने कहा कि आज मैच में ऐसे उतरकर बहुत अच्छा लगा। पिच पहले 20-25 ओवर काफी अच्छी थी, फिर थोड़ी धीमी होने लगी। मैंने बस सोचा कि मैदान में जाऊं और गेंद को मारूं। क्रिकेट खेलने का असली कारण उसका लुत्फ उठाना होता है और मुझे वही महसूस करना था। जब शुरुआत मिल गई और स्थिति बनी, तो इतने सालों का अनुभव काम आया और पता चला कि कैसे पारी को आगे बढ़ाना है। भारत ने पहले बल्लेबाजी की। यशस्वी जायसवाल 18 रन पर आउट हुए तो चौथे ओवर में कोहली बल्लेबाजी करने आए और रोहित शर्मा के साथ एक बेहतरीन शतकीय साझेदारी बनाई। उन्होंने 48 गेंदों में अ(र्धशतक, 102 गेंदों में शतक और 120 गेंदों में 135 रन बनाए, जिसमें सात छक्के शामिल थे। यह वनडे में उनके करियर में सिर्फ पांचवीं बार है, जब उन्होंने एक मैच में पांच से अधिक छक्के मारे। भारत ने रांची में भरे हुए स्टेडियम के सामने 349 रन बनाए। यह उनका इस साल का दूसरा वनडे शतक था। पहला उन्होंने दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ बनाया था।

उन्होंने कहा कि जब आप 300 के करीब वनडे और 15-16 साल में इतना क्रिकेट खेल चुके होते हैं, तो बस यह जरूरी है कि आप खेल से जुड़े रहें। अगर आप नेट्स में डेढ़-दो घंटे बिना रुके बल्लेबाजी कर सकते हैं, तो सब ठीक है। अगर फॉर्म खराब हो तो मैचों की जरूरत पड़ती है। पर जब तक आप गेंद अच्छे से मार रहे हों और अच्छा क्रिकेट खेल रहे हों, तो मेरे अनुभव में सब कुछ फिटनेस, मानसिक तैयारी और खेलने का उत्साह संभाल लेता है। उन्होंने कहा कि मैं बहुत ज्यादा तैयारी में भरोसा नहीं करता। मेरा क्रिकेट हमेशा मानसिक रहा है। मैं मानसिक रूप से तैयार और शारीरिक रूप से मजबूत रहूं, इसके लिए रोज मेहनत करता हूं। यह क्रिकेट से नहीं, मेरी लाइफस्टाइल से आता है। जब फिटनेस और मानसिकता सही हो, और दिमाग में खेल साफ दिखे, तो एक दिन शुरुआत मिलते ही रन स्वयं आ जाते हैं।

## विराट कोहली की शानदार पारी और भारतीय टीम के प्रदर्शन की तारीफ

● **मिथुन मन्हास ने कोहली की शतकीय पारी के अलावा रोहित, राहुल और कुलदीप के प्रदर्शन की तारीफ की**

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने भारतीय टीम की रोमांचक जीत की सराहना तथा विराट कोहली की शतकीय पारी के अलावा रोहित शर्मा, केएल राहुल और गेंदबाज कुलदीप यादव के प्रदर्शन की तारीफ की। मिथुन मन्हास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि विराट की शानदार पारी और रोहित और राहुल के अच्छे सपोर्ट ने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

कुलदीप और हर्षित राणा के खास योगदान से भारत ने दक्षिण अफ्रीका पर 1-0 की बढ़त बना ली बीसीसीआई। बहुत बढ़िया, ब्लू टीम के खिलाड़ियों ने। भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका रविवार को मिली 17 रनों की जीत के साथ भारत ने मौजूदा सीरीज में दक्षिण अफ्रीका 1-0 की बढ़त बना ली। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। विराट कोहली और रोहित शर्मा की शानदार साझेदारी ने भारतीय पारी को संभाला और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। दोनों के बीच 136 रनों की साझेदारी हुई। केएल (56 गेंदों में 60 रन, दो चौके और एक छक्का) और विराट के बीच 76 रन की साझेदारी और बाद में केएल के लिए जडेजा (20 गेंदों में 32 रन, दो चौके और एक छक्का) के साथ 65 रन की साझेदारी ने भारत को 50 ओवर में 349/8 तक पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका ने ब्रीट्जके (80 गेंदों में 72 रन, आठ चौके और एक छक्का) और मार्को यानसन (39 गेंदों में 80 रन, सात चौके और तीन छक्के) के बीच 97 रन की साझेदारी ने भारत से गेम छीनने का खतरा पैदा कर दिया था, लेकिन कुलदीप यादव के सही समय पर दोनों बल्लेबाजों को एक ही ओवर में पवेलियन भेज दिया। जिससे दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 227/8 हो गया।

## भारत ने एएफसी अंडर-17 एशियन कप 2026 के लिए किया क्वालीफाई

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय फुटबॉल टीम ने अपने आखिरी ग्रुप डी क्वालिफाइंग मैच में ईरान पर 2-1 की शानदार जीत के साथ एएफसी अंडर 17 एशियन कप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया।

रविवार को खेले गए मुकाबले में ईरान से तीन अंक पिछले चल रही बिबियानो फर्नांडीस की कोच वाली भारतीय टीम के सामने जीत करने अगले टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने का मौका था, जबकि ईरान को आगे बढ़ाने के लिए ड्रॉ की जरूरत थी। इस जीत के साथ ही ईरान और भारत दोनों के सात-सात अंक हो गए लेकिन जीत की वजह से भारत का हेड-टू-हेड रिकॉर्ड बेहतर था, इसलिए वह ग्रुप में शीर्ष पर रहा। अंडर-17 भारीय फुटबॉल टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। मेहमान टीम ने



● **भारतीय फुटबॉल टीम ने अपने आखिरी ग्रुप डी क्वालिफाइंग मैच में इरान पर 2-1 की शानदार जीत दर्ज की**

19वें मिनट में अमीरेजा वलीपुर के गोल से बढ़त बनाई। हालांकि, हाफ-टाइम से ठीक पहले कैप्टन डल्लालमुओन गंगटे के पेनल्टी स्पॉट से गोल करने के बाद मेजबान टीम ने स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद गुनलेइबा वांगहेइराकपाम के 52वें मिनट के गोल ने आखिरकार भारतीय की जीत पक्की कर दी और इसके साथ ही उसका 10वें एएफसी अंडर17 एशियन कप के लिए क्वालिफिकेशन भी पक्का हो गया। इससे पहले, भारत ने अपने एएफसी अंडर17 एशियन कप 2026 क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट की शुरुआत फिलिस्तीन के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ के साथ की थी, और फिर गंगटे की हैट्रिक की वजह से चीनी ताइपे पर 3-1 से जीत हासिल की थी। हालांकि लेबनान से 2-0 से हारने के बाद, उन्हें ईरान के खिलाफ जरूरी जीत की स्थिति का सामना करना पड़ा। एएफसी अंडर-17 एशियन कप 2026 की मेजबानी अगले साल मई में सऊदी अरब करेगा। टूर्नामेंट से शीर्ष आठ टीमें उसी साल बाद में कतर में होने वाले फीफा अंडर-17 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## लोकसभा ने दी महिला क्रिकेट और कबड्डी खिलाड़ियों को बधाई

● **यह सम्पूर्ण देश के लिए अत्यंत गौरव और सम्मान का विषय है कि भारत की महिला क्रिकेट टीम ने विश्व कप जीत लिया है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** लोकसभा ने महिला क्रिकेट विश्वकप, दिव्यांग महिला टी-20 विश्व कप और कबड्डी विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीमों को बधाई देते हुए खिलाड़ियों की सराहना की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को सदन में भारत की महिला खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह संपूर्ण देश के लिए अत्यंत गौरव और सम्मान का विषय है कि भारत की महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर महिला क्रिकेट 2025 विश्वकप जीत लिया है। उन्होंने कहा कि साथ ही हमारे लिए यह भी बघी प्रसन्नता का विषय है कि भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने नेपाल को हराकर पहला टी20 महिला क्रिकेट विश्वकप जीता है। उन्होंने कहा कि आपके साथ यह बात साझा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि भारतीय महिला कबड्डी टीम ने चीनी ताइपेई को हराकर महिला कबड्डी विश्व कप का खिताब भी जीता है। अध्यक्ष ने गत 15 से 26 नवम्बर तक जापान में आयोजित डेफलिपिक्स प्रतियोगिता में भारतीय दल के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कुल रिकॉर्ड बीस पदक जीते जिनमें नौ स्वर्ण, सात रजत तथा चार कांस्य पदक शामिल है। श्री बिरला ने कहा कि हमें अपने खिलाड़ियों पर गर्व है। इन युवा खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट कौशल, दृढ संकल्प, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन करते हुए यह असाधारण सफलता प्राप्त की है। हमारे खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन न केवल केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा को दर्शाता है बल्कि हमारे एथलीटों की सामूहिक शक्ति, संकल्प और समर्पन को भी दर्शाता है। यह जीत उनकी वर्षों की कघी मेहनत का परिणाम है। हमारे खिलाड़ियों की इन उपलब्धियों से देश के लाखों युवाओं को जीवन के हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरणा मिली है।

## पैनासोनिक ने धोनी को बनाया ब्रांड एंबेसडर




**नई दिल्ली, वार्ता।** विद्युत उपकरण कंपनी पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने प्रसिद्ध क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को भारत में अपने एयर कंडीशनर पोर्टफोलियो का नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। कंपनी का मानना है कि धोनी के पैनासोनिक परिवार से जुड़ने से देशभर में उपभोक्ताओं के बीच

● **धोनी के पैनासोनिक परिवार से जुड़ने से देशभर में उपभोक्ताओं के ब्रांड की पहचान और जुड़ाव को बढ़ावा मिलेगा**

ब्रांड की पहचान और जुड़ाव को बढ़ावा मिलेगा। धोनी का स्वागत करते हुए पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया के प्रबंध निदेशक तदाशी चिबा कहा कि यह साझेदारी साझा मूल्यों का प्रतिबिब है। पिछले 100 से अधिक वर्षों से पैनासोनिक वैश्विक स्तर पर विश्वसनीयता, नवाचार और सार्थक योगदान का प्रतीक रहा है, और हम इन्हीं मूल्यों को भारत में और मजबूत कर रहे हैं। धोनी का शांत नेतृत्व और भरोसेमंद प्रदर्शन इस भावना को दर्शाता है। धोनी सिर्फ स्टार पावर ही नहीं, बल्कि भारतीय उपभोक्ताओं से गहरा जुड़ाव भी लाते हैं। हम मिलकर भारत में पैनासोनिक की यात्रा का एक यादगार अध्याय लिखने की उम्मीद करते हैं। इस अवसर पर महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि हममें से कई लोगों के लिए भारत में बड़े होते समय पैनासोनिक सिर्फ एक जापानी ब्रांड नहीं था, बल्कि हमारे रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा था। यह परिचित, भरोसेमंद और भारतीय भावना से जुड़ा हुआ लगता था, क्योंकि यह हमारे घरों और यादों में मौजूद था। मेरे लिए यह साझेदारी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह साझा मूल्यों को दर्शाती है। विश्वास, विश्वसनीयता, समाज के प्रति योगदान और लगातार बेहतर बनने की इच्छा। मैं ऐसे ब्रांड से जुड़कर गर्व महसूस करता हूं।

## शुभमन गिल बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में शुरु करेंगे रिहैब

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के नियमित कप्तान शुभमन गिल ठीक हो रहे हैं और वह सोमवार से बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपनी गर्दन की चोट के लिए रिहैब शुरू करेंगे। गिल के दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाली आगामी टी-20 सीरीज के लिए उनके खेलने को लेकर उम्मीद है।

पांच टी-20 सीरीज का पहला मैच नौ दिसम्बर को कटक में है और अगर सब कुछ ठीक रहा। टेस्ट और एकदिवसीय टीम के नियमित कप्तान गिल भुवनेश्वर में इकठा होने वाली टीम के साथ में शामिल हो सकते हैं। गुवाहाटी में भारतीय टीम से बाहर होने बाद, गिल अपनी गर्दन की ऐंठन के बारे में स्पेशलिस्ट से सलाह लेने के लिए मुंबई गए। चंडीगढ़ घर जाने से पहले उन्होंने शहर में तीन दिन बिताए, जहां उन्होंने अपना पर्सनल रिहैब जारी रखा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गिल सोमवार से बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपनी गर्दन की चोट के लिए रिहैब शुरू करेंगे। ईडन टेस्ट के दूसरे दिन उन्हें गर्दन ऐंठन हुई, उसकी वजह से वह न केवल मेहमान दक्षिण



अफ्रीका टीम के खिलाफ दो टेस्ट से बाहर हो गए, बल्कि तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से भी बाहर हो गए। पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए टीम अगले कुछ दिनों में चुने जाने की उम्मीद है और हो सकता है कि उन्हें मैचों के लिए क्लियर कर दिया जाए। सूत्रों का कहना है कि उन्होंने अपनी रिकवरी पर बहुत मेहनत की है और जल्द से जल्द मैदान पर लौटने के लिए बहुत उत्सुक हैं। एक सूत्र ने कहा कि कप्तान ने रिहैब प्रोसेस के दौरान बहुत मेहनत की है।

## न्यूजीलैंड डब्ल्यूटीसी 2027 चरण की शुरुआत मजबूती से करने उतरेगा

**क्राइस्टचर्च, वार्ता।** न्यूजीलैंड की टीम मंगलवार से वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर अपने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2027 के चरण की शुरुआत जबरदस्त तरीके से करने मैदान में उतरेगी। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की रिपोर्ट के अनुसार 2023 की चैंपियन न्यूजीलैंड अकेली ऐसी टीम है जिसने अभी तक नए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप चरण का कोई भी टेस्ट मैच नहीं खेला है। न्यूजीलैंड क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में शुरू होने वाली तीन-टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में कैरेबियाई टीम खिलाफ अपना अंक हासिल करने उतरेगा। न्यूजीलैंड को वेस्टइंडीज के खिलाफ यह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चरण में अपनी घरेलू जमीन पर खेलना

● **न्यूजीलैंड एक अकेली ऐसी टीम है जिसने अभी तक नए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप चरण का कोई भी टेस्ट नहीं खेला है**

हैं, साथ ही टीम 2027 के फाइनल से पहले तीन अन्य सीरीज भी खेलेगी, जिसमें अगली गर्मियों में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार-मैचों की मुश्किल सीरीज भी शामिल है। हालांकि न्यूजीलैंड हाल के दिनों में टेस्ट लेवल पर घर से बाहर सफल रहा है, लेकिन हेड कोच रॉब वाल्टर वेस्ट इंडीज के खिलाफ उन हालात में जीत के साथ शुरुआत करना चाहते हैं, जिनकी उनकी टीम को अच्छी तरह आदत होगी। वाल्टर ने कहा कि घर पर जीतना जरूरी है, लेकिन यह सब कुछ नहीं है क्योंकि हमने यह देखना शुरू कर दिया है कि टीमें घर से बाहर कैसे जीत सकती हैं। अगर कोई ऐसे हालात हैं जिन्हें आप समझते हैं और उन पर भरोसा करते हैं, तो हम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत में ही मजबूती से करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि टीम अपनी टेस्ट मैच पहचान को लेकर स्पष्ट है, उन्होंने एक टीम के तौर पर बहुत अच्छा किया है, बस उसी पर वापस आना है। उनके पास वाकई एक अच्छा तेज गेंदबाजी आक्रमण है, कुछ खतरनाक बल्लेबाज हैं और वे लंबे समय तक बैटिंग कर सकते हैं, इसलिए टीम के नजरिए से (हमें) क्रिकेट के खेल का सम्मान करना होगा और मुकाबले के लिए तैयार रहना होगा।

न्यूजीलैंड टीम (पहला टेस्ट):- टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल, माइकल ब्रेसवेल, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, जैक

# सऊदी अरब ने भारत को 81-57 से हराया

● **चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में मोहम्मद अली अब्दुल रहकमान ने मेहमान टीम को गेम में सबसे अधिक 24 अंक दिलाए**

**चेन्नई, वार्ता।** भारतीय बॉस्केटबॉल टीम को फीबा विश्व कप 2027 क्वालिफायर के अपने दूसरे मुकाबले में सऊदी अरब से 81-51 के स्कोर से हार का सामना करना पड़ा। चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में मुहम्मद-अली अब्दुर-रहकमान ने मेहमान टीम को गेम में सबसे अधिक 24 अंक दिलाए, जबकि कंवर संधू ने 19 अंक बनाकर भारत को लीड किया। सऊदी अरब ने जबरदस्त शुरुआत की, अली शुबैली ने लेअप और थ्री-पॉइंटर से स्कोरिग शुरू की।

भारत ने प्रिंस प्रणव के जम्पर और पलप्रीत सिंह बरार के लेअप से जवाब दिया, लेकिन मेहमान टीम ने जल्दी ही कंट्रोल कर लिया, और बिना जवाब दिए सात अंक लेकर पहला क्वार्टर 19-9 से आगे खत्म किया। दूसरे क्वार्टर में सऊदी अरब ने गेम पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली क्योंकि अब्दुर-रहकमान ने 11 अंक जोड़े, जिससे मेहमान टीम ने हाफटाइम तक अपनी बढ़त 43-21 कर ली। सऊदी अरब ने तीसरे क्वार्टर में भी अपना दबदबा बनाए रखा, भारत को 25-15 से हराया और अंतर और बढ़ा दिया। मेहमान टीम ने आखिरी क्वार्टर में भी अपना दबदबा बनाए रखा और लगातार अंक जोड़ते हुए भारत को वापसी का कोई मौका नहीं




दिया। भारत क्वालिफायर के शुरुआती विंडो में एक भी मैच नहीं जीत पाया है। अब उनका सामना दूसरे विंडो में 27 फरवरी को कतर से होगा। अफ्रीका, एशिया और ओशिनिया, यूरोप और अमेरिका की कुल 80 टीमें फीबा बास्केटबॉल वर्ल्ड कप 2027 में जगह बनाने के लिए छह क्वालिफिकेशन विंडो में मुकाबला कर रही हैं। भारत, लेबनान, सऊदी अरब और कतर के साथ एशिया और ओशिनिया क्षेत्र में ग्रुप डी का हिस्सा है।

# दहलाने वाले आंकड़े

देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 28 अक्टूबर से एसआईआर की प्रक्रिया जारी है। इसके लिए बीएलओ नियुक्त किए गए हैं। यह सब सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन कई राज्यों में बीएलओ की आत्महत्या और मौत के समाचार भी आ रहें हैं। एसआईआर की प्रक्रिया अपने स्थान पर बराबर जारी है। यूपी के सम्भल में सोमवार को सहायक बीएलओ की सोते-सोते मौत हो गई, इससे पहले 30 नवम्बर को मुरादाबाद में एसआईआर काम में लगे टीचर ने सुसाइड कर लिया था। बीएलओ की मौतों के आंकडे हर किसी का दिल दहलाने के लिए काफी हैं। उप्र अब तक 8 कर्मचारियों की जान जा चुकी है। 3 ने सुसाइड, 3 की हार्ट अटैक से और एक की ब्रेन हेमरेज से मौत हुई थी। सात राज्यों में अब तक 29 बीएलओ की मौत हो चुकी है। सबसे ज्यादा मध्य प्रदेश में 9 बीएलओ की जान गई है।  इस प्रक्रिया के कार्यान्वयन और इसकी आधारभूत कार्यप्रणाली के कारण इसकी तत्काल न्यायिक जांच की जरूरत है। जहां सुप्रीम कोर्ट बिहार में शुरू की गई एसआईआर प्रक्रिया की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई जारी रखे हुए है, वहीं अन्य राज्यों में भी यही दोषपूर्ण नजरिया जारी है। बतातते चलें कि मतदाताओं को ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा दिए गए गणना प्रपत्र भरने होंगे और 2002-2005 की मतदाता सूची से अपने विवरण का मिलान करना होगा। हालांकि बिहार के आंकड़े बताते हैं कि इस प्रक्रिया से चुनाव नतीजों में नाटकीय बदलाव नहीं आया, लेकिन मतदाताओं के लिंग अनुपात में भारी गिरावट देखी गई। अन्य स्थानीय विकृतियां भी चिंता की सबब हैं। ईसीआई का दावा है कि 12 राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों के ज्यादातर मतदाताओं तक गणना प्रपत्र पहुंचा दिए गए हैं, लेकिन असली मतदाता प्रपत्र के लिए मारामारी कर रहे हैं और अगले महीने आने वाली मसौदा सूची में नामांकन के लिए जरूरी दस्तावेजों को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बीएलओ को घर-घर जाकर काम करने की अनिवार्यता वाला दिशा-निर्देश सिर्फ कागजों पर ही जान पड़ता है। गुवाहाटी हाईकोर्ट ने डा. मनमोहन सिंह (1999द्ध मामले में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की आवश्यकताओं की व्यापक व्याख्या की थी, एक साधारण निवासी स्थायी रूप से निवास करने के इरादे से एक अभ्यस्त निवासी होता है, जिसे कोई भी विवेकशील व्यक्ति उस स्थान का निवासी मान लेगा। इस सिद्धांत के आधार पर, निर्वाचन आयोग और न्यायपालिका ने ऐतिहासिक रूप से यह मान लिया है कि कोई भी निवासी वयस्क, स्वत: ही, एक वैध मतदाता है। एसआईआर इस धारणा को उलट देता है। पहले मतदान करने के बावजूद, अब हर मतदाता को निर्वाचन आयोग द्वारा सूचीबद्ध पुराने रिकॉर्ड या दस्तावेजों के आधार पर अपनी वैधता साबित करनी होगी। राज्य की तरफ से हटाकर नागरिकों पर यह भार डालने से, खासकर विवाहित महिलाओं और प्रवासियों के मताधिकार से वंचित होने का बड़ा खतरा है, जैसा कि बिहार में हुआ।

## सवालों के लिए ही बनी है संसद



संसद सवालों के लिए ही नहीं बनी है, तो किस उद्देश्य से बनी हैं, सरकार को बताना चाहिए, चुनाव का माहौल हो या सामान्य दिन,  एसआईआर और प्रदूषण जैसे गंभीर मुद्दे आज भी हमारे सामने मुंह बहाकर खड़े हैं, इन पर गहरी बातचीत जरूरी है। आखिर संसद किस मकसद से बनी है, संसद कोई तमाशे की जगह नहीं है, जन-समस्याओं को उठाना और उन पर चर्चा करना तमाशा नहीं कहलाता, असली तमाशा, तो तब होता है, जब महत्वपूर्ण विषयों पर संसद में सत्र के दौरान बहस ही न होने दी जाए, विपक्ष के नेताओं को बोलने ही न दिया जाए।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा**
**कांग्रेस सांसद**

# प्रदूषण में कैद होती हमारी पृथ्वी






**श्वेता गोयल**

प्रतिवर्ष 2 दिसम्बर को भोपाल गैस त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों की याद में भारत में राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया जाता है। विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक उस गैस त्रासदी में जहरीली गैस के रिसाव के कारण लाख से भी अधिक लोगों की मौत हो गई थी, हालांकि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मौतों की संख्या 3787 घोषित की गई थी। उस गैस त्रासदी को इतने वर्षों बाद भी पूरी दुनिया में इतिहास की सबसे बड़ी औद्योगिक प्रदूषण आपदा के रूप में जाना जाता है। 1984 की उस गैस त्रासदी के दौरान प्राण गंवाने वाले लोगों को याद करने और प्रदूषण नियंत्रण कृत्यों के महत्व से हर व्यक्ति को अवगत कराने के लिए 2 दिसबर का दिन राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के रूप में चिह्नित किया गया। इस दिन का उद्देश्य प्रदूषण को रोकने में मदद करने वाले कानूनों के बारे में लोगों को जागरूक करना, औद्योगिक आपदाओं के प्रबंधन तथा नियंत्रण के प्रति जागरूकता फैलाना और औद्योगिक प्रक्रियाओं तथा मानवीय लापरवाही से उत्पन्न प्रदूषण को रो. कना है। दरअसल आधुनिकता की अंधी दौड़ में हम पर्यावरण का महत्व भूलते जा रहे हैं। इन दिनों देश के विभिन्न हिस्सों में पर्यावरण प्रदूषण को लेकर जो विकराल स्थिति बरकरार है, ऐसे में इस दिवस का महत्व कई गुना बढ़ जाता है।

देश में प्रदूषण को गंभीरता से नियंत्रित करने और रोकने के लिए कानून में कई धाराएं समाहित हैं, जिनमें 1974 का जल (रोकथाम और प्रदूषण नियंत्रण) अधिनियम, 1977 का जल उपकर अधिनियम, 1981 का वायु अधिनियम, 1986 का पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 का पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1989 का खतरनाक रासायनिक निर्माण, भंडारण और आयात का नियम, 1989 का खतरनाक अपशिष्ट नियम, 1989 का खतरनाक माइक्रो जीव अनुवांशिक इंजीनियर जीवों या कोशिकाओं के निर्माण, भंडारण, आयात, निर्यात और भंडारण नियम, 1996 का रासायनिक दुर्घटनाओं (इमरज. ेंसी, योजना, तैयारी और प्रतिक्रिया) नियम, 1998 का जैव चिकित्सा अपशिष्ट नियम, 1999 का पुनर्नवीनीकरण प्लास्टिक निर्माण और उपयोग नियम, 2000 का ओजोन क्षयकारी पदार्थ नियम, 2000 का ध्वनि प्रदूषण नियम, 2000 का नगरपा. लिका ठोस अपशिष्ट नियम, 2001 बैट्री (मैनेजमेंट और संचालन) नियम, 2006 महाराष्ट्र जैव कचरा नियंत्रण अध्यादेश, 2006 का पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना नियम इत्यादि प्रमुख हैं। इतने सारे अधिनियमों के बावजूद यह विड़म्बना ही है कि देश में प्रदूषण का स्तर निरन्तर बढ़ रहा है और वायु प्रदूषण के मामले में दिल्ली, लखनऊ, कानपुर, आगरा, फरीदाबाद, वाराणसी, गया, पटना, जयपुर, पटियाला इत्यादि भारत के कई शहरों की गिनती अक्सर विश्व के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में होती रही है।

बढ़ते प्रदूषण ने जलवायु परिवर्तन के खतरे को भयावह रूप से तीव्र कर दिया है। हिंदी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित पुस्तक प्रदूषण मुक्त सांसें के अनुसार, औद्योगिकीकरण, जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, वनों की कटाई और शहरीकरण ने वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा बढ़ाकर पृथ्वी के तापमान को असंतुलित कर दिया है। 'लांसेट' जर्नल की रिपोर्ट इस संकट की गंभीरता को रेखांकित करती है। रिपोर्ट के अनुसार विश्व के 30 देशों में जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के चलते कृषि उत्पादन में गिरावट का चरण शुरू हो चुका है, जो न केवल खाद्य सुरक्षा को प्रभावित कर रहा है बल्कि करोड़ों लोगों की आजीविका पर भी प्रत्यक्ष खतरा बन गया है।

यही नहीं, यूरोप और पूर्वी भूमध्यसागरीय क्षेत्र गर्मी के बढ़ते जोखिम की जद में हैं, जहां 65 वर्ष से अधिक आयु वाले लगभग 42 प्रतिशत लोग भीषण तापमान से होने वाले दुष्प्रभावों का सामना कर रहे हैं। वर्ष 2000 से 2017 के दौरान दुनिया के 15 करोड़ से अधिक लोग भीषण गर्मी की चपेट में आए जबकि वर्ष 2017 में यह संख्या 2016 की तुलना में 1।8 करोड़ अधिक थी। उसके बाद से यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। यह स्पष्ट करता है कि यदि प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण के ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन मानव सभ्यता के अस्तित्व के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है।

प्रदूषण आज न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए नासूर बनता जा रहा है, जिसकी वजह से बढ़ती बीमारियों के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर बोझ कई गुना बढ़ता जा रहा है। हवा में मौजूद प्रदूषण के कण न केवल दिल, दिमाग और फेफड़ों पर गंभीर असर डालते हैं बल्कि कैंसर जैसी असाध्य बीमारियों का भी कारण बन रहे हैं। प्रतिवर्ष करीब सात मिलियन लोग वायु प्रदूषण के कारण अपनी जान गंवाते हैं। दुनियाभर में प्रदूषण को लेकर इस समय स्थिति इतनी बदतर है कि प्रत्एक दस में से नौ लोगों को शु( हवा नसीब नहीं हो पाती और यदि समय रहते इन परिस्थितियों पर नियंत्रण करने में सफलता नहीं मिली तो यह तय है कि हमारे आने वाली पीढ़ियां जहरीली हवा में ही सांस लेकर जीवन के दिन काटने को विवश होंगी। प्रदूषण से पैदा होती विकराल वैश्विक स्थिति के बारे में प्रदूषण नियंत्रण के लिए कार्यरत शिकागो के प्रो. माइकल ग्रीनस्टोन कहते हैं कि प्रदूषण किसी भी व्यक्ति के लिए ऐसी समस्या है, जिससे स्वयं को बचाने के लिए वह निजी स्तर पर कुछ विशेष नहीं कर सकता बल्कि यह एक सामूहिक प्रयास है। प्रदूषण को लेकर विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक विश्व की करीब 75 फीसदी आबादी ऐसे क्षेत्रों में रहती है, जहां वायु प्रदूषण का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से ज्यादा है।

प्रदूषण से कम होती औसत आयु और लगातार बढ़ती शारीरिक व्याधियों को लेकर अब लगभग हर वर्ष चिंताजनक रिपोर्टें आ रही हैं। अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के शोधकर्ताओं द्वारा तैयार एयर क्वालिटी लाइफ इंडेक्स (एक्यूएलआई) में तो चौंका देने वाला यह तथ्य भी सामने आया कि भारत के अलावा चीन में भी औसत आयु में कमी आने के पीछे वायु प्रदूषण सबसे बड़ा कारण है, जिसकी इसमें करीब 73 फीसदी भागीदारी है। एक्यूएलआई में औसत आयु पर पड़ने वाले प्रभावों के आधार पर वायु प्रदूषण को दुनियाभर में मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया गया है।

पर्यावरण विशेषज्ञों का मत है कि प्रदूषण से उम्र पर पड़ने वाला प्रभाव धूम्रपान और टीबी जैसी बीमारियों से भी ज्यादा है और यदि प्रदूषण को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों का सख्ती से पालन किया जाए तो लोगों की उम्र में कई वर्ष की बढ़ोतरी हो सकती है। चिंतनीय स्थिति यह है कि प्रकृति ने पृथ्वी को जितना खूबसूरत बनाया है, प्रदूषण से पृथ्वी प्रदत्त वह खूबसूरती बर्बाद हो रही है।

दरअसल दुनिया जितनी तीव्र गति से विकास के मार्ग पर अग्रसर है, उससे भी तेज रफ्तार से प्रदूषण का स्तर बढ़ाने में भी योगदान कर रही है। ऐसे में संजीदगी से प्रदूषण की रोकथाम के गंभीर प्रयास करने की दरकार है क्योंकि यदि प्रदूषण को नियंत्रित नहीं किया गया तो हमारे आने वाली पीढ़ियां बेहद विषैली हवा में सांस लेने को विवश होंगी और इस दुनिया में जन्म लेते ही बच्चे तरह-तरह की बीमारियों के शिकार होंगे। बढ़ते वायु प्रदूषण, गर्म होती धरती और बीमारियों के विस्फोट ने साफ संकेत दे दिए हैं कि पृथ्वी अब और बोझ सहन नहीं कर सकती। यदि अभी कठोर कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को हम एक ऐसी दुनिया सौंपेंगे, जहां सांस लेना भी संघर्ष होगा।

# रहस्यों से भरी है पाषाणकालीन सभ्यता

**बहरहाल ऐसे सिर्फ दो प्रमाण मिले हैं एक रंग के इस्तेमाल के और दूसरा इसे बनाने के प्रयास के। व्यापक इस्तेमाल की पुष्टि के लिए कई और प्रमाण खोजने की जरूरत है। हालांकि कुछ पुरातन चीजों के साथ समस्या यह है कि वे समय के साथ नष्ट हो जाती हैं, ऐसे में व्यापक इस्तेमाल के बावजूद उनके उतने प्रमाण नहीं मिलते। एक बात यह है कि अब तक वैज्ञानिक मानकर चल रहे थे कि पाषाणकालीन लोगों के पास नीला रंग था ही नहीं। यह शोध अब उनके शैलचित्रों या उनकी अन्य कलाकृतियों में नया रंग तलाशने की प्रेरणा देगा।**

मध्यप्रदेश के भोपाल के पास स्थित भीमबेटका शैलाश्रय और होशंगाबाद में स्थित आदमगढ़ की पहाड़ियां पुरापाषाण और नवपाषाण युगीन पुरातात्विक स्थल हैं। ये शैलाश्रय उस युग के मनुष्यों द्वारा बनाए गए शैलचित्रों (रॉक पेंटिंग्स) के लिए प्रसिद्ध हैं और पुरातात्विक महत्व रखते हैं। इनमें तरह-तरह की आकृतियों में बने शैलचित्र मिलते हैंरू शिकार करते मनुष्यों के, उस समय की वनस्पतियों के, जीव-जंतुओं आदि के चित्र मिलते हैं। लेकिन ए चित्र गेरूआ याध्और सफेद रंग से ही बने हैं। और लगभग यही बात प्रागैतिहासिक काल के सभी शैलाश्रयों में दिखती हैंरू विविध तरह की आकृतियों में बनाए गए शैलचित्रों में बस काले, लाल-गेरूए, सफेद और हल्के पीले रंग का ही इस्तेमाल दिखता है। ऐसा लगता था कि इस समय के चित्रकारों के पास नीला रंग था ही नहीं, इसलिए वह चित्रों से भी गायब ही रहा। नीले रंग के इस्तेमाल का पहला प्रमाण आज से 5000 साल पहले की कृतियों में मिलता है, जो मिस्र में नीले रंग के आविष्कार की बात कहता है।

पुरातत्वविदों को प्राचीन कृतियों में नीले रंग के नदारद होने का एक कारण यह लगता है कि गेरूए और काले रंग के विपरीत, नीला रंग प्रकृति में सीधे तौर पर नहीं मिलता। हालांकि कुछ वनस्पतियों से इसे हासिल किया जा सकता है लेकिन इसे हासिल करने के लिए एक लंबी प्रक्रिया करनी पड़ती है और फिर इनसे हासिल रंग समय के साथ उड़ भी जाते हैं। या फिर अफगानिस्तान की खदानों में मौजूद लाजवर्द (Lapis Lazuli) पत्थरों से नीला रंग हासिल किया जा सकता था, लेकिन ऐसा लगता है कि उस समय के लोगों की इस तक पहुंच नहीं थी, लेकिन हाल ही में एंटिक्विटी में प्रकाशित एक अध्ययन बताता है कि नीले रंग का इस्तेमाल अनुमान से कहीं पहले होने लगा थारू लगभग 13,000 साल पहले मध्य जर्मनी के कलाकार नीला रंग अपनी कृतियों में भर रहे थे।  दरअसल 1970 में मध्य जर्मनी के मुलहाइम-डाइटशाइम नामक खुदाई स्थल (जो 13,000 पहले शिकारी-संग्राहक समूह का निवास स्थल था) से लगभग हथेली जैसी आकृति का और उसी जितना बड़ा पत्थर मिला था। इस पत्थर को देखकर पुरातत्वविदों ने इसे दीए के रूप में पहचाना था। उसके बाद से यह संग्रहालय में रखा रहा। कुछ समय पहले जब शोधकर्ता इस पत्थर की दोबारा जांच-पड़ताल कर रहे थे, तब उन्हें इसकी सतह पर नीले रंग के छोटे-छोटे से धब्बे दिखाई दिए। पहले तो लगा कि शायद संग्रहालय के रख-रखाव या सफाई-पुताई के दौरान इस पत्थर में ए धब्बे लग गए हैं, लेकिन जब इन धब्बों की एक्स-रे फ्लोरेसेंस और इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी स्कैनिंग की तो पता चला कि यह कोई आज की रंगाई-पुताई के रंग के धब्बे नहीं हैं बल्कि ये धब्बे तो एजुराइट के रंग हैं, जिससे उन्होंने इस पत्थर पर संभवत: रंग-बिरंगी धारियां बनाई थी। गौरतलब है कि एजुराइट एक दुर्लभ लेकिन प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला नीला खनिज है जो जर्मनी में कई स्थानों पर पाया जाता है। प्रागैतिहासिक मानव बस्तियों के पास से मिले एक साधारण पत्थर पर नीले रंग की उपस्थिति से पता चलता है कि वहां के लोग नीले रंग से वाकिफ थे और इस रंगत के लिए एजुराइट का इस्तेमाल करते थे, लेकिन हो सकता है किसी कारणवश या सांस्कृतिक पसंद के कारण उन्होंने इसका इस्तेमाल शैलाश्रय के चित्रों में नहीं किया। शायद वे नीले रंग का इस्तेमाल लकड़ी, बर्तन या कपड़ों पर चित्रकारी या शरीर पर टैटू के लिए करते होंगे। और ऐसी चीजें समय के साथ नष्ट हो जाती हैं, इसलिए नीले रंग के प्रमाण नहीं मिलते हों और ऐसा लगता है कि सिर्फ जर्मनी में पुरापाषाणकालीन लोग ही नीले रंग का इस्तेमाल नहीं करते थे, बल्कि उससे काफी पहले के जॉर्जियावासी भी करते थे। दरअसल जॉर्जिया के एक खुदाई स्थान से प्राप्त 33,000 साल पुराने सिल-बट्टे के पत्थर पर नीला रंग देने वाले पौधे (नील का पौधा, Isatis tinctoria) के अवशेष मिले हैं। गौरतलब है कि नील के पौधे को खाया नहीं जाता है। चूंकि इससे किसी तरह का पोषण नहीं मिलता है इसलिए सिल-बट्टे के पत्थर पर इसे पीसने के प्रमाण मिलना इसके भोजन के इतर किसी उपयोग की ओर इशारा करता है। हम यह भी जानते हैं कि इस पौधे से नीला रंग बनाने के लिए सबसे पहले इसकी पत्तियों को कूटना-पीसना पड़ता है। और सिल-बट्टे पर नील के अवशेष दर्शाते हैं कि जॉर्जियावासियों ने भले ही नीले रंग का इस्तेमाल किया हो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बच्चों का हास-परिहास से जुड़ा है उनका प्रारंभिक विकास

हास्य-विनोद इंसानी व्यक्तित्व का बहुत पुराना और रोचक पहलू है। बच्चे पूरे वाक्य बोलने या किताब पढ़ने से पहले ही हंसी-मजाक और शरारतें करने लगते हैं। यह उनके विकास, दूसरों से जुड़ाव और बुद्धिमत्ता से जुड़ा होता है। शोध बताता है कि बच्चे जन्म के कुछ ही महीनों बाद मुस्कराने और थोड़े समय बाद हंसने लगते है। शुरू में वे सरल खेलों से मजा लेते हैं, जैसे आंख-मिचौली, गुदगुदी या टेढ़े-मेढ़े चेहरे बनाना। फिर वे अजीब जगहों पर छिपने का नाटक, उछल-कूद या चीजों को खिलौने बना कर मजा लेने लगते हैं। धीरे-धीरे बच्चे और उन्नत हास्य करने लगते हैं जैसे चिढ़ाना, भूमिकाएं निभाना, बेतुके शब्द बोलना और अंत में शब्दों के खेल और चुटकुले समझना। मनोवैज्ञानिकों ने इसे अर्ली ह्यूमर सर्वे जैसे शोधों में दर्ज किया है। इससे स्पष्ट होता है कि बच्चे अचानक मजाकिया नहीं बन जाते बल्कि धीरे-धीरे यह कौशल विकसित करते हैं, जो आगे चलकर उनकी सोच और संवाद की क्षमता को मजबूत बनाता है। हास्य सिर्फ मनोरंजन नहीं है, बल्कि यह सीखने और सामा. जिक विकास का एक महत्वपूर्ण जरिया है। जब कोई बच्चा मजाक या चुटकुला समझता है, तो उसे कई बातों पर ध्यान देना पड़ता है, जैसे किसी चीज का सामान्य उपयोग क्या है, उसमें क्या अलग या अजीब किया गया है और क्यों वह मजेदार लग रहा है। इसका मतलब है कि बच्चा चीजों को केवल अपनी नजर से नहीं बल्कि दूसरों के दृष्टिकोण से भी देखना सीखता है। मनोवैज्ञानिक इसे थ्योरी ऑफ माइंड कहते हैं। जो बच्चे ज्यादा मजाक करते हैं या खेल-खेल में हंसी-मजाक करते हैं, वे सामाजिक और मानसिक रूप से ज्यादा तेजी से विकसित होते हैं। वे जल्दी सीखते हैं, बेहतर संवाद करते हैं और अच्छे रिश्ते बना पाते हैं।

हंसी-विनोद हमारे रिश्तों को मजबूत करने का काम करते हैं। मनोवैज्ञानिक रॉबर्ट प्रोवाइन के अध्ययन में पाया गया कि हम दूसरों के साथ रहते हुए लगभग 30 गुना अधिक हंसते हैं। दिलचस्प बात यह है कि हम केवल 20 प्रतिशत मजाक या चुटकुलों पर हंसते है, बकाया तो आम बातचीत के दौरान हंसते हैं। यानी हंसी जुड़ाव, भरोसे और अपनेपन से जुड़ा मामला है।

यह आदत सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं है। चिम्पैंजी और गोरिल्ला जैसे अन्य प्राइमेट भी खेलते समय हंसी जैसी हरकतें दिखाते हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि शुरू में हंसी का विकास 'सोशल ग्रूमिंग' के लिए हुआ था। क्योंकि शारीरिक ग्रूमिंग जैसे एक-दूसरे को साफ करना छोटे समूहों तक सीमित था और समय लेता था, हंसी शायद एक आसान और तेज तरीका बनी जिससे बड़े समूहों में भी अपनापन बढ़ सके। मनुष्यों में हंसी और भी मजबूत भूमिका निभाती है। यह दो तरह की होती है। एक, स्वाभाविक हंसी (जब हमें सच में कुछ मजेदार लगता है। दूसरी, जान-बूझकर की गई हंसी जिसे हम दोस्ती जताने, तनाव घटाने या रुचि दिखाने के लिए करते हैं। दोनों ही तरह की हंसी लोगों को जोड़ने और समूहों को एकजुट रखने में अहम भूमिका निभाती है। वैज्ञानिक कहते हैं कि इंसानी हंसी हमारी निहायत नैसर्गिक अभिव्यक्तियों में से एक है। इंसानों की खासियत यह है कि हम केवल खेल-खेल में नहीं, बल्कि व्यंग्य, कटाक्ष और यहां तक कि गहरी दार्शनिक बातों पर भी हंस सकते हैं। यह दिखाता है कि हास्य मानव स्वभाव की बुनियादी विशेषता है। इतिहास में कई दार्शनिकों ने इंसान की अनोखी पहचान को परिभाषित करने की कोशिश की है-अरस्तू ने इसे तार्किकता का नाम दिया, विट्गेंस्टाइन ने इसे भाषा बताया और सार्त्र ने स्वतंत्र निर्णय। लेकिन हास्य की सर्वव्यापकता और बच्चों द्वारा इसे इतनी जल्दी अपनाना यह संकेत देता है कि हास्य हमारी पहचान के लिए उतना ही जरूरी है जितनी तार्किकता या भाषा। कहना गलत न होगा कि हम हंसते हैं इसलिए हम इंसान हैं।

**सीखने में हास्य का महत्व**

हास्य सीखने को आसान और मजेदार बना देता है। शोध बताते हैं कि यदि बच्चों को पढ़ाते समय हंसी-मजाक का इस्तेमाल किया जाता है तो बच्चे जल्दी और बेहतर सीखते हैं। यहां तक कि खबरें भी मजेदार अंदाज में सुनाई जाएं तो लोग उन्हें ज्यादा दिलचस्पी से सुनते हैं। बच्चों द्वारा हास्य और कल्पना को मिलाना भी सीखने का हिस्सा है। जैसे केले को फोन बनाना या अजीब से शब्द गढ़ना- यह केवल खेल नहीं बल्कि रचनात्मकता की शुरुआत हैं। हास्य बच्चों को सुरक्षित और मजेदार तरीके से नियम तोड़ने का मौका देता है, जिससे वे नई बातें सोच पाते हैं और आगे बढ़ते हैं। धीरे-धीरे यही खेल-खेल में किया गया हास्य उन्हें कहानी कहने, नकल करने और गहराई से सोचने की क्षमता तक ले जाता है। हालांकि बच्चों में हास्य बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन इस पर उतना शोध नहीं हुआ है जितना अन्य मनोवैज्ञानिक विषयों पर हुआ है।



इसका कारण यह है कि छोटे बच्चे अक्सर कहे जाने पर मजाक नहीं करते और शोधकर्ताओं के सामने शर्माते भी हैं। कभी-कभी उनका हास्य समझना भी मुश्किल होता है। फिर, कुछ विद्वान हास्य को हल्का-फुल्का विषय मानते हैं और शोध के लायक नहीं समझते। लेकिन हाल के अध्ययनों ने इस सोच को बदला है। एलेना होइका जैसे मनोवैज्ञानिकों ने बच्चों के हास्य के विकास को बारीकी से ट्रैक किया और दिखाया कि यह उनके मानसिक विकास से जुड़ा है। यानी यह केवल हंसी-मजाक नहीं है, बल्कि बच्चों के विकास में गंभीर और अहम भूमिका निभाता है। बहरहाल, हास्य का महत्व सिर्फ बचपन के विकास या सामाजिक रिश्तों तक सीमित नहीं है। इसकी असली ताकत यह है कि यह हमें इंसान बनाता है। हास्य हमें दुनिया को अलग नजरिए से देखने, नियमों पर सवाल उठाने, दूसरों से जुड़ने और समाज निर्माण की क्षमता देता है। यह हमारी बुद्धि, रचनात्मकता और खुश रहने की क्षमता को दर्शाता है।

**-स्रोत फीचर्स**



कोलंबो। श्रीलंका में आई बाढ़ के बाद आबादी में भरे पानी से गुजरते लोग।

## दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति की लोकप्रियता बढ़कर हुई 71.1 प्रतिशतः रिपोर्ट

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्यूंग की लोकप्रियता में पिछले एक हफ्ते में 2.1 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। एक साप्ताहिक सर्वेक्षण में इसका दावा किया गया। सर्वेक्षण के अनुसार, म्यूंग की लोकप्रियता पिछले सप्ताह के 71.1 प्रतिशत से बढ़कर 73.2 प्रतिशत हो गई है। दूसरी ओर, सरकारी मामलों में ली के काम के बारे में नकारात्मक विचार 1.9 प्रतिशत घटकर 27.9 प्रतिशत हो गए हैं। जापान की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी का समर्थन 1.6 प्रतिशत बढ़कर 56.2 प्रतिशत हो गया, जबकि विपक्ष में बैठी दक्षिणपंथी पीपल पावर पार्टी का 'स्वीकृति स्कोर' 4.5 प्रतिशत अंक घटकर 24.5 प्रतिशत ही रह गया।

## जापान में तकाइची सरकार की लोकप्रियता पहुंची 75 प्रतिशतः रिपोर्ट

**टोक्यो।** जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री सनाए तकाइची की सरकार की लोकप्रियता लगातार बढ़ते हुए नवम्बर माह में 75 प्रतिशत पहुंच गई है। निक्केई बिजनेस अखबार और टीवी टोक्यो कॉर्पोरेशन ने सोमवार को प्रकाशित एक सर्वेक्षण में यह दावा किया। पिछले महीने जारी हुए सर्वेक्षण की तुलना में सरकार की 'स्वीकृति रेटिंग' एक प्रतिशत बढ़ी है, जबकि सरकार पर भरोसा न करने वाले लोगों की संख्या एक प्रतिशत घटकर 18 प्रतिशत हो गई है। सर्वेक्षण के अनुसार, सरकार की प्राथमिकता महंगाई को कम करने के लिए योजनाएं बनाना है, जबकि 32 प्रतिशत का मानना है कि उसका काम आर्थिक विकास है।

# हसीना को प्लॉट कब्जाने के मामले में 26 साल की सजा

### विशेष अदालत ने ब्रिटिश सांसद रही भांजी और छोटी बहन को भी जेल की सजा सुनाई, तीनों दोषी करार

**ढाका।** बांग्लादेश में पूर्व पीएम शेख हसीना को जमीन कब्जाने के मामले में कुल 26 साल की सजा सुनाई जा चुकी है। ढाका की विशेष अदालत ने सोमवार को पुरबाचल न्यू टाउन प्रोजेक्ट में प्लॉट आवंटन में गड़बड़ी मामले में 5 साल की सजा सुनाई। बांग्लादेश के एंटी-करप्शन कमीशन (एसीसी) ने जनवरी में इस मामले में हसीना के खिलाफ 6 मामले दर्ज किए थे। यह चौथा मामला है, जिसमें हसीना को सजा सुनाई गई है।

इससे पहले शेख हसीना को 3 मामलों में 21 साल जेल की सजा सुनाई जा चुकी है। हसीना के अलावा उनकी छोटी बहन शेख रेहाना को 7 साल की सजा हुई। वहीं, शेख हसीना की भांजी (ब्रिटेन की सांसद रह चुकी) ट्यूलिप रिजवाना सिद्दीक को 2 साल की कैद की सजा मिली है। फिलहाल तीनों दोषी बांग्लादेश से फरार हैं। शेख हसीना 5 अगस्त 2024 को तख्तापलट के बाद इस्तीफा देकर भारत आ गई थी। ट्यूलिप और शेख रेहाना पर 1 लाख टका का जुर्माना भी लगाया गया है। इसे न चुकाने पर उन्हें 6 महीने की जेल एक्स्ट्रा जेल हो सकती है। मामले के अन्य 14 आरोपियों को 5–5 साल की सजा दी गई है। यह फैसला ढाका के स्पेशल कोर्ट-4 के जज मोहम्मद रबीउल आलम ने सुबह 11 बजे सुनाया। शेख हसीना को 27 नवम्बर को पुरबाचल न्यू टाउन प्रोजेक्ट से जुड़े दो मामलों में सजा मिलना अभी बाकी है। ये मामले एसीसी ने 12–14 जनवरी 2025 के बीच दर्ज किए गए थे। मार्च 2025 में चार्जशीट दाखिल हुई। जुलाई 2025 में आरोप तय हुए और 29 लोगों की गवाही के बाद फैसला आया। पुरबाचल न्यू टाउन प्रोजेक्ट मामले में कुल 17 लोगों पर आरोप लगाया गया था। इन पर आरोप है कि ट्यूलिप ने ब्रिटेन की सत्तारूढ़ लेबर पार्टी की सांसद होने का दबाव डालकर प्लॉट हासिल किए। ट्यूलिप ने अपनी मां शेख रेहाना, बहन अजमीना सिद्दीक और भाई रदवान मुजीब सिद्दीक के नाम पर 7 हजार स्क्वायर फीट के प्लॉट गलत तरीके से लिए। वर्तमान मुकदमे में सिर्फ शेख रेहाना को मिले प्लॉट का मामला शामिल था, इसलिए अजमीना और रदवान को इसमें आरोपी नहीं बनाया गया। उनके खिलाफ दो अलग मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इस मामले में शेख हसीना, शेख रेहाना और ट्यूलिप सिद्दीक के अलावा आवास एवं लोक निर्माण मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी, आरएजेयूक के पूर्व सदस्य, पूर्व राज्य मंत्री शरीफ अहमद और हसीना के निजी सचिव भी आरोपी थे। इनमें से अधिकांश लोग अभी फरार हैं और केवल एक आरोपी खुर्शीद आलम जेल में हैं। शेख हसीना की सरकार के गिरने के बाद उनके परिवार के खिलाफ भ्रष्टाचार के दर्जनों मामले सामने आए हैं, जिनमें यह सजा सबसे चर्चित फैसलों में से एक है।

**■ इससे पहले शेख हसीना को 3 मामलों में 21 साल जेल की सुनाई जा चुकी है, हसीना के अलावा उनकी छोटी बहन शेख रेहाना को 7 साल की सजा हुई**



## संक्षिप्त समाचार

### रूस ने तेल टैंकरों और बंदरगाह पर यूक्रेन के हमलों की निंदा की

**मास्को।** रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने काला सागर में दो तेल टैंकरों और एक बंदरगाह पर हाल ही में हुए यूक्रेनी हमलों की निंदा की। मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार श्रीमती जखारोवा ने कहा कि गाम्बिया के झंडे तले रूसी बंद. रगाह नोवोरोसिस्स्क जा रहे दो टैंकरों पर शुक्रवार और शनिवार को हमले में मानवरहित नावों का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी खुफिया सेवाओं ने इन हमलों की जिम्मेदारी ली है।

### यूक्रेन ने दो टैंकरों पर हमले की जिम्मेदारी ली

**कीव।** यूक्रेन ने तुर्की तट से दूर काला सागर में दो टैंकरों पर नौसैनिक ड्रोन हमलों की जिम्मेदारी ली है। ब्रिटिश अखबार द गार्जियन ने यूक्रेनी खुफिया सेवाओं के एक सूत्र के हवाले से यह जानकारी दी। शुक्रवार को तुर्की समुद्री प्राधिकरण ने बताया कि गाम्बिया झंडे वाले टैंकर कैरोस में तुर्की तट से 28 मील दूर काला सागर में किसी बाहरी हमले के कारण आग लगी। जहाज पर सवार 25 क्रू सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया। इसके बाद टैंकर विराट के क्रू ने सूचना दी कि तुर्की तट से 35 मील दूर उनके जहाज पर भी हमला हुआ है।

### काला सागर के तट पर लगातार नजर बनाए हुए है तुर्की

**अंकारा।** तुर्की के तट के करीब काला सागर में हाल में दो टैंकरों पर हुए हमले के मामले में तुर्की के अधिकारियों ने कहा कि उनका देश काला सागर में सुरक्षा स्थिति की लगातार निगरानी कर रहा है और दूसरे देशों से संपर्क बनाए हुए है। तुर्की के आधिकारिक सूत्र ने सोमवार को रूसी संवाद समिति स्पुतनिक को बताया कि सुरक्षा स्थिति नियंत्रण में है और क्षेत्र के सभी देशों के साथ संपर्क बनाए रखा गया है। हम मीडिया से भी आधिकारिक बयानों का ही संदर्भ लेने का आग्रह करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि तुर्की के अधिकारियों को टैंकरों पर हमलों के कारण पर्यटकों की समस्याओं के बारे में 'टूर ऑपरेटरों' से कोई शिकायत नहीं मिली है।

### ऑस्ट्रेलिया में जंगल में आग, घर छोड़ने को मजबूर लोग

**सिडनी।** पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के गेराल्डटन शहर के तटीय इलाकों में जंगल की आग फैल जाने के कारण स्थानीय लोगों के लिए कई आपातकालीन चेतावनियां जारी की गई हैं। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के अग्नि एवं आपातकालीन सेवा विभाग ने अब तक ब्लफ पॉइंट, स्पॉलडिंग, सनसेट बीच और क्राउथर्न स्ट्रीट, चैपमैन वैली रोड, कोस्टलाइन और स्पैल्डिंग पार्क गोल्फ कोर्स जैसे आसपास के इलाकों के लिए चेतावनी जारी की है।

# मुनीर को सेना सुप्रीम बनाने से बच रहे शहबाज

### सीडीएफ बनाने से पहले पाकिस्तानी पीएम बिना बताए लंदन रवाना, दावाः जानबूझकर देरी कर रहे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को तीनों सेनाओं का सुप्रीम यानी चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) बनाने की प्रोसेस अटक गई है। मुनीर को सीडीएफ बनाने के लिए 29 नवम्बर तक नोटिफिकेशन जारी होना था, लेकिन पीएम शहबाज शरीफ ने अब तक इस पर साइन नहीं किए हैं। इससे पहले ही शहबाज 26 नवम्बर को बहरीन चले गए थे, फिर 27 नवम्बर को अनौपचारिक यात्रा पर लंदन रवाना हो गए।

मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि शहबाज शरीफ ने खुद को इस प्रक्रिया से इसलिए दूर कर लिया है, ताकि उन्हें आसिम मुनीर की नई नियुक्ति वाले आदेश पर साइन न करने पड़ें। पाकिस्तानी संसद ने 12 नवम्बर को सेना की ताकत बढ़ाने वाला 27वां संवैधानिक संशोधन पास किया था। इसके तहत आसिम मुनीर को तीनों सेनाओं का सुपर चीफ यानी सीडीएफ बनाया जाना था। इस पद के मिलते ही उन्हें पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की कमान भी मिल जाती यानी वे देश के सबसे ताकतवर शख्स बन जाते। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद आर्मी चीफ मुनीर तीनों सेनाओं के डिफेंस चीफ बन जाएंगे। कानूनी विशेषज्ञों के मुताबिक, 27 नवम्बर का पुराना पद खत्म होने के साथ ही 28 या 29 नवम्बर तक नई नोटिफिकेशन जारी होना जरूरी था। 29 नवम्बर 2022 को जनरल आसिम मुनीर को सेना प्रमुख नियुक्त किया गया था। उनका मूल कार्यकाल तीन साल का था, यानी 28 नवम्बर 2025 को खत्म हो गया। पिछले साल ही संसद ने कानून पास करके सेना प्रमुख का कार्यकाल 3 से बढ़ाकर 5 साल कर दिया था। इसलिए कानूनी रूप से उनका पद खतरे में नहीं था। फिर भी संविधान संशोधन के बाद नया नोटिफिकेशन जरूरी था। पिछले महीने हुए संविधान संशोधन में चेयरमैन जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी (सीजेसीएससी) की जगह सीडीएफ पद बनाया गया जो तीनों सेनाओं के बीच तालमेल रखेगी। सीजे. 'सीएससी शाहिद शमशाद मिर्जा के 27 नवम्बर को रिटायर हो जाने के बाद अब तक आसिम मुनीर सीडीएफ नहीं बन पाए हैं। इस बीच भारत के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (एनएसएबी) के सदस्य तिलक देवाशेर ने एएनआई से बातचीत में दावा किया है कि पीएम शहबाज शरीफ ने जानबूझकर ऐसा किया। देवाशेर ने चिंता जताई कि आसिम मुनीर अपनी ताकत दिखाने के लिए भारत के खिलाफ कोई तनाव पैदा करने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भले ही आधिकारिक रूप से यह साफ न हो कि मुनीर अब आर्मी चीफ हैं या नहीं, फिर भी उनके पास इतना असर है कि वे कुछ भी करवा सकते हैं। देवाशेर के अनुसार, पाकिस्तान खुद इस बात को लेकर अनिश्चित है कि आर्मी चीफ कौन है और अगर मुनीर के मन में भारत पर दबाव बनाने या कोई घटना भड़काने का विचार आ गया तो हालात और खतरनाक हो जाएंगे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के अध्यक्ष नवाज शरीफ 12 नवम्बर को नेशनल असेंबली के सत्र में मौजूद रहे।

रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने एक्स पर पोस्ट करके बताया कि सीडीएफ की नोटिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जल्द ही नोटिफिकेशन जारी होगा। हालांकि सरकार ने यह नहीं बताया कि आखिर 29 नवम्बर को नोटिफिकेशन क्यों नहीं जारी हुआ। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ आज (सोमवार) दोपहर तक इस्लामाबाद पहुंच रहे हैं। डॉन के मुता. बिक, उनके लौटते ही कैबिनेट डिवीजन सीडीएफ की नोटिफिकेशन को अंतिम रूप देगा और आज शाम या कल सुबह तक इसे जारी कर दिया जाएगा। विपक्षी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने मामले को लेकर टिप्पणी की। पार्टी ने कहा कि यह देरी साबित करती है कि शहबाज शरीफ के पास अब सेना पर कंट्रोल नहीं रहा।



**■ पाक संसद ने 12 नवम्बर को सेना की ताकत बढ़ाने वाला 27वां संवैधानिक संशोधन पास किया था ■ 29 नवम्बर 2022 को मुनीर को सेना प्रमुख नियुक्त किया गया था**

## आर्मी के हाथों में है पाक की परमाणु कमांड

**इस्लामाबाद।** 27वें संविधान संशोधन का एक बहुत खास हिस्सा है नेशनल स्ट्रैटजिक कमांड (एनएसएस) का गठन। यह कमांड पाकिस्तान के परमाणु हथियारों और मिसाइल सिस्टम की निगरानी और नियंत्रण करेगी। अब तक यह जिम्मेदारी नेशनल कमांड अथॉरिटी (एनसीए) के पास थी, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते थे, लेकिन अब से एनएसएस के पास इसकी जिम्मेदारी हो जाएगी। एनएसएस का कमांडर भले ही प्रधानमंत्री की मंजूरी से नियुक्त होगा, लेकिन यह नियुक्ति सेना प्रमुख (सीडीएफ) की सिफारिश पर ही होगी। सबसे जरूरी यह पद सिर्फ आर्मी के अफसर को ही दिया जाएगा। इससे देश के परमाणु हथियारों का नियंत्रण अब पूरी तरह सेना के हाथ में चला जाएगा। पाकिस्तान में हुए संविधान संशोधन को लेकर संयुक्त राष्ट्र चिंता जता चुका है। यूएन ह्यूमन राइट एजेंसी (यूएनएचआर) के हाई कमिश्नर वोल्कर टर्क ने चेतावनी दी है कि 27वां संविधान संशोधन न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर कर सकता है।

# इजरायल ने की सुरंग में फंसे 40 हमास लड़ाकों की हत्या

**■ लड़ाके गाजा के दक्षिणी शहर राफा की सुरंगों में पिछले नौ महीनों से फंसे थे, इजरायल ने बाहर निकलने नहीं दिया**

**गाजा/तेल अवीव।** इजरायल ने दावा किया है कि उसने सुरंग में फंसे 40 हमास लड़कों को मार दिया है। ये लड़ाके गाजा के दक्षिणी शहर राफा की सुरंगों में मौजूद थे। इजरायली सेना ने रविवार रात बयान जारी कर बताया कि हथियारबंद लड़ाकों को खत्म करने के लिए राफा में मौजूद सुरंगों को नष्ट किया जा रहा है। पिछले हफ्ते सुरंगों के अंदर 40 से ज्यादा लड़ाके मारे गए हैं। इजरायल इससे पहले भी राफा में कई लड़ाकों को मारने और गिरफ्तार करने का दावा कर चुका है।

हालांकि हमास ने इन दावों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इजरायली मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राफा की जमीन के नीचे पिछले 9 महीनों से (मार्च से) करीब 200 हमास लड़ाके फंसे हुए हैं। हमास की मांग के बावजूद इजरायल उन्हें बाहर निकलने के लिए रास्ता देने को तैयार नहीं है। रॉयटर्स ने पिछले महीने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि राफा में मौजूद हमास के लड़ाके, जिनसे पिछले 7–8 महीने से संपर्क नहीं हो पाया है, शायद यह भी नहीं जानते कि अब सीजफायर लागू हो चुका है। उनमें से एक ने कहा कि उन लड़ाकों को वहां से निकालना सीजफायर को बनाए रखने के लिए जरूरी है। पिछले महीने 6 नवम्बर को इजरायल और हमास के बीच एक समझौते का प्रस्ताव दिया था। इसमें कहा गया था कि हमास के लड़ाकों को सुरक्षित निकलने का रास्ता दिया जाए। इजरायल उन्हें मारने के बजाय किसी तीसरे देश या गाजा के दूसरे हिस्से में जाने का मौका दे। हालांकि इजरायल इसके लिए राजी नहीं हुआ है। राफा में सुरंगों से बाहर निकलने के रास्तों को इजरायली सेना सीमेंट भरकर बंद कर रही है। सीजफायर समझौते के तहत लड़ाकों को छोड़ने के बदले में हमास के लड़ाके हथियार डाल दें और गाजा के नीचे बनी सुरंगों की पूरी जानकारी देंगे। ताकि इजरायल उन्हें नष्ट कर पाएगा। इस डील से मिस्र चाहता था कि युद्धविराम कायम रहे, क्योंकि राफा में लड़ाई बढ़ने से फिर से युद्ध छिड़ सकता था। यह प्रस्ताव अमेरिका और कतर की जानकारी में था, ताकि गाजा में चल रहे संघर्षविराम को बचाया जा सके। इस पर अब तक हमास ने कोई जवाब नहीं दिया है। इजरायल ने भी यह प्रस्ताव ठुकरा दिया है।

## पाकिस्तान की फ्रंटियर कॉर्प्स हेडक्वार्टर पर आत्मघाती हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में रविवार देर रात नोककुंडी स्थित फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) के हेडक्वार्टर पर सुसाइड अटैक हुआ। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, मेन गेट के पास एक सुसाइड बॉम्बर ने खुद को उड़ा लिया।

धमाका इतना जोरदार था कि गेट टूट गया। इसके बाद 6 हथियारबंद लड़ाके अंदर घुस आए। सुरक्षा बलों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई शुरू की। भारी गोलीबारी के बाद 3 हमलावरों की मौत हो गई। वहीं, डॉन के ही कुछ सूत्रों ने 6 हमलावरों के मारे जाने का दावा किया है। इस बीच, पंजगुर जिले के गुरमाकन इलाके में भी एक एफसी चेकपोस्ट पर हमला हुआ। एफसी के प्रवक्ता ने दावा किया कि दोनों अटैक बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने किया है। कुछ घंटे पहले इसी इलाके में एक दिन में लगातार 7 धमाके हुए थे। संदिग्ध उग्रवादियों ने क्वेटा और डेरा मुराद जमाली में कई जगहों को निशाना बनाया।

धमाकों में किसी की मौत नहीं हुई। शनिवार को क्वेटा में पुलिस चेकपोस्ट पर हैंड ग्रेनेड से हमला किया गया। इसके बाद एंटी-टेररिज्म डिपार्टमेंट (एटीडी) की गाड़ी के पास आईईडी ब्लास्ट हुआ। शाम तक तीन और धमाके हुए। क्वेटा के एसएसपी आसिफ खान के मुताबिक, सरियाब रोड पर निर्माण कंपनी के कैंप पर हथियारबंद लोगों ने ग्रेनेड फेंके, जिसमें दो गार्ड जख्मी हुए।

# इमरान की बहन के भारत में इंटरव्यू से पाक खफा

### सूचना मंत्री बोलेः देश की बुराई करने पर शर्म आनी चाहिए, मोदी को बुरा कहना चाहिए था

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने इमरान खान की बहन नोरीन खान नियाजी के भारतीय मीडिया को दिए इंटरव्यूज पर नाराजगी जताई है।

तरार ने कहा कि नोरीन ने पाकिस्तान की छवि खराब की है, देश की बुराई करने वालों को शर्म आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नोरीन ने भारत से जुड़े किसी मुद्दे जैसे कश्मीर या भारत में मुसलमानों की हालत पर कुछ नहीं कहा। तरार ने यह भी पूछा कि नोरीन ने भारतीय चैनल पर जाकर मोदी सरकार की बुराई क्यों नहीं की। नोरीन ने हाल ही में न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए पाकिस्तानी सेना चीफ आसिम मुनीर को तानाशाह बताया था। उन्होंने कहा था कि ट्रम्प ने हमारे देश के तानाशाह असीम मुनीर को अपना बहुत अच्छा दोस्त बताया था। असीम मुनीर अब बड़ी ताकत हैं। हालांकि पाकिस्तान में पहले भी तानाशाह आ चुके हैं और उनका अंजाम अच्छा नहीं हुआ। तरार के मुताबिक नोरीन के इंटरव्यू में सिर्फ इतना कहा कि इमरान एक भ्रष्टाचार के मामले में कैदी हैं और उनके साथ जेल में गलत व्यवहार हो रहा है, जबकि उनसे उम्मीद थी कि वे पाकिस्तान के मुद्दों की बात करतीं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इमरान खान का परिवार और उनकी पार्टी पाकिस्तान के खिलाफ बयान देते हैं। तरार का कहना है कि भारतीय मीडिया जानबूझकर इमरान के परिवार को मंच दे रहा है ताकि पाकिस्तान की छवि खराब हो। तरार ने यह भी दावा किया कि 9 मई 2023 को इमरान की पहली गिरफ्तारी के बाद हुई हिंसा में इमरान की तीनों बहनें शामिल थीं।

उनका कहना है कि वे कोर कमांडर के घर तक गई थीं और वीडियो में भी दिखाई देती हैं। उनके मुताबिक यह भी एक सबूत है। अताउल्लाह तरार ने आरोप लगाया कि भारतीय मीडिया पाकिस्तान की इमेज खराब करने के लिए इमरान की बहनों को मंच दे रहा है। तरार ने नोरीन से पूछा कि उन्हें भारत के टीवी चैनल पर जाकर शिकायत करने की क्या जरूरत थी। उनके मुताबिक, नोरीन ने भारतीय मीडिया को इंटरव्यू सरकार की उपलब्धियों से लोगों का ध्यान हटाने के लिए दिया।



**■ ट्रम्प ने हमारे देश के तानाशाह असीम मुनीर को अपना बहुत अच्छा दोस्त बताया थाः नोरीन**

## वायुसेना श्रीलंका से 335 भारतीय नागरिकों को तिरुवनंतपुरम लाई

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय वायुसेना ने बाढ़-प्रभावित श्रीलंका से भारतीयों को निकालने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन 'सागर बंधु' के तहत मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रयासों को तेज करते हुए 335 नागरिकों को सुरक्षित निकाला है। भारतीय वायुसेना ने श्रीलंकाई प्राधिकारियों के साथ समन्वय में काम करते हुए भूस्खलन प्रभावित कोटमाले क्षेत्र में बड़े बचाव और निकासी अभियान चलाए हैं, यह क्षेत्र सड़क संपर्क टूटने के कारण पूरी तरह से अलग-थलग पड़ा हुआ है। भारतीय वायुसेना ने रविवार रात श्रीलंका से 335 भारतीय नागरिकों को हवाई मार्ग से तिरुवनंतपुरम पहुंचाया और आपदा प्रभावित क्षेत्रों से उनकी सुरक्षित निकासी सुनिश्चित की।

# नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिशें नाकाम कीं

### कश्मीर फ्रंटियर के महानिरीक्षक अशोक यादव ने कहाः ऑपरेशन सिंदूर में बड़ी सफलता हासिल की

**श्रीनगर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कश्मीर फ्रंटियर ने सोमवार को कहा कि उसने सेना के साथ गहन तालमेल के चलते नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की हर कोशिश को न केवल नाकाम किया, बल्कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तानी चौकियों और आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए गए और भारी नुकसान पहुंचाया गया।

श्रीनगर के बाहरी इलाके हुमहामा में वार्षिक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बीएसएफ कश्मीर फ्रंटियर के महानिरीक्षक अशोक यादव ने कहा कि बल भारतीय सेना के साथ तालमेल बिठाकर कश्मीर में नियंत्रण रेखा के 343 किलोमीटर क्षेत्र पर प्रभावी रूप से प्रभुत्व जमाए हुए है। यादव ने कहा कि इस वर्ष बल ने बड़ी संख्या में ऑपरेशनल उपलब्धियां हासिल कीं, जो सेना और अन्य सहयोगी एजेंसियों के साथ घनिष्ठ समन्वय और तालमेल से हासिल की गईं। बीएसएफ ने सेना के साथ मिलकर नियंत्रण रेखा पर प्रभावी और प्रभावशाली प्रभुत्व सुनिश्चित किया, जिससे इस वर्ष कश्मीर घाटी से घुसपैठ की सभी कोशिशें नाकाम कर दी गईं। उन्होंने कहा कि 2025 के दौरान बीएसएफ और सेना की संयुक्त टीमों की सीमा पर कड़ी निगरानी के चलते चार प्रयासों में आठ घुसपैठिए मारे गए। ऑपरेशन सिंदूर को इस वर्ष बल की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि बताते हुए यादव ने कहा कि 6 से 10 मई तक चलाए गए पहले चरण में पाकिस्तानी चौकियों और आतंकवादी ठिकानों पर समन्वित गोलाबारी की गई। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के साथ मिलकर बीएसएफ इकाइयों ने नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी चौकियों और आतंकवादी ठिकानों पर प्रभावी ढंग से गोलाबारी की और मजबूत, सटीक और पेशेवर प्रतिक्रिया दिखाई। कश्मीर फ्रंटियर की सभी बीएसएफ इकाइयां, जिनमें आर्टिलरी रेजिमेंट भी शामिल हैं, ने दुश्मन की चौकियों और बंकरों पर भारी और सटीक गोलाबारी की, जिससे पाकिस्तानी सैनिकों को भारी नुकसान हुआ, उनकी अग्रिम चौकियों को भारी नुकसान पहुंचा और नियंत्रण रेखा पर आतंकवादियों के कुछ ठिकानों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया।

**■ 2025 के दौरान बीएसएफ और सेना की संयुक्त टीमों की सीमा पर कड़ी निगरानी के चलते चार प्रयासों में आठ घुसपैठिए मारे गए**

